MADRAS UNIVERSITY HINDI DEPARTMENT

PUBLICATION No. 2.

General Editor

Sahitya Ratna,

Dr. S. SHANKAR RAJU NAIDU, M.A., Ph.D., F.R.A.S. (London)

Honours in Hindi,

Professor & Head of the Department of Hindi,
University of Madras.

TIRUKKURAL

OF

TIRUVALLUVAR

IN

HINDI

TIRUKKURAL

OF

TIRUVALLUVAR

IN

HINDI

Sahitya Ratna,

Dr. S. Shankar Raju Naidu, M.A., Ph.D., F.R.A.S. (London),

Honours in Hindi,

Professor & Head of the Department of Hindi,

University of Madras.

FOREWORD

Dr. Sir A. Lakshmanaswami Mudaliar,

M.D., LL.D., D.Sc., D.C.L. (Oxon.), F.R.C.O.G., F.A.C.S.,

Vice-Chancellor,

University of Madras.

UNIVERSITY OF MADRAS

MADRAS

1958

मद्रास विश्वविद्यालय – हिन्दी विभाग – पुष्प २.

तिरुवळ्ळुवर

कृत

तिरुक्कुरळ

डा. सु. शंकर राजू नायुडु,
एम. ए., पी-एच. डी., एफ. आर. ए. एस. (लंदन),
साहित्य रत्न, प्रभाकर,
आचार्य एवं अध्यक्ष, हिन्दी विभाग,
मद्रास विश्वविद्यालय.

प्राक्कथन

सर ए. लक्ष्मणस्वामी मुदलियार,
एम. डी., एलएल. डी., डी. एससी., डी.सी.एल. (ऑक्सन), एफ़.आर.सी.ओ.जी.,
एफ.ए.सी.एस.,
वाइस चान्सलर,
मद्रास विश्वविद्यालय.

मद्रास विश्वविद्यालय,
मद्रास
१९५८

FOREWORD

ONE of the most outstanding of the Tamil classics is the Kural. The Kural contains the maxims of the Saint Tiruvalluvar, who is said to have been one of the greatest of poets and philosophers who lived about the 1st Century A.D. The message of Tiruvalluvar, as outlined in Kural, is a message for all humanity and at no time is such a message more needed than at present. The excellence of this work has been appreciated by great scholars of all lands and the Kural has been translated into many languages, outstanding of which are Latin, German, English and French.

Mr. Shankar Raju Naidu, Head of the Department of Hindi in the University of Madras, deserves the thanks of the public for having translated from the original Tamil this classic into Hindi. It is unfortunate that, while the treasures of the ancient Tamil classics are better known and better appreciated by scholars in western lands, very little attention has been paid to such works by scholars in other parts of India. It is to be hoped that this work, produced by one who is a good scholar both in Tamil and Hindi, will be appreciated by all scholars.

UNIVERSITY BUILDINGS,
CHEPAUK, MADRAS 5.
2nd May 1958.

A. L. Mudaliar,
Vice-Chancellor.

FOREWORD

ONE of the most outstanding of the Tamil classics is the Kural. The Kural contains the maxims of the Saint Tiruvalluvar, who is said to have been one of the greatest of poets and philosophers who lived about the 1st Century A.D. The message of Tiruvalluvar, as outlined in Kural, is a message for all humanity and at no time is such a message more needed than at present. The excellence of this work has been appreciated by great scholars of all lands and the Kural has been translated into many languages, outstanding of which are Latin, German, English and French.

Mr Shankar Raju Naidu, Head of the Department of Hindi in the University of Madras, deserves the thanks of the public for having translated from the original Tamil this classic into Hindi. It is unfortunate that, while the treasures of the ancient Tamil classics are better known and better appreciated by scholars in western lands, very little attention has been paid to such works by scholars in other parts of India. It is to be hoped that this work, produced by one who is a good scholar both in Tamil and Hindi, will be appreciated by all scholars.

UNIVERSITY BUILDINGS,
CHEPAUK, MADRAS 5.
2nd May 1958.

A. L. Mudaliar,
Vice-Chancellor.

प्राक्कथन

अत्युत्तम तमिऴ काव्य-ग्रंथों में से एक अतिविशिष्ट ग्रंथ है तिरुक्कुरळ। तिरुक्कुरळ में उस संत तिरुवळ्ळुवर के नीति-वाक्य हैं जो सर्वश्रेष्ठ कवियों तथा दार्शनिकों में से एक माने जाते हैं और प्रथम शताब्दी इस्वी के लगभग जीवित थे। तिरुवळ्ळुवर का संदेश जैसा कि तिरुक्कुरळ में उल्लिखित है, मानव मात्र के लिये एक महान संदेश है, और उसकी आवश्यकता आज से अधिक और कभी नहीं रही। इस ग्रंथ के गौरव की प्रशंसा सभी देशों के श्रेष्ठ विद्वान कर चुके हैं, और इसका अनुवाद अनेक भाषाओं में हो चुका है जिनमें से प्रधान हैं लैटिन, जर्मन, अंग्रेज़ी तथा फ्रेंच।

श्री शंकर राजू नायुडू ने जो मद्रास विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के अध्यक्ष हैं, इस महान ग्रंथ का अनुवाद मूल तमिऴ से हिन्दी में प्रस्तुत किया है जिसके लिये वे धन्यवाद के पात्र हैं। जब कि पाश्चात्य देशों के महान विद्वानों को प्राचीन तमिऴ साहित्य भंडार के अमूल्य काव्य-ग्रंथों का अधिक परिचय प्राप्त है और वे इनका सम्मान करते हैं, भारत के अन्य भागों के मान्य विद्वानों का ध्यान ऐसे ग्रंथों की ओर बहुत कम गया है, यह दुर्भाग्य की बात है। आशा की जाती है कि यह प्रयास जो एक ऐसे व्यक्ति का है जिनको तमिऴ एवं हिन्दी दोनों में अच्छी विद्वत्ता प्राप्त है, सभी मान्य विद्वानों से सम्मानित होगा।

यूनिवर्सिटी बिल्डिंग्स,
चेपाक, मद्रास–५
२—५—१९५८

ए. एल. मुदलियार
वाइस चान्सलर

உள்ளுறை

அதிகாரம் | பக்கம்

I. அறம்

विषय सूची

*

3. இன்பம்

अध्याय पृष्ठ

३. काम

—: * :—

॥ भूमिका ॥

पॉल ब्रण्टन ने 'गुप्त भारत की खोज[1]' का वर्णन करते हुए आधुनिक भारत में जो उसे अनभिव्यक्त प्रतीत हुए, और जिन्हें वह संसार के सम्मुख उपस्थित करना चाहता था उन्हें अपने मनोनुकूल ढंग से लिपि-बद्ध किया है। परन्तु अभी तक प्राचीन भारत की खोज करके उस काल की स्थिति एवंमानव-जीवन का विश्लेषणात्मक वर्णन किसी ने नहीं किया है। यह कार्य है भी अत्यन्त दुष्कर। माना जाता है कि इसके लिए साधन या तो हड़प्पा व मोहें-जो-दड़ो आदि की खुदाई है, या प्राचीन शिलालेख व खण्डहर आदि हैं, या प्राचीन काल से आती हुई किंवदन्तियाँ व लोक-कथाएँ व गीत हैं, या वेद, पुराण, महाभारत, रामायण, तोल्काप्पियम, संघम-साहित्य आदि। प्राप्त वस्तु से ही अप्राप्त की कल्पना व गणना होती आयी है। यही वैज्ञानिक माने जाने पर भी वस्तुतः यह प्राणाली यथेष्ट नही है। यह कहना उपयुक्त ही है कि प्रकाश के कारण ही हमें अन्धकार का अनुभव होता है; यह कहना ठीक ही है कि अज्ञान के कारण ही ज्ञान का भान होता है; यह कहना उचित ही कि सद्गुण के कारण ही दुर्गुण से हम दूर जाने की इच्छा करते हैं; यह कहना माननीय ही है कि सुख का अनुभव करने के पश्चात् ही कोई दुख से मुँह मोड़ता है; यह कहना युक्तियुक्त ही है कि मृत्यु को देखकर ही मानव जीवन की ओर अधिकाधिक आकर्षित होता है, परन्तु यह भी सम्भव है कि कोई प्रकाश में इतना तन्मय हो जाय कि उसे अन्धकार का विचार ही न उत्पन्न हो, अज्ञान में इतना ग्रस्त हो जाय कि ज्ञान का उसे भान ही न हो, सद्गुणसम्पन्न इतना हो कि दुर्गुण उसे कहीं न दिखायी पड़े, सुख में इतना डूबा हो कि उसे दुख का पता ही न चले, और मृत्यु को देखकर इतना विचलित हो जाय कि उसे जीवन ही मिथ्या प्रतीत

---

1. 'Search in Secret India'—Paul Brunton

होने लगे। तात्पर्य यह कि व्यक्त के आधार पर किया गया अव्यक्त का अन्वेष आंशिक होता है, अपूर्ण होता है और कभी-कभी अनुचित व अप्राकृतिक भी। यह विश्लेषण प्राचीन भारत के सम्बन्ध में प्राप्त साधनों पर पूर्णतः घटता है। अभी तक प्राचीन भारत का या तो आंशिक ज्ञान प्राप्त हुआ है या अनुचित रूप देकर उसे अभिव्यक्त कर दिया गया है। कारण यही प्रतीत होता है कि प्राप्त विषयों में मानव का मन इतना बँध गया कि वह उसके पीछे की बात देखने का परिस्थितिवश साहस ही नहीं कर पाता। प्राप्त विषय को प्रस्तुत रूप में किसने, क्यों और कैसे रक्खा, इसका विचार स्पष्टतः कोई कर नहीं पाता। कोई कहता है कि अपने स्वार्थ के लिए रक्खा, कोई कहता है कलाकार अदृष्ट रूप से आ मिले, कोई कहता है प्राकृतिक शक्तियों ने तोड़-फोड़कर वह रूप दे दिया, तो कोई कहता है ईश्वर ने लोक-हितार्थ वैसा कर दिया। परन्तु बात यह है कि मानव ने जान-बूझकर प्रस्तुत रूप प्रदान किया है, मनोनुकूल ढंग से सब का निश्चय किया है, परिस्थितवश प्राप्त वस्तुओं को भिन्न-भिन्न रूपों में देखने का प्रयत्न किया है, विभिन्न वर्णों के चश्मों को पहनकर विभिन्न वस्तुओं को विभिन्न दृष्टिकोणों से देखकर अपने-अपने निष्कर्षों को अभिव्यक्त किया है। अन्यथा एक ही विषय पर विभिन्न विद्वानों के विभिन्न मत कैसे होते, एक ही विषय को लेकर विभिन्न विचारों पर पहुँचकर वाक्-युद्ध क्यों करते?

मानव-जीवन की यथार्थता को सूचित करते हुए विभिन्न भाषाओं में विभिन्न रूपों में विचारकों ने अपने-अपने भाव अभिव्यक्त किये हैं। ये साधारणतः तात्कालिक परिस्थितियों के फलस्वरूप उद्भवित जन-कल्याण के लिए निर्मित भाव-विशेष हैं जो जनता के विकास में यथेष्ट रूप से साधक सिद्ध हुए हैं; परन्तु वे ही भाव-विशेष विभिन्न युद्धों के लिए तथा वैमनस्य उत्पन्नकरने में भी साधक सिद्ध हुए हैं जिनके कारण जन-कल्याण व लोक-विकास में यथेष्ट बाधा उपस्थित हो चुकी है। संसार के साहित्य में ऐसे ग्रन्थ विरले ही हैं जिनके

रचयिताओं ने प्राप्त से अप्राप्त की ओर जाने के अतिरिक्त अपने विचार-क्षेत्र को इतना विशाल बनाया हो कि देश-काल के बन्धनों से हटकर सभी देशों तथा कालों के लिए समानतः उचित व युक्तियुक्त सिद्ध हुआ हो। भारत में ऐसे कतिपय विचारक हो चुके हैं जिन्होंने इस ढंग से अपने विचारों को व्यक्त किया है। वे मानवमात्र के लिए सदा माननीय महत्तम आदर्श स्थापित कर गये हैं। इन्हीं विरले व्यक्तियों में से एक थे तिरुवल्लुवर जिन्होंने वस्तुतः वास्तविक भारत को अभिव्यक्त किया है। प्राचीन भारत की खोज करने पर यही विचार-विशेष गुप्त रूप से सर्वत्र व्याप्त प्रतीत होगा। वस्तुतः इसे मानवमात्र की सभ्यता की शास्वत ग्रन्थिका कह सकते हैं। यदि कहा जाय कि संसार की मानव-संस्कृति का मूल-सूत्र तिरुवल्लुवर के 'तिरुक्कुरळ्' में निहित है तो युक्तियुक्त ही होगा।

* * *

'तिरुक्कुरळ्' तमिष़ साहित्य का गौरव है और भारतीय साहित्य का भव्य भूषण है। विश्व साहित्य में इसका एक विशेष स्थान है। संस्कृत साहित्य में जो स्थान वेद व भगवद्गीता को प्राप्त है वही स्थान तमिष़ साहित्य में तिरुक्कुरळ् को प्राप्त है।[1] इसे 'तमिष़ वेद'[2] भी कहते हैं। यह एक अत्यन्त समादृत ग्रन्थ है। इसमें उल्लिखित तत्वों को हृदयंगम करने के पश्चात् कोई भी व्यक्ति इसकी महानता पर विश्वास किये बिना नहीं रह सकता।

---

1. "The Tirukkural of Tiruvalluvar is the pride of South India. What the Bhagvatgita is to the Sanskritist, the Tirukkural is to the Lover of Tamil". Sri V. R. Ramachandra Dikshitar's 'Tirukkural' with English Translation (p. IX) Preface.

2. 'தமிழ் மறை'—மறை के शाब्दिक अर्थ हैं—रहस्य, वेद, उपनिषद्, आगम्, आश्रय आदि। Tamil Lexicon, p. 3124, 3125).

तिरुक्कुरळ् के शब्द सौन्दर्य एवं अर्थ गाम्भीर्य का सुन्दर सामंजस्य सहृदय पाठक को स्वभावत: भावमग्न एवं रसमग्न कर देता है।

तिरुक्कुरळ् के अनेक नाम प्रचलित हैं जिनमें से एक 'तिरुवळ्ळुवर' भी है जो इसके लेखक का भी नाम है। वस्तुत: यह उचित ही है क्योंकि दोनों में इतना अन्योन्याश्रय सम्बन्ध है, इतनी अभिन्नता है कि वे एक दूसरे से पृथक् नहीं किये जा सकते। तिरुक्कुरळ् तिरुवळ्ळुवर की एकमात्र कृति है। तिरुवळ्ळुवर के जीवन में तिरुक्कुरळ् पूर्णत: ठीक उतरता है। तिरुवळ्ळुवर को ही तिरुक्कुरळ् के लिए आदर्श रूप में ले सकते हैं। तिरुवळ्ळुवर का जीवन ही 'तिरुक्कुरळ्' था। तिरुवळ्ळुवर ही तिरुक्कुरळ् थे और वे आज हमारे सम्मुख एक ग्रन्थ के रूप में उपस्थित हैं और सदा रहेंगे। तिरुक्कुरळ् ही तिरुवळ्ळुवर है।

तिरुवळ्ळुवर का वास्तविक नाम अज्ञात है। कबीर, सूर, तुलसी आदि के समान अपने काव्य में इन्होंने अपने नाम को 'जड़ा' नहीं है। 'तिरु' एक आदरसूचक उपसर्ग मात्र है, और 'वळ्ळुवर'[1] उनकी जन्मगत एक अत्यन्त निम्न-कोटि की जाति का नाम है। विद्वानों का विचार है कि इन दो शब्दों के संयोग से ही कवि का प्रस्तुत नाम प्रचलित हुआ। सन्त कवि कबीर के समान ही इनके जन्म के सम्बन्ध में भी अनेक प्रकार की किंवदन्तियां प्रचलित हैं।[2]

---

1. வள்ளுவன் (वळ्ळुवन) 1. A paraiya caste, the members of which are royal drummers, and priests for paraiyas. 2. One who foretells events by Omens. 3. An officer who proclaims the king's commands. 4 The author of 'Kural' (Tamil Lexicon, P 3552).

2. "A wild and utterly incredible tradition assigns him a Brahmin father and a low caste mother.." G. U. Pope, 'The Sacred Kural', P. ii. Introduction.

तिरुक्कुरळ् के प्रारम्भिक छन्द के आधार पर इनके माता-पिता का नाम 'आदि-भगवन' माना जाता है। छन्द यह है :—

"अकर मुदल वेझुत्तेल्ला मादि
भगवन् मुदट्रे युलहु।"

वस्तुत: निश्चित् रूप से कुछ कहा नहीं जा सकता। इतना अवश्य ज्ञात है कि वे कबीर के ही समान जुलाहे का कार्य करते थे और उन्होंने मद्रास नगर के पर्यन्तभाग मयिलापुर (मयिल=मोर, पुर=नगर) की एक कुटि में सपत्नीक सानन्द जीवन व्यतीत किया। यह स्थान समुद्र तट के अति निकट होने के कारण इनका अनेक विदेशियों से मिलना-जुलना रहता था। साथ-साथ दक्षिण भारत का यह एक प्रधान स्थान होने के कारण सभी प्रकार के लोगों का यहाँ आना-जाना सदैव रहा जिससे इनका सम्पर्क तात्कालिक सभी विचार-धाराओं के विभिन्न व्यक्तियों से बना रहा। हिन्दू, जैन, बौद्ध आदि मत के विभिन्न सिद्धान्त इनको ज्ञात थे और उनके दैनिक-जीवन से ये पूर्ण परिचित थे। इसी कारण से इनकी विचार-धारा अत्यन्त व्यापक हो सकी।

इस प्रकार जीवन व्यतीत करते हुए तिरुवळ्ळुवर ने अपने एक मात्र ग्रन्थ 'तिरुक्कुरळ्' की रचना की, कदाचित् पड़ोसियों की प्रार्थना पर, जैसाकि कुछ लोग मानते हैं। 'कुरळ्'[1] का मूल अर्थ है 'छोटा'। यह एक छोटे छन्द का भी नाम है जिसमें दो चरण होते हैं। प्रथम में चार சீர் 'पद' व 'गण' होते हैं तथा द्वितीय में केवल तीन। इसकी रचना का नियम अत्यन्त क्लिष्ट है। एक कुरळ् में एक भाव-विशेष पूर्णत: निहित रहता है। 'तिरु' एक आदर-सूचक

1. குறள் 'Kural'—1. Shortness, dwarfishness; 2. Dwarf, about 2 ft. high; 3. Imp, goblin; 4. Smallness, 5. A line consisting of two 'Cir'; 6. Distich of a 'Venba' metre, the first line consisting of four and the second of three feet; 7. Tirukkural—(Tamil Lexicon PP. 1046-47)

प्रत्यय, एवं 'कुरळ्' एक छन्द का नाम होने के कारण इस ग्रंथ का नाम तिरुक्कुरळ् पड़ा। ग्रन्थ का क्या नाम रक्खा कवि ने, यह अज्ञात है। यह एक नीति ग्रन्थ है जिसमें कुल १३३० कुरळ् हैं। आश्चर्य की बात यह है कि एक का भी पाठ-भेद प्रचलित नहीं है और ग्रन्थ जिस रूप में आज उपस्थित है वही उसका मूल रूप था, यद्यपि ग्रन्थकर्ता एवं ग्रन्थ के मूल नाम अप्राप्य हैं। ग्रन्थ के तीन खण्ड हैं—धर्म, अर्थ, एवं काम (अरम्, पोरुळ्, इन्बम्); और इनमें क्रमशः ३८, ७० एवं २५ अध्याय हैं तथा प्रत्येक अध्याय में १० कुरळ् हैं। 'धर्म' में प्रस्तावना के रूप में सर्वेश-स्तुति से प्रारम्भ करके 'मोक्ष' (वीडु) की भी अप्रत्यक्ष रूप से सूचना देते हुए गार्हस्थ्य-धर्म एवं सन्यास-धर्म के स्पष्टीकरण के पश्चात् एक अध्याय में कर्म सिद्धान्त को भी व्यक्त कर दिया गया है। 'अर्थ' में सम्राट् व शासन, अमात्य व राजनीति के विभिन्न अंग तथा शासक व शासित के शेष कार्यों का विशद वर्णन किया गया है। 'काम' में प्रेमी-प्रेमिका के पूर्वराग व गुप्त प्रेम तथा सतीत्व का, अर्थात् सम्भोग तथा वियोग शृंगार का पुंखानुपुंख रूप से चित्रण किया गया है। इस प्रकार कवि ने अपनी कृति में मानव के व्यक्तिगत, गार्हस्थ्य एवं सामूहिक जीवन के आदर्श को प्रस्तुत करने का सफल प्रयत्न किया है। इससे स्वतः सिद्ध हो जाता है कि तिरुवळ्ळुवर एक आदर्शवादी दार्शनिक, राजनीति-विदग्ध तथा उत्तम कोटि के रसिक भी थे।

तिरुवळ्ळुवर ने अपने जीवन में इस कृति में कथित सब आदर्शों को कार्य रूप में परिणत कर दिखाया है। इनके गार्हस्थ्य-जीवन के सम्बन्ध में अनेक कथाएँ प्रसिद्ध हैं। वासुकी इनकी पत्नी का नाम था। विवाह के पूर्व वासुकी के पिता ने तिरुवळ्ळुवर के आदर्श-जीवन से प्रभावित होकर अपनी पुत्री को तिरुवळ्ळुवर से अर्धांगिनी के रूप में ग्रहण कर लेने की अभ्यर्थना की। तिरुवळ्ळुवर ने एक बालू के पुलिन्दे की ओर सूचित करते हुए अपनी स्वीकृति इस शर्त पर दी कि यदि वह इसे पकाकर उसे भात बना दे तो मैं पाणिग्रहण

के लिए प्रस्तुत हूँ। वासुकी ने आत्म-विश्वास के बल पर वैसा ही करके मानो यह सिद्ध कर दिया कि तिरुक्कुरळ् में जो कहा गया है—

> 'ईश न, नित उठ पूजे पति को,
> बरसो कह दे तो बरसे।'[1] (१-६-५)

सत्य है।

विवाह के उपरान्त एक दिन कोई एकव्यक्ति जिसे यह सन्देह था कि एक साधारण जुलाहा इतना श्रेष्ठ कैसे हो सकता है, इनके पास आया और उसने प्रश्न किया—"गार्हस्थ्य-जीवन श्रेष्ठ है या सन्यास?" इसका शब्दों में उसे कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। तिरुवळ्ळुवर के गार्हस्थ्य-जीवन के निरीक्षण से ही उत्तर प्राप्त करने के लिए उसे छोड़ दिया। कुछ समय पश्चात् जब वासुकी कुएँ से पानी खींच रही थी, इन्होंने उसे बुलाया। वासुकी जल से पूर्ण पात्र को कुएँ में ही आधी खिंची छोड़कर तुरन्त अपने पति के सम्मुख आ उपस्थित हुई। वह पात्र उसी अवस्था में वासुकी के लौटने पर मिला! और एक बार जब प्रातःकाल के समय ठण्डा भात[2] खाते-खाते इन्होंने कहा कि भात बहुत गरम होने के कारण मुँह एक जलने लगा, वासुकी बिना किसी हिचकिचाहट के तुरन्त पंखा झलने लगी। दिन प्रकाशपूर्ण मध्याह्न के समय कपड़ा बुनने का काम करते हुए अपनी ढरकी को गिराकर उसे खोजने के लिए इन्होंने दीपक मांगा तो वासुकी ने बिना कुछ पूछे-ताछे दीपक ला दिया। इस प्रकार की अनेक अन्य घटनाओं को देखकर प्रश्न का उत्तर आपसे आप प्रश्नकर्ता को प्राप्त हो गया कि ऐसी पत्नी हो तो गार्हस्थ्य श्रेष्ठ है, अन्यथा सन्यास[3]।

---

1. தெய்வந் தொழாஅள் கொழுநற் றொழுதெழுவாள்
   பெய்யெனப் பெய்யு மழை."—(குறள 1-6-5).
2. देखिये—पृ० ४४१—'विश्ववाणी', दिसम्बर १९४६.
3. சற்றேனும்--ஏறுமாறாக விருப்பாளே யாமாயின்
   கூறாமற் சன்னியாசங் கொள்." (தனிப்பா. 1-95-14)
   तनिक भी—हो विषम पत्नी तो बिन कह ग्रहण कर सन्यास।

कविवर की अर्धांगिनी के अवसान के समय की एक अद्भुत् घटना अति प्रसिद्ध है। मृत्यु-शैय्या पर लेटी हुई वासुकी को अपनी ओर असाधारण रूप से चिन्तामग्न नेत्रों के साथ अवलोकन करते हुए देखकर तिरुवल्लुवर ने उसका कारण पूछा। वासुकी ने सविनय उत्तर देते हुए अत्यन्त मृदुल स्वर में कहा—'विवाह के उपरान्त प्रथम भोज के समय ही आपने मुझे एक आज्ञा दी थी कि भोजन के समय एक सूई और एक छोटे पात्र में स्वच्छ जल रख दिया करो—और मै वैसा करती आयी। पर मैं उसका मर्म अभी तक न समझ सकी क्योंकि आपने कभी उनका प्रयोग नहीं किया।" तिरुवल्लुवर ने उत्तर दिया—"वे इसलिए कि यदि कोई चावल का कण पृथ्वी पर गिर पड़े तो सूई से उठाकर स्वच्छ जल में शुद्ध कर लिया करूँ।" उत्तर से सन्तुष्ट हो वासुकी स्वर्ग सिधारी। इनसे इतना अवश्य सिद्ध होता है कि तिरुवल्लुवर के आदर्श महान् थे और प्राचीन तमिष़ संस्कृति का स्तर अत्यन्त श्रेष्ठ था।[2]

विद्वानों का विचार है कि तिरुवल्लुवर ईसा की द्वितीय शताब्दी में अवतरित हुए। श्री के. एन. शिवराज पिल्लै का मत है कि ईसा की प्रथम शताब्दी में इनका जन्म हो चुका था। श्री टी. एस. कन्दसामी मुदलियार की युक्तियुक्त सम्मति यह है कि ईसा पूर्व तीसरी शताब्दी ही तिरुवल्लुवर का समय है।[2] डा. जि. यू. पोप तिरुक्कुरळ् में कतिपय ईसाई सिद्धान्तों को जो

1. "Sir A. Grant treating of Greek morality, 'before the birth of Moral Philosophy' says truly: 'It is obvious that such a code as this could only arise among an essentially moral and noble race.' This is precisely what I claim for the Tamil speaking peoples, and on the same ground, we shall not do all the good we might do among them till we unreservedly recognise this."—(P. xii) 'Introduction' to 'The Sacred Kural' by Dr. G. U. Pope.

2. 'देखिये—आराय्च्चि मुन्नुरै'—"तिरुक्कुरळ्—परिमेलष़हरुरै"—पृ० ९

साधारण मानव-जीवन के ही सिद्धान्त हैं—यत्रतत्र देखकर उनके आधार पर कल्पना करते हैं कि इसके रचयिता का काल आठ और दस सौ ईस्वी के बीच कहीं रहा होगा[1] और अपने अभिप्राय को सिद्ध करने के लिए कोई विशिष्ट कारण देना उन्होंने अनिवार्य नहीं समझा। श्री वी. आर. रामचन्द्र दीक्षितर का दृढ़ विचार है कि ग्रन्थ-रचना व ग्रन्थकार का काल ईसा पूर्व द्वितीय अथवा प्रथम शताब्दी ही है।[2] तिरुवळ्ळुवर का काल कुछ भी क्यों न हो, वे कवि शिरोमणि 'तिरुक्कुरळ्' जैसे ग्रन्थ की रचना करके काल की परिधि को लाँघकर अमर हो गये हैं।

साधारणतः संसार में मानव के अस्थायी भौतिक शरीर के अवसान के पश्चात् ही स्थाई यश-शरीर दृष्टिगोचर होता है। भवभूति ने जो उत्तर-राम-चरित को देखते हुए महाकवि कालिदास से भी श्रेष्ठ ठहराये जाते हैं[3], इसी कारण कहा था—

"ये नाम केचिदिह नः प्रथयन्त्यवज्ञां,
जानन्तु ते किमपि, तान् प्रति नैष यत्नः।
उत्पस्यतेऽस्ति मम कोऽपि समानधर्मा
कालोह्ययं निरवधिर्विपुला च पृथ्वी ॥"

मालती माधव १—६

---

1. "I think between A. D. 800 and 1000 is its probable date"—P. iv Introduction to 'The Sacred Kural' by G. U. Pope.

2. "It is now nearly twenty years since I published my 'Studies in Tamil Literature and History', where I have assigned the first or Second Century B. C. as the date of its (Tirukkural's) composition. I find no reason to change that view." P. ix, Preface to 'Tirukkural with English Translation' by Sri V. R. Ramachandra Dikshitar, M. A., Professor of Indian History and Archaeology, University of Madras.

3. "उत्तरे राम चरिते भवभूतिर्विशिष्यते।"

परन्तु तिरुवळ्ळुवर के यश-शरीर का प्रकाश उनके जीवन-काल में ही प्रज्ज्वलित हो उठा था। उनके समकालीन नक्कीरर, चात्तनार, कपिलर, परणर आदि अनेक तमिष़ महाकवियों ने उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा की है। भगवान शिव की कविता के दोष को, उनके ज्वलन्त तृतीय नेत्र को प्रत्यक्ष करने पर भी निडर होकर, "तृतीय नेत्र को दिखाने पर भी दोष दोष ही है"[1] ऐसा शिव के ही सम्मुख कहने का सामर्थ्य जिस कवि-शिरोमणि नक्कीरर में था, उन्होंने भी तिरुवळ्ळुवर की मुक्तकण्ठ से प्रशंसा की है। इनके अतिरिक्त केरळ्-सम्राट् चेंगुट्टुवन के अनुज तथा चिलप्पदिहारम् महाकाव्य के रचयिता श्री इळंगोवडिहळ् तथा अन्यान्य अनेक श्रेष्ठ कवियों ने हृदय से इनकी प्रशंसा के गीत गाये हैं। तमिष़ के प्रसिद्ध आलोचक एवं लेखक श्री चेल्वकेशवराय मुदलियार ने तिरुवळ्ळुवर को तमिष़ की 'गति-द्वै'[2] में से एक माना है। अनेक भारतीय एवं पाश्चात्य भाषाओं व साहित्यों के अध्ययन के पश्चात् आधुनिक तमिष़ साहित्य के कवि-सम्राट् स्वर्गीय श्री सुब्रह्मण्य भारती ने कहा है कि तिरुवळ्ळुवर जैसे श्रेष्ठ कवि को और कहीं नहीं देखा।[3] तिरुवळ्ळुवर का स्थाई यश इसीसे

---

1. "நெற்றிக கண்ணைக காட்டினும் குற்றம் குற்றமே"—நககீரர்.

2. "தமிழககுக கதியாவாா இருவா எனச சில புலவர் புகழ்வதுணடு. கதி எனபதில் க:ாணைக கம்பநாட்டாழ்வாருக்கும், தி:ாணைத திருவள்ளுவருககும ஞாபக சூத்திரமாகக கொள்ளல் வேணடும."–P. 7. 'Tiruvalluvar' by Sri Chelvakesavaroya Mudaliar M. A.

3. "யாமறிநத புலவரிலே கம்பனைப்போல்
வள்ளுவர்போல் இளஙகோவைப் போல்,
பூமிதனில யாஙகணுமே பிறநததில்லை,
உண்மை வெறும் புகழச்சி இல்லை."

जो ज्ञात हैं कविगण मुझे, उनमे न कम्बर के समान,
तिरुवळ्ळुवर के सम न, अथवा कवि इळङ्गो के समान।
जन्मे न इस भू पर कहीं भी आज तक इनके समान,
नहि डींग कोरी, सत्य है यह सन्तवाणी के समान॥

सिद्ध हो जाता है कि उनके समय में तथा तदनन्तर प्रकट सभी श्रेष्ठ रचनाओं में तिरुक्कुरळ् की सुगन्धि व सौष्ठव स्पष्टत: सम्पृक्त हुआ है। कहने का तात्पर्य यह है कि तमिष़ के तुलसी कविवर कम्बर जैसे श्रेष्ठ प्राचीन महाकवियों से लेकर आधुनिक काल के 'भूषण' श्री सुब्रह्मण्य भारती तक सभी ने तिरुक्कुरळ् के छन्दों को उसी रूप में एक पुष्प के समान, अथवा उसके एक खण्ड को पंखड़ी के समान स्वरचित काव्य कृति रूपी सुन्दर सरस-माला में पिरोया है जिससे वह कृति तिरुक्कुरळ् के उत्तम सौरभ से सुरभित हो उठी है।

कवियों द्वारा तिरुक्कुरळ् के प्रथम-स्वीकरण (अरंगेट्रम्) के सम्बन्ध में एक अपूर्व कथा प्रचलित है। तिरुवळ्ळुवर के समय में पाण्ड्य प्रदेश की राजधानी मदुरा में तमिष़ के कवियों का एक 'संगम्'[1] था जो प्रागैतिहासिक काल से कार्य करता आ रहा था। इसमें यह प्रथा थी कि कवि के काव्य-सौष्ठव को मापने के लिए अलौकिक शक्ति से युक्त, पानी पर तैरते हुए एक शिव-प्रदत्त तख्ते (संगप्पलहै)[2] पर उसकी कृति को रखकर उसका मूल्यांकन किया जाता था। ऐसा

---

1. तमिष़ का प्रथम सगम् प्रागैतिहासिक काल मे ४४४० वर्ष तक रहा जिसमे कुल ५४९ कविगण सम्मिलित थे। ८९ सम्राटों का आश्रय इस सगम् को प्राप्त हुआ था। द्वितीय सगम् ने ३७०० वर्षों तक कार्य किया। इसमे कुल ३७०० कवियों ने भाग लिया, और ५९ सम्राटों का आश्रय इसे प्राप्त हुआ। प्रस्तुत सघम् तृतीय था जिसमे कुल ४९ सदस्य थे। ४४९ कवियो ने अपनी रचनाएँ स्वीकरणार्थ समर्पित कीं। इस संगम् के अन्त का कारण कुछ लोग तिरुवळ्ळुवर-कृत तिरुक्कुरळ् की अवहेलना ही मानते हैं, जब कि प्रथम दो सगम् की समाप्ति का कारण जल-प्रलय माना जाता है।

2. சங்கப்பலகை (संगप्पलहै)—Miraculous seat capable of accommodating only deserving scholars, believed to have been granted by Siva at Madura, to the Sangam Poets.

कहा जाता है कि जब तिरुक्कुरळ् अन्य ग्रन्थों के साथ उस "संगप्पलहै" पर रखा गया तो अन्य सभी ग्रन्थ जल में निमज्जित हो गये, और केवल तिरुक्कुरळ् ही जल के ऊपर तैरता रहा। इस कथा में सत्य का अंश चाहे कितना ही क्यों न हो, पर यह अवश्य माननीय है कि इसकी तुलना में तात्कालिक अन्य कोई कृति नहीं ठहरती। यह अपने ढंग की एक ही कृति है। कविवर परणर ने तिरुक्कुरळ् की तुलना वामनावतार से की है। भगवान ने वामनावतार लेकर दो ही पग में सम्पूर्ण विश्व को नाप डाला था। इसी प्रकार 'पौने दो चरणों' का प्रत्येक कुरळ् एक भाव-लोक को अपने में अन्तर्लीन किये हुए है। दूसरे एक सत्कवि ने तिरुक्कुरळ् में विभिन्न विषयों की विशदता को अलौकिक काव्यगत सौन्दर्य से पूर्ण[1] व्यक्त किया हुआ पाकर कहा है :—

सभी अर्थ इस में समाप्त,
जो इस में है न, नहीं अन्यत्र ॥[2]

यहाँ "अर्थ" से वही भाव है जो "वागर्थाविव सम्पृक्तौ, वागर्थ प्रतिपत्तये" के "अर्थ" से है।

तिरुक्कुरळ् पर "क्षणे-क्षणे यन्नवतामुपैति। तदेव रूपं रमणीयतायाः॥" वाला सिद्धान्त पूर्णतः घटित होता है। जितना ही इसमें पैठकर अर्थ गाम्भीर्य का अन्वेषण करते हैं उतना ही नवीन अर्थ का प्रकाश निस्सृत होता हुआ प्रकट होता है। यह प्रकाश पाठक में उसके ज्ञान, अनुभव एवं व्यक्तिगत विचार-धारा की

---

1. "Musaco Contingens Cuncta lopre" *i. e.*, "touching all things with poetic Grace"—G. U. Pope.

2. "எல்லாப் பொருளும் இதன்பாலுள ; இதன்பால்
இல்லாத எப்பொருளும் இல்லையால்."

(மதுரைத் தமிழ்நாயனார்.)

गम्भीरता के अनुपात में होता है। इसकी एक विशेषता यह है कि इसके भाव गम्भीर व नितनूतन होते हुए भी अत्यन्त सरल एवं स्पष्ट हैं।

तिरुक्कुरळ् एक मुक्तक काव्य है। इसका प्रत्येक पद पृथक्-पृथक् मोती के सदृश विशिष्ट व्यक्तित्व से युक्त है। प्रत्येक पद स्वतन्त्र रूप से पूर्ण अर्थ का द्योतक है। ऐसा होते हुए भी इसकी रचना में आद्योपान्त एक सम्बन्ध सूत्र व धारावाहिकता भी है, जो यह सिद्ध करती है कि यह एक संग्रह ग्रन्थ नहीं, अपितु एक पूर्ण क्रमबद्ध रचना है। इसका प्रत्येक अध्याय पूर्वोक्त अध्याय से, एवं प्रत्येक पद पूर्वोक्त पद से विकसित ज्ञात होता है। दूसरे शब्दों में इस प्रकार हम कह सकते हैं कि यह मोक्ष प्राप्ति के लिए एक प्रशस्त सोपान है जिसके तीन खण्ड हैं—धर्म, अर्थ एवं काम। इसका एक-एक पद उस प्रशस्त सोपान का एक-एक पद है। जिस प्रकार सोपान का प्रत्येक पद अपने में पूर्ण होता हुआ भी निम्न पद के पश्चात् एवं आगामी पद के पूर्व होता है और इस प्रकार एक क्रम-बद्धता रहती है, उसी प्रकार तिरुक्कुरळ् के पदों में भी एक क्रम-बद्धता, एक नियम व भावों का क्रमिक विकास हम देख सकते हैं।

तिरुक्कुरळ् एक 'सामान्य नीति-ग्रन्थ'[1] है। यह किसी मत-विशेष, काल-विशेष अथवा स्थान-विशेष का ग्रन्थ नहीं है। यह ग्रन्थ हिन्दू, जैन, बौद्ध, ईसाई, इस्लाम आदि सभी से समादृत हुआ है। जिस प्रकार यह ईसा की प्रारम्भिक शताब्दियों में समादृत हुआ था, उसी प्रकार आज भी हो रहा है, और सदा होता रहेगा। सभी मनुष्य समान रूप से इसका अध्ययन व सम्मान करते हैं। भारत में ही नहीं प्रत्युत पाश्चात्य एवं प्राच्य देशों में भी इसका नाम सादर लिया जाता है। इसी हेतु यह रचना 'सम-धर्म-ग्रन्थ'[2] की संज्ञा से, और

1. பொது நீதி நூல்—Common Ethical Code
2. 'சமயப் பொது நூல்'

इसके रचयिता 'दैविक कवि', 'भगवान', व 'पिता'[1] आदि नामों से स्मरण किये जाते हैं। इसमें जो तत्त्व व्यक्त किये गये हैं वे सभी मनुष्यों, देशों व कालों के लिए सत्य ठहरते हैं। अतः इसे "सत्य वचन"[2] की संज्ञा से भी सम्मानित किया जाता है।

यद्यपि तमिष़ भाषा में आचरण एवं नीति के ग्रन्थ अनेकानेक हैं, तथापि उनमें तिरुक्कुरळ् का स्थान कुछ विलक्षण ही है। निकटतः दो सहस्राब्दियों के पूर्व रचित ऐसा अपूर्व काव्य-ग्रन्थ कदाचित् अन्य किसी भाषा-साहित्य में अप्राप्य है। इन सबका यही कारण है कि यह ऐसा विशिष्ट नीति-ग्रन्थ है जो भाव, भाषा एवं साहित्यिक सौंदर्य से पूर्ण है, और जिसके साधु-लेखक ने मनुष्य के सामान्य आचरण एवं व्यवहार भूमि पर अवस्थित होकर अपनी सर्वतोमुखी प्रतिभा एवं सुविशाल विचार-धारा से प्रेरित सर्वग्राह्य मानव-धर्म के तत्वों को सुन्दर समास शैली में स्पष्टतः व्यक्त किया है। अनेकानेक गम्भीर भाव-चित्रों को अपने मानस-पटल पर अंकित करके उन्हें उसी रूप में न्यूनातिन्यून शब्दों में चित्रित करने में तिरुवळ्ळुवर विश्व साहित्य में अद्वितीय हैं[3]। कोई भी सहृदय पाठक तिरुक्कुरळ् को आद्योपान्त पढ़कर उनके तत्त्वों को हृदयंगम करने के पश्चात् उक्त कथन की सत्यता को माप सकता है। कवि इडैक्काडर ने ठीक ही कहा है :—

'सरसों को छिद, सत सागर भर,
काटै मध्य कुरळ्।'[4]

---

1. 'தெய்வப் புலவா', 'நாயனா'

2. 'பொய்யா மொழி.' "செயயா மொழிககும் திருவளளுவர் மொழிந்த
பொய்யா மொழிககும் பொருள் ஒன்றே." (வெள்ளி வீதியார்)

3. "It is truly an apple of gold in a net-work of silver."
(P. vi—Introduction to 'The Sacred Kural' by G. U. Pope)

4. "கடுகைத துளைத்தேழ் கடலைப் புகட்டிக
குறுகத தரித்த குறள." (இடைக்காடா)

इस समालोचना-सूक्ति को शिथिल मानकर सरस्वती का साक्षात् अवतार मानी जानेवाली तमिष़ कवयित्री अव्वयार ने कुरळ् की अपार शक्ति का अवलोकन करके कहा—

'अणु को ही छिद, सत सागर भर,
काटै मध्य कुरळ् ।'[1]

हिन्दी साहित्य के प्रेमी कविवर बिहारीलाल के दोहों में उपस्थित "गागर में सागर" के गुण से परिचित ही हैं। बिहारी के दोहों के सम्बन्ध में कहा गया है—

"सतसैया के दोहरे, अरु नावक के तीर।
देखत के छोटे लगैं, घाव करैं गम्भीर ॥"

यही गुण हम तिरुवळ्ळुवर में अत्यधिक मात्रा में पाते हैं।

विचार स्वातन्त्र्य की भावना इस नीति-ग्रन्थ की अपनी एक अनुपम विशिष्टता है। ध्यान देने का विषय है कि यह कोई परम्परागत अथवा एक-पक्षीय धर्म-ग्रन्थ तो है ही नहीं। सम्पूर्ण ग्रन्थ में रचयिता ने अपने विभिन्न विचारों को स्पष्टतः व्यक्त करके अन्तिम निर्णय का अधिकार पाठक को ही दे दिया है। कवि ने स्वयं ही कहा है—

जो भी सुनें किसी भी जन से,
उसमें सत्य निरखना ज्ञान।[2]

---

1. "அணுவைத துளைத்தேழ் கடலைப் புகட்டிக்
குறுகத தரித்த குறள்." (ஔவையார்)

2. "எப்பொருள் யார்யார்வாயக் கேட்பினு மப்பொருண்
மெய்ப்பொருள் காண்ப தறிவு."

(2-43-3)

तिरुवळ्ळुवर कहते हैं कि कोई व्यक्ति कितना ही महान् क्यों न हो, मानव को चाहिए कि उसके विचारों को ध्यान से सुनकर उन पर स्वयं चिन्तन एवं मनन करे, और सत्य मात्र को स्वीकार करे। तात्पर्य यह है कि कथित विषय का विवेचन स्वयं भी अपनी बुद्धि से करके वास्तविकता की छान-बीन करे, और युक्तियुक्त हो तो उस पर विश्वास लावे, अन्यथा नहीं। यही ज्ञान कहलाता है। अन्धानुकरण अज्ञान का चिह्न है। कबीर ने भी कहा है—

"लेना होय सो लेय ले,
कही-सुनी मत मान।"

एक दूसरे स्थान में तिरुवळ्ळुवर ने यहाँ तक कह दिया है—

किसी वस्तु का गुण कुछ भी हो,
उसमें सत्य निरखना ज्ञान।[1]

सारांश यह है कि तिरुवळ्ळुवर ने व्यक्तिगत विचारों को मानव के सम्मुख उपस्थित करके, अपनी बुद्धि के आधार पर उन पर मनसा-वाचा-कर्मणा आचरण करने की सम्मति दी है। सम्पूर्ण ग्रन्थ में कहीं भी धार्मिक अथवा अन्य किसी प्रकार के प्रमाण की छाप[2] नही लगायी है। यह वर्तमान काल के प्रजातन्त्र-वाद के दृष्टिकोण से भी युक्तियुक्त सिद्ध होता है।

तिरुक्कुरळ् एक नीति-ग्रन्थ है जिसमें पुरुषार्थों का विशद विवेचन एवं स्पष्टीकरण हुआ है। धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष—इन चारों पुरुषार्थों में से कवि ने केवल प्रथम तीन का ही प्रत्यक्ष रूप से वर्णन किया है। चौथे पुरुषार्थ—मोक्ष—का शब्दों में विशद वर्णन दो कारणों से नहीं किया है। प्रथम यह कि यदि

---

1. "எப்பொரு ளெத்தன்மைத தாயினு மப்பொருண்
மெய்ப்பொருள் காண்ப தறிவு". (2-36-5.)

2 "Stamp of Religion or any other type of Sanction."

कोई व्यक्ति धर्म, अर्थ एवं काम का अपने जीवन में तिरुक्कुरळ् में कहे अनुसार व्यवहार करेगा तो चौथा पुरुषार्थ उसे आप से आप प्राप्त हो जाएगा। तत्पश्चात् वह स्वयं उसका अनुभव भी कर लेगा, और साथ-साथ यह भी कि वह अव्यक्त अवस्था अवर्णनीय है।[1] दूसरा कारण यह है कि जिसे यह पुरुषार्थ प्राप्त हो जाय, वह इसका अपने मुख से वर्णन नहीं करेगा; और जो इसका वर्णन करे, उसे वास्तव में इसका अनुभव नहीं हुआ समझना चाहिए।[2] कबीर ने कहा ही है—

"जो देखे सो कहे नहीं, कहे सो देखे नाहिं।
सुने सो समझावे नहीं, नैन-जीभ-कन काहिं॥"

अतः तिरुवळ्ळुवर ने मोक्ष पर किसी अध्याय की रचना नहीं की है। पर हाँ, प्रस्तावना के चार अध्यायों में इस चतुर्थ पुरुषार्थ के सम्बन्ध में अप्रत्यक्ष रूप से सूचना मात्र दे दी है[3] और तद्हेतु जीवन के विभिन्न क्षेत्रों को लेकर एक सामान्य मानव-धर्म-पथ का उल्लेख कर दिया है।

---

1. "अविगत गति कछु कहत न आवे।
   ज्यों गूंगेहि मीठे फल को रस अन्तरगत ही भावे॥
   परम स्वाद सब ही जु निरन्तर अमित तोष उपजावे।
   मन बानी को अगम अगोचर सो जाने जो पावै॥"

   —सूरदास

2. "He who has seen will not say,
   He who says, has not seen."

3. "வீடொன்று பாயிரம் நான்கு" (சிறுமேதாவியார்)
   अर्थात् 'मोक्ष इक प्रस्तावना चार।' तात्पर्य यह कि प्रथम चार अध्यायों को एक पृथक खण्ड 'मोक्ष' पर मानने से तिरुक्कुरळ् मे चार खण्ड—क्रमशः मोक्ष, धर्म, अर्थ एवं काम पर चारों पुरुषार्थों के हो जाते हैं। इस प्रकार तिरुक्कुरळ् 'चतुर्पुरुषार्थ-निरूपण ग्रन्थ' है।

तिरुक्कुरळ् में धर्म के जिज्ञासुओं के लिए, अर्थ (राजनीति) विभाग के छोटे-बड़े सभी कार्य-कर्त्ताओं के लिए व ज्ञान के अन्वेषकों के लिए ही नहीं, अपितु काव्य व काम-रस के इच्छुकों के लिए भी मनोवांछित सामग्री यथेष्ट मात्रा में प्राप्त हो सकती है। यह उत्तम जीवन का उत्तम पथ-प्रदर्शक है। अतः हम कह सकते हैं कि तिरुक्कुरळ्—

धर्म के जिज्ञासुओं को धर्म-ग्रन्थ महान है,
राजनीति विदग्ध को यह राज्य-ग्रन्थ महान है।
ज्ञान का जो भान चाहें, ज्ञान-ग्रन्थ महान है,
काव्य-रस के रसिक जन को काव्य-ग्रन्थ महान है॥

प्रेम-रस के पाठकों को प्रेम-ग्रन्थ महान है,
ब्रह्म-सुख-खोजी को ब्रह्मानन्द-ग्रन्थ महान है॥
जीवनोत्तम पथ-प्रदर्शन हेतु ग्रन्थ महान है,
दिव्य - विद्या - ज्ञानार्जन हेतु ग्रन्थ महान है॥

दो०—तिरुक्कुरळ् पथ के पथिक, होंगे यहाँ सानन्द।
उन्हें प्राप्त होगा वहाँ, निज पद ब्रह्मानन्द॥

तिरुक्कुरळ् एवं उसके लेखक तिरुवळ्ळुवर के अनेक नाम हैं जिनमें नौ प्रधान हैं। वे हैं—

ग्रन्थ के नाम	लेखक के नाम
(१) तिरुक्कुरळ्	तिरुवळ्ळुवर
(२) मुप्पानूल्	नायनार
(३) उत्तरवेदम	देवर
(४) देय्वनूल्	मुदर्पावलर
(५) तिरुवळ्ळुवर	देय्वप्पुलवर

(६)	पोय्यामोषि	नान्मुहनार
(७)	वायुरै वाष़्त्तु	मातानुवंगी
(८)	तमिष़ मरै	चेन्नाप्पोदार
(९)	पोदु मरै	पेरुनावलर

* * *

वस्तुत: तिरुक्कुरळ् का कोई अनुवाद उसके सम्पूर्ण काव्य-सौष्ठव को व्यक्त नहीं कर सकता।[1] वैसे इस ग्रन्थ का अनुवाद अनेक भाषाओं में हो चुका है। भारतीय व अंग्रेज़ी के अतिरिक्त अन्य अनेक पाश्चात्य भाषा साहित्यागार इस ग्रन्थ-रत्न के भाषान्तर से समृद्ध किये जा चुके हैं। केवल अंग्रेज़ी में इसके बारह अनुवाद हो चुके हैं जिनमें पादरी श्री जी. यू. पोप, वा० वे० सु० अय्यर, वी. आर. रामचन्द्र दीक्षितर आदि के प्रमुख हैं। श्री एम. एरियल ने फ्रेंच में इसका अति सुन्दर अनुवाद किया है। डॉ० ग्रॉल ने जर्मन तथा लैटिन भाषाओं में सन् १८५६ में अनुवाद करके क्रमश: लैप्ज़िग तथा लन्दन से प्रकाशित किया है। इटालियन फ़ादर वेस्की जिन्होंने अपना नाम 'वीरमामुनिवर', 'धैर्यनाथ स्वामी' व 'इस्माती सन्यासी' रखकर भारतीय वेश-भूषा में तिरुच्चिराप्पळ्ळी के निकटवर्त्ती एक नगर में चालीस वर्ष रह कर तमिष़ भाषा के विशद अध्ययन के पश्चात् तिरुक्कुरळ् का लैटिन भाषा में अनुवाद तथा तमिष़ भाषा तथा साहित्य पर अन्य अनेक ग्रन्थों की भी रचना की, विशेष प्रशंसा के पात्र हैं। इन अनुवादकों ने तमिष़ को ही नहीं, अपितु अपनी भाषा को भी प्रशोभित किया, और उसी के साथ-साथ तिरुक्कुरळ् के दिव्य सन्देश को संसार के विभिन्न देशों तक पहुँचाने में सफलता प्राप्त की।

---

1. "No Translation can express its charming effect."—P. vi. Introduction to the Sacred Kural—by G. U. Pope

इस ग्रन्थ के भाष्य तमिष़ में ही बारह से अधिक लिखे जा चुके हैं। प्रत्येक में एक विशिष्ट विचार-धारा को प्रतिबिम्बित होते हुए हम स्पष्टतः देख सकते हैं। इसके अनुवाद अन्य तीनों द्राविडीय भाषाओं में हो चुके हैं। तेलुगु में श्री वेंकटराम विद्यानन्द ने 'त्रिवर्ग दीपिका' के नाम से आकस्मिक स्वर्गवास के कारण केवल प्रथम दो खण्डों का पद्यानुवाद प्रस्तुत किया है। कन्नड में श्री नरसिंहाचार्य 'नीति मंजरी' के नाम से सम्पूर्ण ग्रन्थ का सुन्दर भाषान्तर तीन शताब्दियों के पूर्व ही कर गये हैं, और अभी श्री एल. गुण्डप्पा का भी संपूर्ण भाषानुवाद प्रकाशित हो चुका है। मलयाळम् में श्री परमेश्वरन् पिळ्ळै ने 'रत्न उद्धारकम्' के नाम से प्रथम दो खण्डों का भाषानुवाद किया है। इतर भारतीय भाषाओं में से बंगाली में डा० नलिनी मोहन सानियाल ने स्वर्गीय श्री वा० वे० सु० अय्यर के अंग्रेज़ी अनुवाद के आधार पर प्रसिद्ध भाषा-शास्त्रज्ञ डा० सुनिति कुमार चटर्जी के प्राक्कथन के साथ सुन्दर अनुवाद प्रस्तुत किया है। हिन्दी में श्री क्षेमानन्द राहत द्वारा चुने हुए ८९ अध्यायों का तथा प्रो० बी. डी. जैन द्वारा तीनों खण्डों का अंग्रेज़ी से भाषानुवाद हो चुका है।

प्रस्तुत अनुवाद में मैंने तिरुक्कुरळ् के तमिष़ भाष्यों पर, विशेष रूप से परिमेलऴगर के भाष्य पर तथा अन्य टीकाओं व भाषानुवादों पर ध्यान रखते हुए तिरुक्कुरळ के विशेषज्ञों से स्थान-स्थान पर परामर्श प्राप्त करके मूल तिरुक्कुरळ का अनुसरण करने का प्रयत्न किया है।

अपने आदरणीय वाइस चान्सलर सर ए० लक्ष्मणस्वामी मुदलियार जी को इस ग्रंथ का प्राक्कथन प्रदान करने के लिये मैं अपनी हार्दिक कृतज्ञता सादर समर्पित करता हूँ।

मद्रास विश्वविद्यालय,
मद्रास
१-६-१९५८

सु. शंकर राजू नायुडु

திருக்குறள்

तिरुक्कुरळ्

1. அறம்

१. धर्म

திருக்குறள்

I. அறத்துப்பால்

1. பாயிரவியல்

1. கடவுள் வாழ்த்து

1. அகர முதல எழுத்தெல்லாம் ஆதி
   பகவன் முதற்றே உலகு.

2. கற்றதனால் ஆய பயனென்கொல் வாலறிவன்
   நற்றாள் தொழாஅர் எனின்.

3. மலர்மிசை ஏகினான் மாணடி சேர்ந்தார்
   நிலமிசை நீடுவாழ் வார்.

4. வேண்டுதல் வேண்டாமை இலான் அடிசேர்ந்தார்க்கு
   யாண்டும் இடும்பை இல.

5. இருள்சேர் இருவினையும் சேரா இறைவன்
   பொருள்சேர் புகழ்புரிந்தார் மாட்டு.

6. பொறிவாயில் ஐந்தவித்தான் பொய்தீர் ஒழுக்க
   நெறிநின்றார் நீடுவாழ் வார்.

7. தனக்குவமை இல்லாதான் தாள்சேர்ந்தார்க் கல்லால்
   மனக்கவலை மாற்றல் அரிது.

8. அறவாழி அந்தணன் தாள்சேர்ந்தார்க் கல்லால்
   பிறவாழி நீந்தல் அரிது

9. கோளில் பொறியிற் குணமிலவே எண்குணத்தான்
   தாளை வாணங்காத் தலை

10. பிறவிப் பெருங்கடல் நீந்துவர் நீந்தார்
    இறைவன் அடிசேரா தார்.

तिरुक्कुरळ्

१. धर्म

१. प्रस्तावना

१. सर्वेश स्तुति

१. सभी अक्षर-मालाएँ 'अ' अक्षर को प्रथमतः धारण की हुई हैं। सभी लोक 'आदि भगवान्' को ही प्रथमतः धारण किये हुए हैं।

२. विशुद्ध-ज्ञान रूप सर्वेश्वर के श्री चरणों की सेवा के बिना सारा विद्यार्जन व्यर्थ ही है।

३. पुष्पों पर गमन करनेवाले (अथवा सभी के हृदय-कमल में उपस्थित) उस सर्वेश के पदों के उपासक (आनन्द) भूमि पर सदा दीर्घायुष्मान होंगे।

४. इच्छा व अनिच्छा से रिक्त सर्वेश की शरण जो ग्रहण करते हैं, उन्हें किसी प्रकार का कष्ट बाधित नहीं कर सकता।

५. सर्वेश के सुयश का सदा सप्रेम गान करनेवाले अज्ञान से उत्पन्न, उभय कर्मों से मुक्त रहेंगे।

६. पंचेन्द्रियों के उद्गारों को भस्मीभूत कर सर्वेश के सत्य-मार्ग के जो निरन्तर अनुगामी होते हैं, उन्हें स्थायी सद्गति प्राप्त होती है।

७. उस अनुपम परम पुरुष के पदों में पहुँचे बिना मन की चिन्ता कभी मिट नहीं सकती।

८. सदा शीतल व शान्त रहनेवाले उस धर्म-सिन्धु के चरणों की वंदना नहीं की तो भव-सागर से बेड़ा पार होना नितान्त असम्भव है।

९. अष्ट-गुणों से युक्त सर्वेश्वर के चरणों में जो शीश न झुके, उसे बस, शक्तिहीन इन्द्रिय के समान ही समझो।

१०. वे ही संसार-सागर से तरेंगे जो ईश्वर के श्री चरणों में स्थिर ...था तरना असम्भव ही है।

2. வான் சிறப்பு

11. வான்நின்று உலகம் வழங்கி வருதலால்
தான்அமிழ்தம் என்றுணரற் பாற்று.

12. துப்பார்க்குத் துப்பாய துப்பாக்கித் துப்பார்க்குத்
துப்பாய தூஉம் மழை.

13. விண்இன்று பொய்ப்பின் விரிநீர் வியனுலகத்து
உள்நின்று உடற்றும் பசி.

14. ஏரின் உழாஅர் உழவர் புயல்என்னும்
வாரி வளங்குன்றிக் கால்.

15. கெடுப்பதூஉம் கெட்டார்க்குச் சார்வாய்மற் றாங்கே
எடுப்பதூஉம் எல்லாம் மழை.

16. விசும்பின் துளிவீழின் அல்லால்மற் றாங்கே
பசும்புல் தலைகாண்பு அரிது.

17. நெடுங்கடலும் தன்நீர்மை குன்றும் தடிந்தெழிலி
தானல்கா தாகி விடின்.

18. சிறப்பொடு பூசனை செல்லாது வானம்
வறக்குமேல் வானோர்க்கும் ஈண்டு.

19. தானம் தவம்இரண்டும் தங்கா வியன்உலகம்
வானம் வழங்காது எனின்.

20. நீர்இன்று அமையாது உலகெனின் யார்யார்க்கும்
வான்இன்று அமையாது ஒழுக்கு.

२. वर्षा वैशिष्ट्य

११. संसार का अस्तित्व वर्षा पर आधारित होने के कारण वही संसार की सुधा कहलाने योग्य है।

१२. जीवमात्र के लिए उपयुक्त भोज्य पदार्थों की सृष्टि करके वर्षा स्वयं भी उनके लिए भोजन (जल) बन जाती है।

१३. ऋतुकालीन वर्षा न हो तो महासागरों के मध्य उपस्थित इस पृथ्वी के सभी जीवों को क्षुधा सदा सतायेगी।

१४. वर्षा रूपी आय में यदि कमी पड़ी तो कृषक कृषि-कर्म नहीं करेंगे।

१५. (न बरस कर) किसी व्यक्ति का नाश ही नहीं, अपितु (खूब बरस कर) गिरे हुए व्यक्ति का विकास करने की शक्ति भी वर्षा में है।

१६. वर्षा का जल-बिन्दु पड़े बिना, किसी स्थान पर हरित-तृण की नोक के भी दर्शन दुर्लभ होते हैं।

१७. यदि जलद अपने आपको क्षीण करके बरसना बन्द कर दे तो असीम समुद्र भी सूख जायगा।

१८. यदि वर्षा न हो तो संसार में सम्मान के साथ होनेवाली देव-पूजा बन्द हो जायगी।

१९. विस्तृत व्योम वर्षा-वृष्टि न करे तो इस विशाल वसुधा पर से दान व तपस्या दोनों का सदा के लिए लोप हो जायगा।

२०. जल के बिना संसार में जीवन का अन्त हो जायगा तो वर्षा के बिना सदाचरण को भी सब में समाप्त ही समझो।

3. நீத்தார் பெருமை

21. ஒழுககதது நீததாா பெருமை விழுப்பதது
வேண்டும் பனுவல் துணிவு

22. துறந்தார் பெருமை துணைககூறின் வையத்து
இறநதாரை எணணிக்கொண் டு அற்று.

23. இருமை வகைதெரிந்து ஈண்டுஅறம் பூண்டாா
பெருமை பிறங்கிற்று உல்கு.

24 உரரென்னும் தோட்டியான் ஓரைநதும் காப்பான்
வரனென்னும் வைப்பிற்கோா விதது

25. ஐநதவித்தான் ஆற்றல் அகல்விசும்பு ளார்கோமான்
இநதிரனே சாலும் கரி.

26. செயற்கரிய செயவார் பெரியர் சிறியர்
செயறகரிய செய்கலா தாா

27. சுவைஒளி ஊறுஓசை நாறறமென்று ஐந்தின
வகைதெரிவான் கட்டே உலகு.

28. நிறைமொழி மாந்தா பெருமை நிலதது
மறைமொழி காட்டி விடும்,

29. குணமென்னும் குன்றேறி நின்றாா வெகுளி
கணமேயும் காததல அரிது.

30. அந்தணாா என்போா அறவோாமற் றெவ்வுயிர்க்கும்
செநதண்மை பூணடொழுக லான்.

३. सन्यासी का माहात्म्य

२१. सभी धर्म-ग्रन्थों का निश्चित मत है कि सदाचरण पर स्थिर रूप से चलकर सन्यास ग्रहण करनेवालों की महिमा ही सर्वश्रेष्ठ है ।

२२. सन्यासी के माहात्म्य की गणना करना ठीक वैसा ही है जैसे यह गिनना कि इस संसार में आज तक कितने मृत्यु को प्राप्त हुए ।

२३. जन्म तथा मुक्ति—इन दोनों के सुख-दुख को पूर्णत: समझकर भविष्य में जन्म से मुक्ति प्राप्त करने के हेतु जो सन्यास ग्रहण करे, उसका मान संसार में बढ़ेगा ।

२४. दृढ़ता रूपी अंकुश के द्वारा पंचेन्द्रिय रूपी हस्तियों को जो वशीभूत कर ले, वह सर्वोत्तम लोक के एक बीज के समान है ।

२५ पंचेन्द्रियों पर विजय-प्राप्त व्यक्ति की शक्ति को व्यक्त करने के सुन्दर उदाहरण विशाल आकाश के अधिपति इन्द्र स्वयं हैं ।

२६. श्रेष्ठ कार्यो को सिद्ध करनेवाले व्यक्ति ही श्रेष्ठ हैं, और जो श्रेष्ठ कार्यों में सिद्ध नहीं होते, वे निम्न हैं ।

२७. वस्तुत: संसार उन्हीं के हाथों में है जो शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध के गुण के ज्ञाता हैं ।

२८. सारगर्भित शब्दों से युक्त सन्यासी की महिमा को इस संसार में धार्मिक वचन सिद्ध कर देंगे ।

२९ सद्गुण रूपी शृंग पर खड़े हुए व्यक्ति का क्रोध क्षणमात्र के लिए भी सहन नहीं किया जा सकता ।

३०. ब्राह्मण कहलाने योग्य वही है जो धर्म-निरत रहकर सभी जीवों पर सस्नेह दयार्द्र हो ।

4. அறன்வலியுறுத்தல்

31. சிறபபுானும் செல்வமும் ானும் அறததினூஉங்கு
ஆககம எவனோ உயிாக்கு.

32. அறத்தினூஉங்கு ஆககமும் இல்லை அதனை
மறததலின் ஊங்கில்லை கேடு.

33. ஒலலும வகையான அறவினை ஓவாதே
செல்லும்வா யெல்லாம் செயல்.

34. மனததுக்கண மாசிலன் ஆதல் அனைத்துஅறன்
ஆகுல நீர பிற

35. அழுககாறு அவாவெகுளி இன்னுச்சொல் நான்கும்
இழுககா இயன்றது அறம.

36. அன்றறிவாம் என்னுது அறஞ்செய்க மறறது
பொன்றுங்கால் பொன்றுத துணை.

37. அறததாறு இதுவென வேண்டா சிவிகை
பொறுததானோடு ஊாநதான் இடை.

38. வீழ்நாள் படாஅமை நன்றுற்றின் அஃதொருவன்
வாழ்நாள் வழிஅடைககும் கல்.

39. அறததான் வருவதே இன்பமமற றெல்லாம
புறதத புகழும இல.

40. செயற்பால தோரும் அறனே ஒருவறகு
உயறபால தோரும பழி.

४. धर्म की सबलता

३१. धर्म यशप्रद है, और धनप्रद भी। अतः जीवन के लिए धर्म से श्रेष्ठ और कौन-सा पदार्थ है?

३२. न तो धर्म से श्रेष्ठ कोई वस्तु ही है, और न उसका विस्मरण जैसा कोई पतन।

३३. धर्म को छोड़े बिना यथाशक्ति अपने सभी कर्मों को सम्पन्न करो।

३४. मन को निर्मल रखना ही वस्तुतः धर्म है। अन्य सभी कार्य वाह्याडम्बर मात्र हैं।

३५. ईर्ष्या, लोभ, क्रोध एवं कठोर वचन—इन चारों से सदा बचते रहना ही वस्तुतः धर्म है।

३६. स्थगित किये बिना सदा धर्म का पालन करो। यह मृत्यु के उपरान्त भी निरन्तर सहायक होता है।

३७. धर्म-लाभ के निदर्शन की क्या आवश्यकता? शिविका के कहार एवं सवार के मध्य एक दृष्टि मात्र डालो।

३८. एक दिन भी व्यर्थ गँवाये बिना किया गया सत्कर्म मनुष्य के भव-पथ को बन्द करनेवाला प्रस्तर-खण्ड होता है।

३९. सुख वही है जो सद्धर्म से प्राप्त हो। अन्य सभी वस्तुतः दुखप्रद एवं यशहीन ही होते हैं।

४०. मानव मात्र के लिए ग्रहण करने योग्य सत्कर्म ही है, और कुकर्म त्यागने योग्य है।

II. இல்லறவியல்

5. இல்வாழ்க்கை

41. இல்வாழ்வான் என்பான் இயல்புடையை மூவர்கும்
நல்லாற்றின் நின்ற துணை.

42. துறநதாாகும துவவா தவாககும இறந்தார்கும்
இல்வாழவான் என்பான் துணை.

43. தென்புலததாா தெய்வம விருநதொககல் தானென்றுங்கு
ஐம்புலத்தாறு ஓம்பல் தலை.

44. பழியஞ்சிப் பாதவூண் உடைத்தாயின் வாழ்க்கை
வழியெஞ்சல் எஞ்ஞான்றும் இல்.

45. அன்பும அறனும் உடைததாயின் இல்வாழ்ககை
பண்பும் பயனும் அது

46 அறததாற்றின் இல்வாழககை ஆற்றின் புறத்தாற்றில்
போஒய்ப பெறுவது எவன்,

47 இயல்பினுன் இல்வாழ்க்கை வாழ்பவன் என்பான்
முயல்வாருள எல்லாம் தலை.

48. ஆற்றின் ஒழுக்கி அறனிழுககா இல்வாழக்கை
நோற்பாரின் நோன்மை உடைதது.

49 அறனெனப் பட்டதே இல்வாழக்கை அஃதும்
பிறன்பழிப்பது இல்லாயின் நன்று

50. வையததுள் வாழ்வாங்கு வாழபவன் வானுறையும்
தெய்வத்துள் வைககப் படும்

२. गार्हस्थ्य-धर्म

५. गार्हस्थ्य-जीवन

४१. गृहस्थ अन्य तीनों आश्रमों में धर्मानुकूल जीवन व्यतीत करनेवालों का स्थाई सहायक होता है।

४२. साधु, निर्धन तथा निराश्रित मृतकों का सहायक गृहस्थ है।

४३. पूर्वज, भगवान, अतिथि, बन्धु तथा स्वयं—इन पाँचों के लिए धर्मानुकूल सतत कर्म करना ही गृहस्थ का प्रधान कर्त्तव्य है।

४४. धन संग्रह करते समय पाप से बचकर तथा व्यय करते समय विभाजित करके (अर्थात् दूसरों को खिलाकर) जीवन व्यतीत करनेवाले गृहस्थ का कभी पतन नहीं होता।

४५. गार्हस्थ्य-जीवन स्नेह एवं धर्म से युक्त हो तो वही उसका सौन्दर्य एवं फल होता है।

४६. धर्मानुसार गार्हस्थ्य-जीवन व्यतीत करनेवाले व्यक्ति को अन्य मार्गों का अनुसरण करने से क्या लाभ?

४७. नियमानुसार गार्हस्थ्य-जीवन व्यतीत करनेवाला ही जीवन में प्रवृत्त सभी आश्रमवासियों में श्रेष्ठ है।

४८. दूसरों को धर्मपरायण बनानेवाला तथा स्वयं भी धर्म-च्युत हुए बिना व्यतीत किया जानेवाला गार्हस्थ्य-जीवन तपस्वियों के जीवन से भी कहीं महान होता है।

४९. वस्तुतः गार्हस्थ्य-जीवन ही धर्म का पूर्ण रूप है और वह भी दोषारोपण से दूर हो तो फिर कहना ही क्या?

५०. संसार में यथायोग्य धर्मानुसार गार्हस्थ्य-जीवन व्यतीत करनेवाला स्वर्ग के देवता के समान माना जायगा।

6. வாழ்க்கைத்துணை நலம்

51. மனைத்தக்க மாண்புடையள் ஆகித்தற் கொண்டான்
வளத்தககாள் வாழ்ககைத் துணை.

52. மனைமாட்சி இலலாள்கண் இல்லாயின் வாழ்ககை
எனைமாட்சித தாயினும் இல்

53. இல்லதென் இல்லவள் மாண்பானால் உள்ளதென்
இல்லவள் மாணாக் கடை

54. பெண்ணிற் பெருநதகக யாவுள கற்பென்னும்
திண்மையுண் டாகப் பெறின்.

55. தெய்வந் தொழாஅள் கொழுநன் தொழுதெழுவாள்
பெய்யெனப பெய்யும் மழை.

56. தற்காத்துத் தறகொண்டாற பேணித தகைசான்ற
சொறகாததுச் சோர்விலாள் பெண்.

57. சிறைகாககுங காபபுஎவன் செயயும் மகளிர்
நிறைகாககும காப்பே தலை.

58. பெறறான் பெறின்பெறுவா பெண்டிர் பெருஞ்சிறப்புப்
புததேளிா வாழும உலகு.

59. புகழ்புரிநத இல்லிலோாககு இல்லை இகழ்வார்முன்
ஏறுபோல் பீடு நடை.

60. மஙகலம் என்ப மனைமாட்சி மறறுஅதன
நன்கலம நன்மககட் பேறு.

६. जीवन-संगिनी के गुण

५१. जीवन-संगिनी वही है जो गार्हस्थ्य के सद्गुणों से सम्पन्न हो और अपने पति की आय के अनुकूल गृहस्थी चलावे।

५२. गृहणी में गार्हस्थ्य-गुण नहीं तो किसी का जीवन कैसा ही श्रेष्ठ क्यों न हो, सब व्यर्थ है।

५३. गृहणी सद्गुण-सम्पन्न है तो गृहस्थ को किस वस्तु का अभाव? और यदि वैसी नहीं है तो उसके पास है ही क्या?

५४. (गार्हस्थ्य-जीवन में) सुदृढ़ सतीत्व से युक्त स्त्री से बढ़कर महान कौन-सी वस्तु है?

५५. पूजा भगवान की नहीं, अपितु अपने पति की ही करती हुई, कोई स्त्री उठती है तो उसके 'बरसो' कह देने पर ही वर्षा होगी[1]।

५६. जो अपने सतीत्व की रक्षा करे, अपने पति के पोषण[2] में संलग्न रहे, यथायोग्य सुयश को सँभाले रक्खे और (उपर्युक्त कार्यों को सम्पन्न करने में) कभी शिथिल न पड़े वही स्त्री है।

५७. घर की दीवारों में स्त्री को मर्यादित रखना किस काम का? वास्तविक मर्यादा तो उसका सतीत्व ही है।

५८. यदि स्त्री पति के मन को अपना बना ले तो उसे देवलोक के सकल वैभव अनायास ही प्राप्त हो जायेंगे।

५९ पत्नी सुयश-प्रिय न हो तो पति अपमानित करनेवालों के आगे पुरुष-सिंह के समान सिर ऊँचा करके नहीं चल सकता।

६०. गृहणी का सद्गुण ही गृहस्थ की मांगलिक शोभा है और सुपुत्र उसका आभूषण।

---

1. (दूसरा अर्थ) पूजा भगवान की नहीं, अपितु अपने पति की ही करती हुइ जो स्त्री उठती है वह (हमारी इच्छा व आवश्यकता के अनुकूल) 'बरसो' कह देने पर बरसनेवाली वर्षा के समान है।

2. (दूसरा अर्थ) अपने पति का पूर्णतः अनुकरण करके उसे ही प्राप्त करनेवाली स्त्री को स्वर्गीय-जीवन का श्रेष्ठ सुयश इसी जीवन मे सिद्ध होगा।

7. மக்கட்பேறு

61 பெறுமவற்றுள யாமறிவது இல்லை அறிவறிந்த
மககட்பேறு அல்ல பிற

62. எழுபிறபபும் தீயவை தீண்டா பழிபிறங்காப்
பண்புடை மககட பெறின்.

63. தம்பொருள என்பதம மக்கள் அவர்பொருள்
தம்தம் வினையான் வரும்.

64. அமிழதினும் ஆற்ற இனிதேதம் மக்கள்
சிறுகை அளாவிய கூழ.

65 மககள்மெய் தீண்டல் உடற்கின்பம மற்றுஅவா
சொற்கேட்டல் இன்பம் செவிக்கு

66. குழலஇனிது யாழஇனிது என்பதம் மககள்
மழலைசசொல் கேளா தவர்.

67 தந்தை மகற்காற்றும் நன்றி அவையத்து
முந்தி இருப்பச் செயல்.

68. தம்மின்தம் மககள் அறிவுடைமை மாநிலத்து
மன்னுயிர்க் கெல்லாம் இனிது

69 ஈன்ற பொழுதிற பெரிதுவககும் தன்மகனைச
சான்றோன் எனககேட்ட தாய்

70. மகன்தநதைககு ஆறறும உதவி இவன்தநதை
என்னோற்றான் கொலஎனுஞ் சொல்.

७. सन्तान प्राप्ति

६१. प्राप्य वस्तुओं में वुद्धिमान सन्तान से वढ़कर हम अन्य किसी को नहीं मानते ।

६२. यदि कोई निष्कलंक व सच्चरित्र सन्तान को जन्म दे तो सात जन्मों तक कुकुर्म उसे वाधित न करेंगे ।

६३. कहते हैं कि सन्तति ही किसी की सच्ची सम्पत्ति होती है । यह सम्पत्ति उसके कर्मानुसार होगी ।

६४. अपनी सन्तान के छोटे करों द्वारा घोला हुआ साधारण सत्तू अमृत से भी अधिक मधुर होता है ।

६५. सन्तान का तन-स्पर्श शरीर को तथा उनके तोतले वोल कानों को सुख देते हैं ।

६६. वाँसुरी व वीणा की ध्वनि को वे ही मधुर कहेंगे जिन्होंने अपने शिशु की तोतली वोली न सुनी हो ।

६७. पुत्र को सभा में अग्रिम स्थान में वैठने योग्य वनाना पिता की सवसे वड़ी कृतज्ञता होगी ।

६८ सन्तान का अपने से अधिक वुद्धिमान होना विशाल भूतल के सभी व्यक्तियों को आनन्द प्रदान करना है ।

६९. अपने पुत्र को 'वुद्धिमान' सम्वोधित होते हुए सुनकर माता पुत्र-जन्म के समय से अधिक आनन्द का अनुभव करती है ।

७०. पिता के प्रति पुत्र का प्रत्युपकार लोगों से यह कहलाना ही है कि न मालूम इसके पिता ने ऐसे पुत्र की प्राप्ति के लिए कैसा तप किया !

8. அன்புடைமை

71. அன்பிறகும உணடோ அடைககுமதாழ ஆர்வலர்
புன்கணநீா பூசல் தரும.

72. அன்பிலாா எலலாம் தமககுரியா அன்புடையாா
என்பும் உரியர் பிறர்ககு.

73. அன்போடு இயைநத வழக்கென்ப ஆருயிாக்கு
என்போடு இயைநத தொடாபு.

74 அன்புானும் ஆாவம உடைமை அதுஈனும
நண்பென்னும நாடாச சிறப்பு.

75. அன்புற்று அமாநத வழககென்ப வையகதது
இன்புற்ருர் எய்தும் சிறபபு.

76 அறததிற்கே அன்புசாா பென்ப அறியார்
மறத்திற்கும் அஃதே துணே.

77 என்பி லதனே வெயில்போலக காயுமே
அன்பு லதனே அறம்.

78. அன்பகத் தில்லா உயிா வாழககை வன்பாறகண
வற்றல் மரம்தளிாத தறறு

79 புறததுறுப பெலலாம எவன்செய்யும் யாககை
அகததுறுப்பு அன்பி லவர்கக

80 அன்பின வழியது உயிாநிலே அஃதிலார்கக
என்புதோல் போாத்த உடம்பு

८. स्नेह-सम्पन्नता

७१. स्नेह में आवरण की अर्गला कहाँ हो सकती है? स्नेही के अश्रु-बिन्दु मन की बात को प्रकट कर ही देते हैं।

७२. स्नेहशून्य सब वस्तुओं को अपने लिए मानते हैं। स्नेह-सम्पन्न अपने शरीर को भी दूसरों का मानते हैं।

७३. अमूल्य आत्मा का शरीर के साथ सम्बन्ध केवल स्नेह-सम्पृक्त-जीवन माना जाता है।

७४ स्नेह से पारस्परिक सहृदयता प्राप्त होती है जो मित्रता रूपी अमूल्य महानता प्रदान करती है।

७५. संसार में सानन्द जीवन व्यतीत करनेवालों का गौरव स्नेह-सम्पन्न जीवन में ही निहित है।

७६. अज्ञानी ही कहेंगे कि स्नेह धर्ममात्र का सहायक है, परन्तु वास्तव में वीरता का भी वही सहायक होता है।

७७. जिस प्रकार अस्थिहीन जीव को आतप रसहीन कर देता है, उसी प्रकार स्नेहहीन जीव को धर्म।

७८. स्नेहशून्य जीवन मरुस्थल में सूखे वृक्ष से कोपलें निकलने के समान ही है।

७९. शरीर के अन्तःकरण में स्नेह न हो तो उस शरीर के सभी वाह्यांगों से क्या लाभ सिद्ध हो सकता है?

८०. स्नेह-पथ में चलनेवाला शरीर ही सजीव शरीर है, अन्यथा वह हाड-चर्म वेष्टित सारहीन पदार्थ ही है।

9. விருந்தோம்பல்

81. இருந்தோம்பி இல்வாழ்வ தெல்லாம் விருந்தோம்பி
வேளாண்மை செய்தற் பொருட்டு

82 விருந்து புறத்ததாத் தானுண்டல் சாவா
மருந்தெனினும் வேண்டற்பாற் றன்று.

83. வருவிருந்து வைகலும் ஓம்புவான் வாழ்க்கை
பருவந்து பாழ்படுதல் இன்று.

84. அகனமர்ந்து செய்யாள் உறையும் முகனமர்ந்து
நல்விருந்து ஓம்புவான் இல்.

85 வித்தும் இடல்வேண்டும் கொல்லோ விருந்தோம்பி
மிச்சில் மிசைவான் புலம்.

86 செல்விருந்து ஓம்பி வருவிருந்து பார்த்திருப்பான்
நல்விருந்து வானத் தவர்க்கு.

87. இனைத்துணைத் தென்பதொன் றில்லை விருந்தின்
துணைத்துணை வேள்விப் பயன்.

88. பரிந்தோம்பிப் பற்றற்றேம் என்பர் விருந்தோம்பி
வேள்வி தலைப்படா தார்.

89. உடைமையுள் இன்மை விருந்தோம்பல் ஓம்பா
மடமை மடவார்கண் உண்டு.

90. மோப்பக் குழையும் அனிச்சம் முகந்திரிந்து
நோக்கக் குழையும் விருந்து

९. आतिथ्य

८१. घर व गृहस्थी का मूल उद्देश्य ही आतिथ्य व परोपकार है।

८२. अमर जीवनप्रद अमृत ही क्यों न हो, अतिथि को वाहर छोड़ कर स्वयं उसका उपभोग करना सर्वथा अनुचित ही है।

८३. आनेवाले अतिथियों का अनुदिन यथोचित् सत्कार करनेवाले के जीवन का पतन दारिद्र्य के कारण हो ही नहीं सकता।

८४. प्रसन्नवदन के साथ अच्छे अतिथियों का सत्कार करनेवाले के गृह में लक्ष्मी का सानन्द निवास रहता है।

८५. आतिथ्य के अनन्तर अवशेष पदार्थ का उपभोग करनेवाले की भूमि के लिए बीजों की भी आवश्यकता है क्या ?

८६. आये हुए अतिथि का आदर-सत्कार करके, आनेवाले अतिथियों की प्रतीक्षा में रहनेवाला स्वर्ग के सुरों का सुन्दर आतिथ्य प्राप्त करेगा।

८७. कौन कह सकता है कि आतिथ्य रूपी यज्ञ का फल कितना होता है ? वह तो अतिथि की योग्यता के समान रहता है।

८८. अतिथि-यज्ञ सम्पन्न न करनेवाले विषमताओं में संग्रहीत सम्पत्ति के नष्ट होने पर कहेंगे कि हम निराश्रित हो गये हैं।

८९. आतिथ्य का निर्वाह न करने की मूढ़ता ही धनी का दारिद्र्य है। यह बुद्धिहीनों में ही होता है।

९०. सूंघने पर मुरझा जाता है 'अनिच्चम' का पुष्प। मुँह टेढ़ा करके देखने मात्र से अतिथि का आनन्द उड़ जाता है।

10. இனியவை கூறல்

91. இன்சொலால் ஈரம் அளைஇப் படிறுஇலவாஞ
செம்பொருள் கண்டார்வாய்ச் சொல்.

92. அகனமாநது ஈதலின் நன்றே முகனமர்ந்து
இன்சொலன் ஆகப் பெறின்.

93. முகத்தான் அமர்நதினிது நோககி அகத்தாணும்
இன்சொல் இனிதே அறம்.

94. துன்புறூஉந் துவ்வாமை இல்லாகும் யார்மாட்டும்
இன்புறூஉம் இன்சொ லவர்க்கு

95. பணிவுடையன் இன்சொலன் ஆதல் ஒருவற்கு
அணியல்ல மற்றுப் பிற.

96. அல்லவை தேய அறம்பெருகும் நல்லவை
நாடி இனிய சொலின்.

97. நயன்ஈன்று நன்றி பயக்கும் பயன்ஈன்று
பணபின தலைப்பிரியாச் சொல்.

98. சிறுமையுள் நீங்கிய இன்சொல் மறுமையும்
இம்மையும் இன்பம் தரும்.

99 இன்சொல் இனிதீன்றல் காண்பான் எவன்கொலோ
வன்சொல் வழங்கு வது.

100. இனிய உளவாக இன்னாத கூறல்
கனியிருப்பக காய்கவர்ந தற்று.

१०. मधुर भाषण

९१. धर्म के मर्मज्ञों के स्नेह-संयुक्त व प्रवंचना से रिक्त वचन ही मधुर वचन होते हैं।

९२. दयार्द्र होकर दान करने से भी कहीं श्रेष्ठ है प्रसन्न मुख के साथ मधुर वचन व्यक्त करना।

९३. मुख पर प्रेम-भाव लिये स्नेहपूर्ण दृष्टि के साथ हृदय से सीधे निस्सृत मधुर वचन ही धर्म है।

९४. सुखद मधुर वचन व्यक्त करनेवालों के पास दुखद दारिद्र्य कभी नहीं फटकता।

९५. नम्रता एवं मधुर वचन ही मनुष्य के आभूषण हैं। अन्य वस्तुतः आभूषण नहीं हैं।

९६. शुभ का ध्यान रखते हुए मधुर वचन कोई व्यक्त करे तो उसके पाप-विमोचनार्थ धर्म की स्वतः अभिवृद्धि होती है।

९७. दूसरों की सहायता करते हुए मानव-सुलभ माधुर्य से पूर्ण वचन वक्ता को आनन्द एवं धर्म प्रदान करते हैं।

९८. (दूसरों को दुख पहुँचाने की) तुच्छता से रिक्त मधुर बोल मृत्यु-पर्यन्त एवं उसके अनन्तर भी आनन्द प्रदान करेंगे।

९९. मधुर वचन के मधुर प्रभाव का इच्छुक क्योंकर कटु वचन का प्रयोग करने लगा?

१००. मधुर वचनों [illegible] ने हुए उन्हें छोड़ कटु वचन का प्रयोग करना पके [illegible] ए कच्चे को खाने के समान है।

11. செய்ந்நன்றி அறிதல்

101. செயயாமற செய்த உதவிககு வையகமும்
வானகமும ஆற்றல் அரிது.

102. காலததி ஞற்செய்த நன்றி சிறிதெனினும
ஞாலததின் மாணப் பெரிது.

103. பயன்தூககா செய்த உதவி நயன்தூக்கின்
நனமை கடலிற பெரிது

104. தினைததுணை நன்றி செயினும் பனைததுணையாக்
கொள்வா பயன்தெரி வார்.

105. உதவி வரைததன்று உதவி உதவி
செயபபட்டாா சால்பின் வரைத்து.

106. மறவற்க மாசற்ருா கேண்மை துறவற்க
துன்பத்துள் துபபாயார் நட்பு.

107. எழுமை எழுபிறப்பும் உள்ளுவா தஙகண்
விழுமந் துடைததவர் நட்பு.

108. நன்றி மறப்பது நன்றன்று நன்றல்லது
அன்றே மறப்பது நன்று.

109. கொன்றன்ன இன்ஞ செயினும் அவாசெய்த
ஒன்றுநன்று உள்ளக கெடும்.

110. எநநனறி கொன்ருர்ககும் உய்வுண்டாம் உய்வில்லை
செயநநனறி கொன்ற மகற்கு.

११. कृतज्ञता

१०१. पूर्व-प्राप्त उपकार के बिना किये गये उपकार के लिए यदि भूलोक एवं देवलोक भी दिये जायँ तो थोड़ा है।

१०२. आवश्यक समय पर पहुँचायी गयी सहायता अल्प होने पर भी इस पृथ्वी-लोक से बढ़कर होती है।

१०३. व्यक्तिगत लाभ के विचार के बिना की गयी सहायता का विवेचन करें तो वह समुद्र से भी विशाल विदित होगी।

१०४. तृणतुल्य भी उपकार क्यों न हो, उसके फल को समझनेवाले उसे ताड़ के समान मानेंगे।

१०५ किसी उपकार के प्रतिरूप किया गया उपकार कभी पूर्वकृत उपकार के समान नहीं हो सकता ; यह तो उपकृत व्यक्ति की गुण-गरिमा के अनुसार ही होता है।

१०६. निर्दोष व्यक्तियों का सम्बन्ध न छोड़ो। दुःख के समय जिसने सहायता की हो उसकी मित्रता को न त्यागो।

१०७. सज्जन वही है जो अपने पर आये हुए दुख को हटानेवाले का सातों जन्मों में स्मरण रखता है।

१०८. उपकार का विसरण उचित नहीं होता, पर अपकार को उसी दम भूल जाना ही उचित है।

१०९. मरण सदृश अति विषम अपकार करने पर भी, अपकारी के पूर्वकृत एक उपकार का स्मरण उस अपकार को भुला देगा।

११०. किसी भी धर्म से च्युत होनेवाले के लिए तो पाप-विमोचन का मार्ग है, परन्तु कृतघ्न के लिए कोई मार्ग नहीं।

12. நடுவுநிலைமை

111. தகுதி எனவொன்று நன்றே பகுதியால்
பாற்பட்டு ஒழுகப் பெறின்.

112. செப்பம் உடையவன் ஆககம சிதைவின்றி
எச்சத்திற்கு ஏமாப்பு உடைதது.

113 நன்றே தரினும் நடுவிகநதாம் ஆககத்தை
அன்றே ஒழிய விடல்.

114. தககார் தகவிலா என்பது அவரவா
எச்சத்தால் காணப் படும்.

115. கேடும் பெருககமும் இலலல்ல நெஞ்சத்துக்
கோடாமை சான்றோர்ககு அணி.

116. கெடுவல்யான் என்பது அறிகதன் நெஞ்சம்
நடுஒரீஇ அல்ல செயின்.

117. கெடுவாக வையாது உலகம் நடுவாக
நன்றிககண் தங்கியான் தாழ்வு.

118. சமனசெயது சீர்தூககும் கோல்போல் அமைந்தொருபால்
கோடாமை சான்றோர்ககு அணி.

119. சொற்கோட்டம் இல்லது செப்பம் ஒருதலையா
உட்கோட்டம் இன்மை பெறின்.

120 வாணிகம் செயவார்ககு வாணிகம் பேணிப்
பிறவும் தமபோல் செயின்.

१२. मध्यस्थिति

१११. मध्यस्थता एक सुन्दर सिद्धान्त है, पर तब जब वह विभिन्न क्षेत्रों में नियमानुकूल व्यवस्थित हो।

११२. न केवल मध्यस्थता से युक्त व्यक्ति की सम्पत्ति कम नहीं होती, अपितु वह उसकी सन्तति के लिए स्थाई आश्रय होकर रहती है।

११३. मध्यस्थता से च्युत होने पर चाहे किसी प्रकार की उन्नति भी क्यों न प्राप्त हो, उसे उसी दम त्याग देना चाहिए।

११४. कोई मध्यस्थता से युक्त है अथवा नहीं, इसका ज्ञान उसकी सन्तति से होता है।

११५. जीवन में उत्थान-पतन तो रहता ही है, पर मध्यस्थता ही बुद्धिमानों का भूषण है।

११६. हृदय मध्यस्थता को त्यागे तो समझें कि पतन होनेवाला है।

११७. धर्म-पथ पर चलकर मध्यस्थता का निरन्तर पालन करनेवाला यदि दरिद्र हो जाय तो संसार उसका अपमान नहीं करेगा।

११८. सम रहकर मूल्यांकन करनेवाले तराजू के समान व्यवहार करना ही मध्यस्थता पर चलनेवाले व्यक्ति का आभूषण है।

११९. मध्यस्थता इसी में है कि वचन में किसी प्रकार की वक्रता न हो, पर साथ-साथ मन में भी लेशमात्र वक्रता न हो।

१२०. वणिक के वाणिज्य की सुन्दरता इसी में है कि वह दूसरों की वस्तुओं को भी अपनी वस्तु के समान मान कर व्यापार करे।

13. அடக்கமுடைமை

121. அடககம அமரருள் உய்க்கும் அடங்காமை
ஆரிருள் உய்த்து விடும்.

122 காகக பொருளா அடக்கததை ஆக்கம்
அதனினூஉஙகு இல்லை உயிாககு.

123. செறிவறிநது சீர்மை பயக்கும் அறிவறிநது
ஆற்றின் அடங்கப் பெறின்.

124. நிலையில் திரியாது அடஙகியான் தோற்றம்
மலையினும் மாணப் பெரிது.

125 எல்லார்ககும் நன்றாம் பணிதல் அவருள்ளும்
செல்வர்ககே செல்வம தகைதது

126. ஒருமையுள் ஆமைபோல ஐந்தடககல் ஆற்றின்
எழுமையும் ஏமாப்பு உடைத்து.

127. யாகாவார் ஆயினும் நாகாகக காவாக்கால்
சோகாப்பா சொல்லிழுக்குப் பட்டு

128. ஒன்றானும் தீச்சொல் பொருட்பயன் உண்டாயின்
நன்றாகா தாகி விடும்.

129. தீயினால் சுட்டபுண உள்ளாறும் ஆறாதே
நாவினாற் சுட்ட வடு.

130 கதங்காததுக் கற்றடங்கல் ஆற்றுவான் செவ்வி
அறம்பார்ககும் ஆற்றின் நுழைந்து.

१३. संयम

१२१. संशय दैवत्य प्रदान करता है और असंयम घनघोर अंधकार में झोंक देता है।

१२२. संयम को विशिष्ट सम्पति मानकर उसकी सुरक्षा करनी चाहिए क्योंकि इससे श्रेष्ठ सम्पत्ति जीवन के लिए और कोई नहीं है।

१२३. यदि कोई संयम को ही आत्म ज्ञान मान कर उस धर्म पर चले तो वह सज्जनों के द्वारा सम्मानित होकर श्रीवृद्धि प्राप्त करेगा।

१२४. अपनी स्थिति के अनुकूल संयम पर बिना परिवर्त्तन के स्थिर रहनेवाले की ऊँचाई पर्वत से कही बढ़कर होती है।

१२५. नम्र व्यवहार सब के लिए अच्छा है, पर उसमें भी धनवानों के लिए तो अमूल्य धन के समान होता है।

१२६. कोई व्यक्ति एक जन्म में पंचेन्द्रिय को संयम से रखे तो उसमें उसके सातों जन्मों में रक्षा करने की सामर्थ्य होती है।

१२७. चाहे आवश्यक विषयों में से किसी और की रक्षा न करें, पर जिह्वा की रक्षा अवश्य करें। अन्यथा अपने अनुचित वचनों के फलस्वरूप स्वयं दुखित होंगे।

१२८. बुरे वचनों के फलस्वरूप अन्य को दुखित करनेवाली एक बात भी हुई तो इतर धर्मों से किसी प्रकार का लाभ नहीं होगा।

१२९. अग्नि का जला घाव तो भीतर से पूर्णतः ठीक हो जाता है, और बाहर एक चिह्न मात्र रह जाता है। पर जिह्वा का लगा घाव कभी अच्छा नहीं हो सकता।

१३० विद्योपार्जन के अनन्तर संयम से निष्क्रोध ही जीवन व्यतीत करनेवाले के उचित अवसर के लिए धर्म-देवता भी प्रतीक्षा करेंगे।

14. ஒழுக்கமுடைமை

131. ஒழுகக‌ம் விழுப்பம் தரலான் ஒழுக்கம்
உயிரினும் ஓம்பப் படும்.

132. பரிந்தோம்பிக் காக்க ஒழுககம் தெரிந்தோம்பித்
தேரினும் அஃதே துணை.

133. ஒழுக்கம் உடைமை குடிமை இழுக்கம்
இழிந்த பிறப்பாய் விடும்.

134 மறப்பினும் ஓத்துக கொளலாகும் பார்ப்பான்
பிறப்பொழுக்கம் குன்றக கெடும்.

135. அழுக்காறு உடையான்கண் ஆக்கம்போன்று இல்லை
ஒழுக்கம் இலான்கண் உயர்வு.

136. ஒழுக்கத்தின் ஒல்கார் உரவோர் இழுக்கத்தின்
ஏதம் படுபாக்கு அறிந்து.

137. ஒழுக்கத்தின் எய்துவா மேன்மை இழுக்கத்தின்
எய்துவர் எயதாப் பழி.

138. நன்றிகககு விததாகும் நல்லொழுககம் தீயொழுக்கம்
என்றும் இடும்பை தரும்.

139. ஒழுககம் உடையவர்க்கு ஒல்லாவே தீய
வழுககியும் வாயால் சொலல்.

140. உலகததோடு ஒட்ட ஒழுகல் பலகற்றும்
கல்லார் அறிவிலா தார்.

१४. सदाचरण

१३१. सदाचरण ही सब को श्री-वृद्धि प्रदान करता है, अतः उसे प्राणों से बढ़कर मानना चाहिए।

१३२. सदाचरण की सप्रयत्न सुरक्षा करनी चाहिए। क्योंकि समीक्षा करने पर वही स्थाई सहायक सिद्ध होता है।

१३३. श्रेष्ठ कुल का लक्षण सदाचरण से युक्त जीवन ही है। दुराचरण नीच जन्म को सिद्ध कर देगा।

१३४. विस्मृत विषय का पुनः अध्ययन कर सकते हैं, परन्तु यदि ब्राह्मण आचरण - भ्रष्ट हो गया तो उसके जन्म की प्रतिष्ठा सदा के लिए नष्ट हो जायगी।

१३५. ईर्ष्यालु व्यक्ति की वृद्धि जिस प्रकार नहीं होती, उसी प्रकार आचरणहीन व्यक्ति की अभिवृद्धि भी कभी नहीं होती।

१३६. दुराचरण के दोषों को समझकर दृढ़ - चित्त बुद्धिमान सदाचरण की सदा सुरक्षा करेंगे।

१३७. सदाचरण से सभी श्रेष्ठ बनेंगे और दुराचरण से अति निन्दित होंगे।

१३८. सुखी जीवन का बीज है सदाचरण, और दुराचरण दुख ही देगा।

१३९. सदाचरण पर चलनेवाले भूलकर भी अपने मुँह से बुरे वचन नहीं निकालेंगे।

१४०. अनेक विद्याओं का अध्ययन करके भी जो समाज के साथ मिलकर आचरण युक्त जीवन व्यतीत करना नहीं जानते, वे अज्ञानी ही समझे जायेंगे।

15. பிறனில் விழையாமை

141. பிறன்பொருளாள் பெடடொழுகும் பேதைமை ஞாலதது
அறம்பொருள கணடார்கண் இல்

142. அறன்கடை நின்ருருள் எல்லாம் பிறன்கடை
நின்ருரின் பேதையாா இல்.

143 விளிநதாரின் வேறலலர் மன்ற தெளிந்தாரில்
தீமை புரிநதுஒழுகு வார்.

144. எனைததுணையா ஆயினும் என்னும் தினைத்துணையும்
தேரான் பிறனில் புகல்.

145. எளிதென இல்லிறப்பான் எய்துமெஞ் ஞான்றும்
விளியாது நிற்கும் பழி.

146. பகைபாவம அச்சம் பழியென நான்கும
இகவாவாம் இல்லிறப்பான் கண்.

147. அறனியலான் இல்வாழவான் என்பான் பிறனியலாள்
பெண்மை நயவா தவன்.

148. பிறன்மனை நோக்காத பேராண்மை சான்ருோக்கு
அறனென்ருே ஆனற ஒழுக்கு.

149. நலககுரியாா யாரெனின் நாமநீா வைப்பின்
பிறற்குரியாள் தோள்தோயா தார்.

150 அறன்வரையான் அல்ல செயினும பிறன்வரையாள்
பெண்மை நயவாமை நன்று.

१५. परदार-अनिच्छा

१४१. संसार में धर्म एवं धन के तत्वज्ञों में परदारेच्छा की मूढ़ता नहीं होती।

१४२. अधर्मपथगामियों में अन्य स्त्री के गृह-द्वार पर प्रतीक्षा करनेवाले के समान मूढ़ और कोई नहीं।

१४३. विश्वस्त मित्र की स्त्री के साथ कलुषित व्यवहार करनेवाले मृत्युगत के अतिरिक्त और कोई नहीं।

१४४. कोई व्यक्ति चाहे कितना ही महान क्यों न हो, तनिक भी विचार किये बिना परस्त्री-गमन करने से उसकी क्या दशा होगी?

१४५. अति सुलभ मानकर अन्य स्त्री पर आसक्त होनेवाला स्थाई निन्दा का पात्र होगा।

१४६. शत्रुता, पाप, भय एवं निन्दा—ये चारों परदारेच्छुक से कभी पृथक नहीं होंगे।

१४७. दूसरे की धर्म-पत्नी पर कभी न आसक्त होने वाला ही धार्मिक गृहस्थ होता है।

१४८. दूसरे की स्त्री को कामेच्छा से कभी न निहारने का महान पौरुष बुद्धिमानों का धर्म ही नहीं, मूल सदाचरण भी है।

१४९. भयंकर समुद्र के मध्य स्थित संसार में समस्त वैभवों का अधिकारी वही है जो अन्य की अधिकृता स्त्री के स्कन्धों का आलिंगन न करे।

१५०. धर्म की सीमा के बाहर के कर्मों को करने पर भी, परदारेच्छा से दूर रहना अच्छा है।

16. பொறையுடைமை

151. அகழவாரைத தாங்கும் நிலம்போலத தம்மை
இகழவாாப் பொறுததல் தலை.

152. பொறுத்தல் இறப்பினை என்றும் அதனை
மறததல் அதனினும் நன்று.

153. இன்மையுள இன்மை விருநதொரால் வன்மையுள
வன்மை மடவாாப் பொறை.

154 நிறையுடைமை நீங்காமை வேண்டின் பொறையுடைமை
போற்றி ஒழுகப் படும்.

155. ஒறுததாரை ஒன்ருக வையாரே வைப்பர்
பொறுததாரைப் பொன்போற பொதிந்து.

156. ஒறுததார்ககு ஒருநாளை இன்பம் பொறுத்தார்ககுப்
பொனறுந துணையும புகழ்.

157. திறனலல தறபிறா செய்யினும நோநொந்து
அறனல்ல செய்யாமை நன்று.

158. மிகுதியால் மிககவை செய்தாரைத தாம்தம்
தகுதியால வென்று விடல.

159. துறந்தாரின் தூயமை உடையா இறநதார்வாய்
இனனுசசொல் நோற்கிற் பவா.

160. உணணுது நோற்பாா பெரியா பிறாசொல்லும்
இன்னுச்சொல நோற்பாரின் பின்.

१६. सहनशीलता

१५१. खोदनेवालों का भी भार जिस प्रकार पृथ्वी सहन करती है उसी प्रकार अपने निन्दकों को सहन करना एक विशिष्ट धर्म है।

१५२. सहनशीलता सदा एक श्रेयस्कर गुण है, पर उसका विस्मरण उससे भी अधिक श्रेयस्कर है।

१५३. दरिद्रों में दरिद्र वह है जो अतिथि का सत्कार न करे। महानों में महान वह है जो मूढ़ के शब्दों को सह ले।

१५४. सदाचरण की स्थिरता की अभिलाषा हो तो सहनशीलता को सदा सँभाले रहो।

१५५. किये के बदले में दुःख देनेवाले को लोग सज्जन नहीं मानते पर सहनशील व्यक्ति को स्वर्ण के समान सुरक्षित रखते हैं।

१५६. बदले में दुःख पहुँचानेवाले को एक दिन का आनन्द भले ही प्राप्त हो, पर सहनशील व्यक्ति का पृथ्वी के प्रलय-काल तक सम्मान होता रहेगा।

१५७. दूसरों के द्वारा अनुचित व्यवहार किये जाने पर भी उससे दुखित होकर बदले में धर्महीन कर्म न करना अच्छा है।

१५८. अहंकार के कारण अनुचित व्यवहार करनेवाले पर अपनी योग्यता से विजय प्राप्त करनी चाहिए।

१५९. अनुचित व्यवहार करनेवालों के अपशब्दों को सहन करनेवाले वस्तुतः साधुओं जैसे निर्मल हृदयवाले ही होते हैं।

१६०. उपवास का व्रत धारण करनेवालों की महानता दूसरों के दुर्वचनों को सह लेनेवालों के बाद ही है।

17. அழுக்காருமை

161 ஒழுககாருக கொள்க ஒருவன் தன் நெஞ்சத்து
அழுககாறு இலாத இயல்பு.

162. விழுப்பேற்றின் அஃதொப்பது இல்லையாா மாட்டும்
அழுககாறறின் அன்மை பெறின்.

163. அறன்ஆககம் வேண்டாதான் என்பான் பிறனுக்கம்
பேணுது அழுக்கறுப் பான்.

164. அழுககாறறின் அலலவை செய்யாா இழுக்காற்றின்
ஏதம் படுபாகசு அறிந்து.

165. அழுககாறு உடையார்கசு அதுசாலும் ஒன்ருர்
வழுக்கியும் கேடீன் பது.

166. கொடுப்பது அழுககறுப்பான் சுற்றம் உடுப்பதூஉம்
உண்பதூஉம் இனறிக் கெடும.

167. அவ்விதது அழுக்காறு உடையானைச் செய்யவள்
தவ்வையைக காட்டி விடும்

168. அறுககாறு எனஒரு பாவி திருச்செற்றுத்
தீயுழி உய்தது விடும்.

169. அவ்விய நெஞசததான் ஆக்கமுஞ் செவ்வியான்
கேடும் நினைக்கப் படும்.

170 அழுககற்று அகன்ருரும் இல்லை அஃது இல்லார்
பெருககததின் தீர்ந்தாரும் இல்.

१७. ईर्ष्या न करना

१६१. अपने हृदय में ईर्ष्या न करने के गुण को ही सदाचार समझना चाहिए।

१६२. महत्तम गुणों में किसी से ईर्ष्या न करने से श्रेष्ठ कोई नहीं है।

१६३. जो अपने लिए धर्म एवं उन्नति की इच्छा नहीं रखता वही दूसरों की उन्नति देख प्रसन्न न होकर ईर्ष्या करेगा।

१६४. ईर्ष्या-पथ की बाधाओं को समझकर बुद्धिमान उससे सम्भवित अधार्मिक कर्मों को कदापि न करेंगे।

१६५. ईर्ष्या शत्रु के अभाव में भी बाधा उपस्थित कर सकती है, अतः ईर्ष्यावान के नाश के लिए वही दुर्गुण यथेष्ट है।

१६६. सहायतार्थ दिया हुआ धन देखकर ईर्ष्या करनेवाले का कुटुम्ब वस्त्र-भोजन बिना नाशमान होगा।

१६७. ईर्ष्यावान से देवी स्वयं ईर्ष्या करके अपनी ज्येष्ठा दरिद्रता को उसे दिखा देती है।

१६८. ईर्ष्या नामक पापी सम्पत्ति का सर्वनाश करके व्यक्ति को दुर्मार्ग पर धकेल ले जाता है।

१६९. ईर्ष्यावान की उन्नति एवं ईर्ष्याहीन सज्जन की अवनति समीक्षा योग्य विषय हैं।

१७०. संसार में समृद्धि प्राप्त ईर्ष्यावान भी नहीं है, और समृद्धि से गिरे हुए ईर्ष्या रहित सज्जन भी नहीं है।

18. வெஃகாமை

171. நடுவின்றி நன்பொருள் வெஃகின் குடிபொன்றி
குற்றமும் ஆங்கே தரும்.

172. படுபயன் வெஃகிப் பழிப்படுவ செய்யார்
நடுவன்மை நாணு பவர்.

173. சிற்றின்பம் வெஃகி அறனல்ல செய்யாரே
மற்றின்பம் வேண்டு பவர்.

174. இலமென்று வெஃகுதல் செய்யார் புலம்வென்ற
புன்மையில் காட்சி யவர்.

175. அஃகி அகன்ற அறிவென்னும் யார்மாட்டும்
வெஃகி வெறிய செயின்.

176. அருள்வெஃகி ஆற்றின்கண் நின்றான் பொருள்வெஃகிப்
பொல்லாத சூழக் கெடும்.

177. வேண்டற்க வெஃகியாம் ஆக்கம் விளைவயின்
மாண்டற்கு அரிதாம் பயன்.

178. அஃகாமை செல்வத்திற்கு யாதெனின் வெஃகாமை
வேண்டும் பிறன்கைப் பொருள்.

179. அறனறிந்து வெஃகா அறிவுடையார்ச் சேரும்
திறன்அறிந்து ஆங்கே திரு.

180. இறல்ஈனும் எண்ணாது வெஃகின் விறல்ஈனும்
வேண்டாமை என்னுஞ் செருக்கு.

१८. निर्लोभता

१७१. अन्याय से दूसरों की अच्छी वस्तु का लोभ करना कुल का नाश करके विभिन्न दोषों को वहीं उत्पन्न करता है।

१७२. अन्याय से लज्जित होनेवाले अन्य की वस्तु के लोभ के कुपरिणाम को समझकर (उसके अपहरणार्थ) कभी अनुचित मार्ग का अनुसरण नहीं करेंगे।

१७३. स्थाई आनन्द के प्रेमी क्षणिक आनन्द प्रदान करनेवाले पदार्थों के लोभ में पड़कर कभी अधर्मनिष्ठ न होंगे।

१७४. पंचेन्द्रियजित निर्दोष व्यक्ति दरिद्र हो जाने पर भी दूसरों की सम्पत्ति का लोभ न करेंगे।

१७५. यदि कोई किसी की वस्तु के लोभ में आकर मूर्खतापूर्ण व्यवहार करे तो उसकी सूक्ष्म एवं विशाल बुद्धि से क्या लाभ?

१७६. ईश्वरीय करुणा का अभिलाषी धर्म-पथ का पथिक यदि अर्थ-लोभ से अनुचित व्यवहार का विचार करेगा तो नाशमान होगा।

१७७. लोभवश प्राप्त सम्पत्ति से उन्नति की अभिलाषा न रखो। उसके भोग से किसी प्रकार का लाभ सिद्ध नहीं हो सकता।

१७८. सम्पत्ति की समृद्धि का क्या साधन है? यही कि दूसरों की सम्पत्ति का लोभ न हो।

१७९. धर्मज्ञ व निर्लोभ बुद्धि से युक्त व्यक्ति की गुण-गरिमा का मूल्यांकन करके लक्ष्मी स्वयं उसके पास पहुँचती है।

१८०. विना विचारे लोभवश होने से दुर्गति प्राप्त होगी। उसकी अनिच्छा रूपी सम्पत्ति जीवन साफल्य प्रदान करेगी।

19. புறங்கூருமை

181. அறங்கூருன் அல்ல செயினும் ஒருவன்
புறங்கூருன் என்றல் இனிது.

182. அறனழீஇ அல்லவை செய்தலின் தீதே
புறனழீஇப பொய்த்து நகை.

183. புறங்கூறிப் பொய்ததுயிா வாழ்தலின் சாதல்
அறஙகூறும ஆககந் தரும்.

184. கண்ணின்று கண்ணறச சொல்லினும் சொல்லறக
முன்இன்று பின்நோககாச் சொல்.

185. அறஞசொல்லும் நெஞசததான் அன்மை புறஞசொல்லும்
புன்மையால் காணப் படும்.

186. பிறன்பழி கூறுவாறு தன்பழி உள்ளும
திறன்தெரிந்து கூறப் படும்.

187. பகசசொல்லிக கேளிர்ப் பிரிப்பா நகசசொல்லி
நட்பாடல் தேற்ரு தவர்.

188. துன்னியார் குற்றமும தூற்றும் மரபினர்
என்னைகொல் ஏதிலாா மாட்டு.

189. அறன்நோககி ஆற்றுங்கொல வையம் புறன்நோககிப்
புன்சொல உரைப்பான் பொறை

190 ஏதிலாா குற்றம்போல் தங்குற்றம் காண்கிற்பின்
தீதுண்டோ மன்னும உயிர்ககு.

१९. अपिशुनता

१८१. चाहे कोई धार्मिक वचनों को न कहे और अधर्म कर्म करे, पर अपिशुन कहलाना अच्छा है ।

१८२. धर्म के विरोध में बोलने और दुष्कर्मों को करने से भी अधम है अनुपस्थित की निन्दा करना और उसके सम्मुख उसकी झूठी प्रशंसा करना ।

१८३. चुगली खाते हुए असत्यपूर्ण जीवन व्यतीत करने से निर्धन रहकर मर-मिटना धर्म-ग्रन्थों में कथित सद्गति प्रदान करेगा ।

१८४. समुपस्थित व्यक्ति से सक्रोध कुछ भी कह लो, परन्तु पीठ-पीछे विना विचारे एक शब्द भी न कहो ।

१८५. किसी की पिशुनता के गुण से सिद्ध हो जाता है कि उसके हृदय में धर्म-पथ पर चलने की शक्ति नहीं है ।

१८६. दूसरों के दोषों का ही जो बखान करता है, उसके दोषों की आलोचना दूसरे करेंगे, और वह निन्दित होगा ।

१८७. आनन्दप्रद वार्ता से मैत्री स्थापित करने का गुण जिनमें नहीं है, वे पिशुनता के कारण अपने मित्रों से भी वंचित हो जायेंगे ।

१८८. आत्मीय व्यक्तियों के भी दोषों का सर्वत्र बखान करनेवाले, अपरिचित के साथ कैसा व्यवहार करेंगे, यह भगवान ही जाने ।

१८९. अनुपस्थित देख किसी की निन्दा करनेवाले का भी भार पृथ्वी मानो धर्म समझ कर ही सहन करती है ।

१९०. दूसरों के दोषों के समान अपना दोष देखने लगे तो जीवमात्र को कोई दुख भी हो सकता है ?

20. பயனில சொல்லாமை

191 பல்லாா முனியப் பயனில சொல்லுவான்
எல்லாரும எளளப் படும்.

192. பயனில பலலாாமுன் சொல்லல் நயனில
நட்டார்கண செயதலின தீது.

193. நயனிலன் என்பது சொல்லும பயனில
பாரிதது உரைககும் உரை.

194. நயன்சாரா நன்மையின் நீககும் பயன்சாராப்
பண்பில்சொல் பல்லாா அகதது.

195. சீாமை சிறப்பொடு நீங்கும பயனில
நீாமை உடையாா சொலின்.

196. பயனில்சொல் பாராட்டு வானை மகன்எனல
மக்கட் பதடி எனல்.

197. நயனில சொல்லினுஞ் சொல்லுக சான்றோா
பயனில சொலலாமை நன்று.

198. அரும்பயன் ஆயும் அருவிஞா சொல்லார்
பெரும்பயன் இல்லாத சொல்

199. பொருள்தீர்நத பொசசாநதும் சொலலாா மருள்தீாந்த
மாசறு காட்சி யவர்.

200. சொலலுக சொலலிற் பயனுடைய சொல்லற்க
சொல்லிற் பயனிலாச சொல்.

२०. प्रलाप न करना

१९१. दूसरों को प्रलाप से अप्रसन्न करनेवाला सबसे असम्मानित होगा ।

१९२. अनेक व्यक्तियों के सम्मुख प्रलाप करना मित्रों के सम्मुख अनुचित कर्म करने से भी तुच्छ है ।

१९३. निरर्थक विषयों का किसी के द्वारा विस्तृत वर्णन बताता है कि वह धर्मच्युत व्यक्ति है ।

१९४. व्यर्थ एवं असभ्य प्रलाप अनेक व्यक्तियों से करना मनुष्य को धर्म से दूर एवं हित से पृथक कर देगा ।

१९५. सभ्य मानव प्रलाप करेगा तो उसकी श्रेष्ठता उसके सम्मान के साथ शिथिल पड़ जायगी ।

१९६ सदा प्रलाप करनेवाले को मानव न मानकर मानवों में भूसा समझें ।

१९७. अनुचिन बातें चाहे कह दें, परन्तु बुद्धिमानों का प्रलाप से दूर रहना अच्छा है ।

१९८. अति गम्भीर विषयों का विवेचन करनेवाले विद्वान विशेष अर्थ से रहित वचन कभी व्यक्त नहीं करेंगे ।

१९९. मायामुक्त पवित्र मानव भूलकर भी अर्थहीन शब्द मुँह से नहीं निकालेंगे ।

२००. शब्दों में हितकर शब्दों को कहो, अहितकर शब्दों को कभी न कहो ।

21. தீவினையச்சம்

201. தீவினையார் அஞ்சார் விழுமியார் அஞ்சுவர்
தீவினை என்னும் செருக்கு.

202. தீயவை தீய பயத்தலால் தீயவை
தீயினும் அஞ்சப் படும்.

203. அறிவினுள் எல்லாம் தலையென்ப தீய
செறுவார்க்கும் செய்யா விடல்.

204. மறந்தும் பிறன்கேடு சூழற்க சூழின்
அறம்சூழும் சூழ்ந்தவன் கேடு.

205. இலன்என்று தீயவை செய்யற்க செய்யின்
இலனாகும் மற்றும் பெயர்த்து.

206. தீப்பால தான்பிறர்கண் செய்யற்க நோய்ப்பால
தன்னை அடல்வேண்டா தான்.

207. எனைப்பகை உற்றாரும் உய்வர் வினைப்பகை
வீயாது பின்சென்று அடும்.

208. தீயவை செய்தார் கெடுதல் நிழல்தன்னை
வீயாது அடிஉறைந் தற்று.

209. தன்னைத்தான் காதலன் ஆயின் எனைத்தொன்றும்
துன்னற்க தீவினைப் பால்.

210. அருங்கேடன் என்பது அறிக மருங்கோடித்
தீவினை செய்யான் எனின்.

२१. कुकर्म से भय

२०१. सदा कुकर्म करनेवाले उद्दण्ड व्यवहार से कभी नहीं डरते, केवल सज्जन डरते हैं।

२०२. बुरे कर्म का फल बुरा होता है, अतः अग्नि से अधिक इससे डरना चाहिए।

२०३. ज्ञानियों का कथन है कि शत्रुओं को भी दुःख न पहुँचाना ही सर्वश्रेष्ठ ज्ञान है।

२०४. भूलकर भी कोई दूसरे के पतन का कर्म न करे, अन्यथा धर्म स्वयं उसी के पतन का विचार करेगा।

२०५. 'मैं दरिद्र हूँ' ऐसा विचार कर (उसके निवारणार्थ) कुकर्म न करो। अन्यथा पुनः दरिद्र होकर अति दुःख पाओगे।

२०६. जो चाहता हो कि दुष्कर्म मुझे बाद में दुःख न पहुँचावे, वह दूसरों को दुष्कर्म से दुखित न करे।

२०७. भयंकर से भयंकर शत्रु से तो बच जाओगे, परन्तु दुष्कर्म का फल सदा तुम्हारा पीछा करके सर्वनाश कर देगा।

२०८. कुकर्म करनेवाले का पतन परछाई के समान सदा उसके पैरों के नीचे ही उपस्थित रहता है।

२०९. जिसे अपने से प्रेम हो वह साधारण से साधारण दुष्कर्म को भी सर्वथा त्याग दे।

२१०. उसे पतन से मुक्त समझो जो अनुचित मार्ग में चलकर दुष्कर्म नहीं करता।

22. ஒப்புரவறிதல்

211 கைம்மாறு வேண்டா கடப்பாடு மாரிமாட்டு
என்ஆற்றுங கொல்லோ உலகு

212. தாளாற்றித் தந்த பொருளெல்லாம் தக்கார்க்கு
வேளாணமை செய்தற் போருட்டு.

213. புததேள் உலகத்தும் ஈண்டும பெறலரிதே
ஒப்புரவின் நல்ல பிற.

214. ஒத்தது அறிவான் உயிர்வாழ்வான் மற்றையான்
செததாருள் வைககப் படும்.

215 ஊருணி நீாநிறைந்து அற்றே உலகவாம்
பேரறி வாளன் திரு.

216. பயன்மரம் உள்ளூாப் பழுத்தற்றுல் செல்வம்
நயனுடை யான்கண் படின்.

217. மருநதாகித் தப்பா மரத்தற்றுல் செல்வம்
பெருந்தகை யான்கண் படின்.

218. இடனில் பருவத்தும் ஒப்புரவிற்கு ஒல்கார்
கடனறி காட்சி யவா.

219 நயனுடையான் நல்கூர்ந்தான் ஆகல் செயும்நீர
செய்யாது அமைகலா வாறு.

220. ஒப்புரவி னுல்வரும் கேடெனில் அஃதொருவன்
விற்றுககோள தககது உடைத்து.

२२. शिष्टाचार का ज्ञान

२११. जलद को प्रत्युपकार में संसार के जीव क्या देते हैं? जलद के समान गुणवाले सज्जन प्रत्युपकार का विचार नहीं करते।

२१२. परिश्रम से उपार्जित सम्पूर्ण धन यथायोग्य व्यक्ति के उपकारार्थ ही होता है।

२१३. दूसरों का उपकार करते हुए शिष्टाचार का जीवन व्यतीत करने के समान दूसरा श्रेष्ठ गुण न देवलोक में है और न इस लोक में।

२१४. शिष्टाचार के समझदार ही वस्तुतः जीवन व्यतीत करनेवाले हैं। शेष सब मृततुल्य ही हैं।

२१५. शिष्टाचार युक्त जीवन के इच्छुक बुद्धिमान की सम्पत्ति जलपूर्ण सरोवर के समान होती है।

२१६. शिष्टाचार बरतनेवाले सद्गुणी के पास सम्पत्ति का संग्रहीत होना मधुर फलों के वृक्ष का नगर के मध्य में फलित होने के समान होता है।

११७. शिष्टाचार के गुण से युक्त महान व्यक्ति के पास सम्पत्ति संग्रहीत हो तो वह उस वृक्ष के समान होती है जिसके सभी अंग सफल औषधि के काम आते हैं।

२१८. शिष्टाचार के कर्त्तव्य के ज्ञानी दरिद्र अवस्था से भी उपकार करने से नहीं चूकते।

२१९. शिष्टाचार के सद्गुण से युक्त व्यक्ति की दरिद्रता अपने गुणानुकूल उपकार न कर सकने की असमर्थता ही है।

२२०. शिष्टाचार से नाश की सम्भावना हो तो वह नाश एक का अपने को बेचकर भी प्राप्त करने के योग्य है।

23. ஈகை

221 வறியாாககொன்று ாவதே ஈகைமற்று எல்லாம்
குறியெதிர்ப்பை நீரது உடைத்து.

222. நல்லாறு எனினும் கொளல்தீது மேலுலகம்
இல்லெனினும் ஈதலே நன்று.

223. இலனென்னும் எவ்வம் உரையாமை ாதல்
குலனுடையான் கணணே உள.

224. இன்னாது இரககப் படுதல் இரநதவர்
இன்முகம் காணும் அளவு.

225. ஆற்றுவார் ஆற்றல் பசிஆற்றல் அப்பசியை
மாறறுவார் ஆற்றலின் பின்.

226. அற்றா அழிபசி தீர்ததல் அஃதொருவன்
பெற்றான் பொருளவைப் புழி

227. பாத்தூண் மரீஇ யவனைப் பசிஎன்னும்
தீப்பிணி தீண்டல் அரிது.

228. ாததுவககும் இன்பம் அறியார்கொல் தாமுடைமை
வைத்திழககும் வன்கண் அவர்.

229. இரததலின் இன்னாது மன்ற நிரப்பிய
தாமே தமியர் உணல்.

230. சாதலின் இன்னாதது இல்லை இனிததூஉம்
ஈதல் இயையாக் கடை.

२३. दान

२२१. निर्धन को उसकी इच्छित वस्तु देना ही दान कहलाता है। शेष सब प्रतिफल की इच्छा से युक्त होता है।

२२२. दान लेना, चाहे मोक्ष-मार्ग के लिए सहायक भी क्यों न हो, बुरा ही है। मोक्ष प्राप्त न होने पर भी दान देना ही अच्छा है।

२२३. 'मै निर्धन हूँ' ऐसा किसी के व्यथा सहित कहने से पूर्व उसे दान देने का गुण श्रेष्ठ कुल से जन्म लिये हुए व्यक्ति में ही होता है।

२२४. (याचना ही नहीं,) याचित होना (भी) तब तक दुखदायक है जब तक याचक का मुख प्रसन्न न दीखने लगे।

२२५. तपस्वी की शक्ति क्षुधा-सहन में है, पर वह शक्ति क्षुधाशांत करने के दान से निम्न कोटि की ही है।

२२६. दरिद्रों की तीव्र क्षुधा को शांत करना ही धनी का अपने भविष्य के लिए धन-संचय का स्थान है।

२२७. सदा बाँट कर भोजन करनेवाले को क्षुधा नामक तीव्र ज्वर कभी नहीं सता सकता।

२२८. संचित धन का दान न करके फिर खोनेवाले कठोर-हृदय व्यक्ति दूसरों को देने से उत्पन्न आनन्द को क्या जानते ही नहीं?

२२९. धन की कमी को पूर्ण करने के हेतु दान दिये बिना स्वयं अकेले खाना दरिद्रता के कारण भिक्षा माँगने से भी अधिक दुखदायक है।

२३०. मरण से अधिक दुखद कुछ नहीं होता, पर निर्धन की इच्छित वस्तु को न दे सकने की अवस्था में वह मरण भी सुखद होता है।

24. புகழ்

231 ஈதல இசைபட வாழதல் அதுவலலது
ஊதியம் இலலை உயிாக்கு

232. உரைப்பார் உரைப்பவை எல்லாம இரப்பார்க்கொன்று
ஈவாாமேல் நிற்கும் புகழ்.

233. ஒன்ரு உலகத்து உயர்நத புகழல்லால்
பொன்ருது நிற்பதொன்று இல்.

234. நிலவரை நீள்புகழ ஆற்றின் புலவரைப்
போற்ருது புதேதேள் உலகு.

235. நததம்போல் கேடும் உளதாகுரு சாக்காடும்
விததகர்ககு அல்லால் அரிது.

236. தோன்றின் புகழொடு தோன்றுக அஃதிலாா
தோன்றலின் தோன்ருமை நன்று.

237. புகழபட வாழாதார் தந்நோவாா தம்மை
இகழவாரை நோவது எவன்.

238 வசையென்ப வையததாாககு எல்லாம் இசையென்னும்
எச்சம் பெருஅ விடின்.

239. வசையிலா வண்பயன் குனறும் இசையிலா
யாககை பொறுதத நிலம்.

240. வசைஒழிய வாழவாரே வாழவார் இசையொழிய
வாழ்வாரே வாழா தவர்.

२४. यश

२३१. दान देते हुए यशस्वी जीवन व्यतीत करने से श्रेष्ठ वस्तु की प्राप्ति मानव के लिए और कुछ नहीं है।

२३२. प्रशंसकों का सारा कथन याचक को एक वस्तु दान में देनेवाले पर स्थित यश ही होता है।

२३३. महान सुयश के अतिरिक्त अन्य कोई स्थाई सम्पत्ति संसार में नहीं है।

२३४. पृथ्वी की सीमा में दीर्घकाल तक रहनेवाले यशस्वी कर्मों को जो करता है, उसी की प्रशंसा देवलोक करता है, न कि ज्ञानियों की।

२३५. (यश-शरीर के) विकास के साथ-साथ (स्थूल शरीर के) विनाश तथा (यश-शरीर के) स्थायित्व व (स्थूल शरीर की) नश्वरता (के तत्व) को विज्ञ जन के अतिरिक्त और लोग नहीं जानते।

२३६. जन्म लिया है तो यश के साथ जियो। अन्यथा जन्म ही न लेना अच्छा है *।

२३७. जिन्होंने यशप्रद जीवन व्यतीत नहीं किया, वे अपने पर न बिगड़कर निन्दकों को भला-बुरा क्यों कहें?

२३८. (स्थूल शरीर के अवसान के पश्चात् भी) शेष रहनेवाला यश प्राप्त नहीं किया, तो वैसा जीवन जनमात्र पर का कलंक कहा जाता है।

२३९. यशहीन शरीर के भार को उठानेवाली भूमि में निर्दोष सफल उपज का ह्रास होगा।

२४०. निष्कलंक का जीवन ही जीवन है। यशहीन का जीवन मृततुल्य है।

---

* दूसरा अर्थ—प्रकट होना है तो यश के साथ प्रकट होवो। अन्यथा प्रकट न होना ही अच्छा है।

3. துறவறவியல்

25. அருளுடைமை

241. அருட்செல்வம் செல்வதது்ள் செல்வம் பொருட்செல்வம்
பூரியார் கணணும் உள.

242. நல்லாற்ருன் ஙாடி அருளாள்க பல்லாறருல்
தேரினும் அஃதே துணை.

243. அருளசேர்ந்த நெஞ்சினுர்க்கு இல்லை இருள்சேர்ந்த
இன்ரு உலகம புகல்

244. மன்னுயிா ஓம்பி அருளாள்வாற்கு இல்லென்ப
தன்னுயிா அஞ்சும வினை

245. அல்லல்' அருளாள்வாக்கு இல்லை வளிவழங்கும்
மல்லல்மா ஞாலம் கரி.

246. பொருள்நீங்கிப் பொச்சாநதார் என்பர் அருள்நீங்கி
அல்லவை செய்தொழுகு வார்.

247. அருளிலார்கு அவ்வுலகம இல்லை பொருளிலார்க்கு
இவ்வுலகம் இல்லாகி யாஙகு

248. பொருளற்ருர் பூப்பா ஒருகால் அருளற்ருர்
அற்ருாமற்று ஆதல் அரிது.

249. தெருளாதான் மெய்ப்பொருள் கண்டற்ருல் தேரின்
அருளாதான் செய்யும் அறம்.

250. வலியாாமுன் தன்னை நினைக்கதான் தன்னின்
மெலியார்மேல் செல்லும் இடதது.

३. सन्यास धर्म

२५. दयालुता

२४१. सम्पत्तियों में अति विशिष्ट है दया की सम्पत्ति। धन की सम्पत्ति तो क्षुद्र व्यक्ति के पास भी होती है।

२४२. अच्छे ढंग से अन्वेषण करके दयालुता ग्रहण करो। अनेक प्रकार से विवेचन करने पर ज्ञात होगा कि वही एकमात्र सहायक है।

२४३. अन्धकार-युक्त नरक में उनका प्रवेश नही होता जो सदय हृदय होते हैं।

२४४. संसार के जीवों की सुरक्षा करते हुए उन पर दया-भाव रखनेवाले को अपने प्राण-भय के साथ जीवन व्यतीत करने का दुर्भाग्य नहीं होता, ऐसा ज्ञानी कहते हैं।

२४५. दयालु को दुःख नहीं सताता। पवन संचरित सम्मृद्ध व सुविशाल लोक ही इसका साक्षी है।

२४६. पुरुषार्थहीन एवं जीवन के लक्ष्य को भूले हुए व्यक्ति ही दया-भाव रहित अधर्म कर्म में रत रहते हैं। यह ज्ञानियों का कथन है।

२४७. जिस प्रकार निर्धनों को इस लोक में स्थान नहीं है, उसी प्रकार निर्दयों को उस लोक में स्थान नहीं रहता।

१४८. निर्धन एक समय सम्मृद्ध भी हो सकते हैं, पर निर्दय का जीवन सर्वथा निष्फल व अपरिवर्त्तनीय होता है।

२४९. दयाहीन के धार्मिक कर्म का विवेचन करने पर वह एक अस्थिर बुद्धि के द्वारा सत्य वस्तु के दर्शन के समान ही ज्ञात होगा।

२५०. निर्दय व्यक्ति अपने से निर्बल व्यक्ति के सम्मुख जाते समय उस स्थिति का विचार करे जब वह अपने से सबल के सम्मुख होता है।

26. புலால் மறுத்தல்

251. தன்னூன் பெருக்கற்குத தான்பிறிது ஊனுண்பான்
எங்ஙனம் ஆளும் அருள்?

252. பொருளாட்சி போற்றாதாக்கு இல்லை அருளாட்சி
ஆங்கில்லை ஊன்தின் பவர்க்கு

253. படைகொண்டார் நெஞ்சம்போல் நன்றூக்காது ஒன்றன்
உடலசுவை உண்டார் மனம்.

254. அருளல்லது யாதெனின் கொல்லாமை கோறல்
பொருளல்லது அவ்வூன் தினல்.

255. உண்ணாமை உள்ளது உயிர்நிலை ஊனுண்ண
அண்ணாத்தல செய்யாது அளறு.

256. தினற்பொருட்டால் கொல்லாது உலகெனின் யாரும்
விலைப்பொருட்டால் ஊன்தருவார் இல்

257. உண்ணாமை வேண்டும் புலாஅல் புறிதொன்றன்
புண்அது உணர்வார்ப் பெறின்.

258 செயிரின் தலைப்பிரிந்த காட்சியார் உண்ணார்
உயிரின் தலைப்பிரிந்த ஊன்.

259. அவிசொரிந்து ஆயிரம் வேட்டலின் ஒன்றன்
உயிர்செகுத்து உண்ணாமை நன்று.

260. கொல்லான் புலாலை மறுத்தானை கைகூப்பி
எல்லா உயிரும் தொழும்.

२६. मांसाहार निषेध

२५१. अपने मांस की वृद्धि के लिए दूसरे प्राणी के शरीर का भक्षण करनेवाला कैसे दयावान हो सकता है ?

२५२. धन की रक्षा न करनेवाले को धनी होने का सम्मान नहीं प्राप्त हो सकता। उसी प्रकार मांसाहारियों को भी दयालु होने का सम्मान नहीं प्राप्त हो सकता।

२५३. नाशकारी शस्त्रवाहक के मन के समान दूसरे जीव के शरीर के भक्षक का मन भी सदय नहीं होता।

२५४. अहिंसा ही दया है, और हिंसा निर्दयता। मांस का भक्षण ही अधर्म है।

२५५. मुनुष्य का सशरीर जीवित रहना मांसाहार-निषेध के तत्त्व पर आधारित है। अतः नरक भी मांसाहारी को मुक्त नहीं करेगा।

२५६ मांस-भक्षण के लिए लोग जीव-हत्या न करें तो मूल्य के लिए मांस-विक्रय करनेवाला भी कोई नहीं रहेगा।

२५७. मांस-भक्षण कदापि नहीं करना चाहिए। विश्लेषण करके समझें कि मांस दूसरे जीव का घाव ही तो है।

२५८. निर्दोष बुद्धिवाले व्यक्ति एक जीव के शरीर से पृथक होकर आये हुए मांस का भक्षण नहीं करेंगे।

२५९. घृत की आहुति देकर किये गये सहस्र हवनों से श्रेष्ठ है जीवहत्या एवं मांस-भक्षण न करना।

२३०. जो अहिंसक हो और मांस न खाता हो, उसको सभी जीव कर-बद्ध प्रणाम करेंगे।

27. தவம்

261. உற்றநோய் நோன்றல உயிர்கருறுகண் செய்யாமை
அறறே தவத்திற்கு உரு.

262. தவமும் தவமுடையார்கரு ஆகும் அவம்அதனை
அஃதிலார் மேற்கொள் வது

263. துறந்தார்கருத் துப்புரவு வேண்டி மறந்தார்கொல்
மற்றை யவர்கள் தவம்.

264. ஒன்னார்த் தெறலும் உவந்தாரை ஆக்கலும்
எண்ணின் தவத்தான் வரும்.

265. வேண்டிய வேண்டியாங்கு எய்தலால் செய்தவம்
ஈண்டு முயலப் படும்.

266 தவஞ்செய்வார் தங்கருமம் செயவாமற்று அலலார்
அவம்செய்வார் ஆசையுட் பட்டு.

267. சுடச்சுடரும் பொன்போல் ஒளிவிடும் துன்பம்
சுடசசுட நோற்கிற் பவாக்கு.

268. தன்னுயிர் தான்அறப் பெற்றுனை ஏனைய
மன்னுயிா எல்லாம் தொழும்

269. கூற்றம் குதித்தலும் கைகூடும் நோறறலின்
ஆற்றல் தலைப்பட் டவர்கரு.

270. இலர்பலர் ஆகிய காரணம் நோற்பார்
சிலர்பலர் நோலா தவா.

२७. तपस्या

२६१. अपने पर आये हुए दुःख के सहने तथा दूसरे जीवों को दुःख न पहुँचाने में ही तपस्या का स्वरूप निहित है।

२६२ तपस्या के आचरणों से युक्त व्यक्ति को ही तपस्वी का वेश उचित है। अन्यथा वह व्यर्थ प्रयास मात्र होगा।

२६३. तपस्वियों को आहार आदि समर्पित करने के हेतु ही मानों अन्य व्यक्ति (अर्थात् गृहस्थ) तपस्या को भूल गये!

२६४. तपस्या की शक्ति से दुर्जन-शत्रु का दलन तथा सज्जन-मित्र की सम्मृद्धि सहज सम्भव है।

२६५. (प्रयास से) इच्छित वस्तु को इच्छानुसार प्राप्त कर सकते हैं। अतः सप्रयास करने योग्य तपस्या इस स्थिति में (गार्हस्थ्य-जीवन में) भी सम्भव है।

२६६. तपस्या करनेवाले ही वस्तुतः कर्त्तव्यशील होते हैं। इतर व्यक्ति के कर्म इच्छा के वशीभूत हो व्यर्थ प्रयास मात्र ठहरते हैं।

२६७. जिस प्रकार स्वर्ण तपते-तपते निर्मल एवं प्रकाशमान होता चलता है, उसी प्रकार तपस्वी भी दुःख से तपते-तपते निर्मल एवं ज्ञान के प्रकाश से युक्त होता चलता है।

२६८. अपने को पूर्णतः प्राप्त व्यक्ति की वन्दना सभी अन्य जीव करेंगे।

२६९. तपस्या में उमंग सहित लीन व्यक्ति के लिए यम पर विजय प्राप्त करना भी सम्भव है।

२७०. संसार में धनी अधिक न होने का कारण यही है कि तपस्वी कम हैं और तपस्या न करनेवाले अधिक।

28. கூடா ஒழுக்கம்

271. வஞ்ச மனத்தான் படிற்றொழுக்கம் பூதங்கள்
ஐந்தும அகத்தே நகும்.

272. வானுயர் தோற்றம் எவன்செய்யும் தன்னெஞ்சம்
தான்அறி குற்றம் படின்.

273. வலிஇல் நிலைமையான் வலலுருவம் பெற்றம்
புலியின்தோல் போர்த்துமேய்ந்து அற்று.

274. தவம்மறைந்து அல்லவை செய்தல் புதன்மறைந்து
வேட்டுவன் புள்சிமிழ்த்து அற்று.

275. பற்றற்றேம் என்பார் படிற்றொழுக்கம் எற்றெற்றென்று
ஏதம் பலவும் தரும்.

276. நெஞ்சின் துறவார் துறந்தார்போல் வஞ்சித்து
வாழ்வாரின் வன்கணார் இல்.

277. புறங்குன்றி கண்டனையர் ஏனும் அகங்குன்றி
மூக்கின் கரியார் உடைத்து.

278. மனததது மாசாக மாண்டார்நீ ராடி
மறைந்தொழுகும் மாந்தர் பலர்.

279. கணைகொடிது யாழ்கோடு செவ்விதுஆங்கு அன்ன
வினைபடு பாலால் கொளல்.

280. மழித்தலும் நீட்டலும் வேண்டா உலகம்
பழித்தது ஒழித்து விடின்.

२८. दुराचरण

२७१. वंचनापूर्ण हृदयवाले के दुराचरण पर शरीर के पंच-भूत उसके अन्दर ही हँसेंगे।

२७२ अपना मन यदि अपने ज्ञात दोषों में ही डूब जाय तो उसे आकाश जैसे महान तपस्वी के वेश से क्या लाभ पहुँच सकता है?

२७३. बलहीन व्यक्ति द्वारा बलवान (तपस्वी) जैसा रूपमात्र धारण करना, सिंह-चर्म ओढ़े भेड़ के चरने के समान ही है।

२७४. तपस्वी का रूप धारण किये हुए दुराचरण में बरतनेवाला उस चिड़ीमार के समान है जो झाड़ी में छिपकर जाल बिछाकर पक्षियों को पकड़ता है।

२७५. अपने को 'बन्धन-मुक्त' कहनेवालों का दुराचरण, उनसे ही 'हाय! मैंने क्या कर डाला!'—ऐसा कहला कर अनेक प्रकार के दुःख देगा।

२७६. अन्तःकरण में बन्धन-मुक्त हुए बिना ही त्यागी का ढोंग रचते हुए जीनेवाले के समान निर्दय व्यक्ति और कोई नहीं होता।

२७७. बाह्यतः जंगली सेब सदृश सुन्दर अरुण-वर्ण से युक्त दीखते हुए भी हृदय के काले व्यक्ति संसार में अनेक हैं।

२७८. पापाचार मन में रखकर परम तपस्वी के समान तीर्थों में स्नान करके छिपे-छिपे दुष्प्रवृत्ति में लीन व्यक्ति संसार में अनेक हैं।

२७९. रूप में बाण सीधा होने पर भी कर्म में निर्दय होता है, पर वीणा टेढ़ी होने पर भी कर्म में मधुर होती है। इसी प्रकार मानव को उसके आचरण से समझना चाहिए।

२८०. संसार-निन्द्य-दुराचरण को तज दे तो बालों को मुँड़ाने व बढ़ाने की आवश्यकता ही नहीं है।

29. கள்ளாமை

281. எள்ளாமை வேண்டுவான் என்பான் எனைத்தொன்றும்
கள்ளாமை காக்கதன் நெஞ்சு.

282. உள்ளத்தால் உள்ளலும தீதே பிறன்பொருளைக்
கள்ளத்தால் கள்வேம் எனல்.

283. களவினால் ஆகிய ஆக்கம் அளவிறந்து
ஆவது போலக் கெடும்.

284. களவின்கண் கன்றிய காதல் விளைவின்கண்
வீயா விழுமம் தரும்.

285. அருள்கருதி அன்புடையர் ஆதல் பொருள்கருதிப்
பொச்சாப்புப் பார்ப்பார்கண் இல்.

286. அளவின்கண் நின்றொழுகல் ஆற்றார் களவின்கண்
கன்றிய காத லவர்.

287. களவென்னும் காரறி வாண்மை அளவென்னும்
ஆற்றல் புரிந்தார்கண் இல்

288. அளவறிந்தார் நெஞ்சத்து அறம்போல நிற்கும்
களவறிந்தார் நெஞ்சில் கரவு.

289. அளவல்ல செய்தாங்கே வீவர் களவல்ல
மற்றைய தேற்றா தவர்.

290 கள்வார்கருத் தள்ளும உயிர்நிலை கள்ளார்க்குத்
தள்ளாது புத்தேள் உலகு.

२९. चोरी न करना

२८१. तिरस्कृत हुए बिना जीवन-निर्वाह की इच्छा हो तो किसी भी वस्तु की चोरी के विचार से अपने हृदय की रक्षा करो।

२८२. हृदय में दूषित विचार का आना भी दोष ही है। अतः दूसरे की वस्तु को उसकी आँख बचाकर चोरी करने का विचार भी मन में न लाओ।

२८३. चोरी से प्राप्त वैभव विकासशील जैसा प्रतीत होकर विनाश की ओर ले जायगा।

२८४. चोरी से प्राप्त वस्तु का प्रेम फल-प्राप्ति के समय अमिट दुःख देगा।

२८५. दया समन्वित सप्रेम व्यवहार उसमें नहीं होता जो दूसरों की वस्तु का अपहरण करने के निमित्त उस अवसर की ताक में रहता है कि वे तनिक सुस्त पड़ें।

२८६. चोरी से दूसरे की वस्तु का अपहरण करने के इच्छुक मितव्ययी नहीं होते।

२८७. चोरी नामक अन्धकारपूर्ण अज्ञान मर्यादित जीवन व्यतीत करनेवालों में नहीं होता।

२८८ सीमा के ज्ञान से युक्त व्यक्ति के हृदय में उपस्थित धर्म के समान चोरी के ज्ञान से युक्त व्यक्ति के हृदय में वंचना रहती है।

२८९. चोरी से भिन्न अन्य सद्विषयों को जो नहीं जानता उसका पतन अमर्यादित कर्म द्वारा उसी दम होगा।

२९०. चोरों को उनका अपना सप्राण तन भी धक्का दे देता है, और चोरी न करनेवालों को स्वर्ग भी कभी धक्का नहीं देता।

30. வாய்மை

291. வாய்மை எனப்படுவது யாதெனின் யாதொன்றும்
தீமை இலாத சொலல்.

292. பொய்மமையும் வாய்மை யிடத்த புரைதீர்ந்த
நன்மை பயககும் எனின்.

293. தன்நெஞ்சு அறிவது பொய்யற்க பொய்த்தபின்
தன்நெஞ்சே தன்னைச் சுடும்.

294. உள்ளத்தால் பொய்யாது ஒழுகின் உலகத்தார்
உள்ளததுள் எல்லாம் உளன்.

295. மனத்தொடு வாய்மை மொழியின் தவத்தொடு
தானஞ்செய் வாரின் தலை.

296. பொய்யாமை அன்ன புகழில்லை எய்யாமை
எல்லா அறமும் தரும்.

297. பொய்யாமை பொய்யாமை ஆற்றின் அறம்பிற
செய்யாமை செய்யாமை நன்று.

298. புறந்தூய்மை நீரான் அமையும் அகந்தூய்மை
வாய்மையால் காணப் படும்.

299. எல்லா விளக்கும் விளக்கல்ல சான்றோர்க்குப்
பொய்யா விளககே விளக்கு.

300. யாமெய்யாக் கண்டவற்றுள் இல்லை எனைத்தொன்றும்
வாய்மையின் நல்ல பிற.

३०. सत्य बोलना

२९१. किसी प्रकार की हानि से रहित कथन को सत्य बोलना कहते हैं।

२९२. दोष को हटाकर उपकार सिद्ध हो तो असत्य कथन भी सत्य बोलने के समान होता है।

२९३. स्वयं जानते हुए झूठ न बोलो, अन्यथा झूठ सिद्ध होने पर अपना हृदय ही अपने को जलायगा।

२९४. मनुष्य अपने ज्ञान तक मिथ्या भाषण से दूर रहे तो संसार के सभी व्यक्तियों के हृदय में स्थान प्राप्त करेगा।

२९५. मनसा-वाचा सत्य ही व्यक्त करनेवाला तपस्या के साथ दान भी करनेवालों से श्रेष्ठ है।

२९६. असत्य वचन से रहित जीवन के समान यश और कोई नहीं है। यह बिना उसके जाने उसे सकल धर्म प्रदान करेगा।

२९७. यदि सत्य का सदा विश्वस्त रूप से पालन करो तो अन्य धर्मों को करने की आवश्यकता ही नहीं।*

२९८. वाह्य शुद्धि जल से सिद्ध होती है और आन्तरिक शुद्धि सत्य बोलने से प्राप्त होती है।

२९९. (वाह्य अन्धकार को हटानेवाले) सभी दीपक दीपक नहीं हैं। बुद्धिमानों के लिए (आन्तरिक अन्धकार को हटानेवाला) सत्य वचन रूपी दीपक ही दीपक है।

३००. हमने वास्तव में जहाँ तक देखा है, सत्य बोलने से श्रेष्ठ विषय अन्य कोई नहीं है।

---

* दूसरा अर्थ—सत्य का विश्वस्त रूप से पालन करने पर ही अन्य धर्मों को करना लाभप्रद हो सकता है।

31. வெகுளாமை

301. செல்லிடத்துக் காப்பான் சினங்காப்பான் அல்லிடத்துக்
காக்கின்என் காவாக்கால் என்.

302. செல்லா இடத்து சினம்தீது செல்லிடத்தும்
இல்அதனின் தீய பிற.

303. மறத்தல் வெகுளியை யார்மாட்டும் தீய
பிறத்தல் அதனான் வரும்.

304. நகையும் உவகையும் கொல்லும் சினத்தின்
பகையும் உளவோ பிற.

305. தன்னைத்தான் காக்கின் சினம்காக்க காவாக்கால்
தன்னையே கொல்லும் சினம்.

306. சினமென்னும் சேர்ந்தாரைக் கொல்லி இனமென்னும்
ஏமப் புணையைச் சுடும்.

307. சினத்தைப் பொருளென்று கொண்டவன் கேடு
நிலத்தறைந்தான் கைபிழையாது அற்று.

308. இணர்எரி தோய்வன்ன இன்னா செயினும்
புணரின் வெகுளாமை நன்று.

309. உள்ளிய தெல்லாம் உடனெய்தும் உள்ளத்தால்
உள்ளான் வெகுளி எனின்.

310. இறந்தார் இறந்தார் அனையர் சினத்தைத்
துறந்தார் துறந்தார் துணை.

३१. क्रोधित न होना

३०१. अपने क्रोध का जिस पर प्रभाव पड़ सके उस पर (अर्थात् अपने से छोटे पर) क्रोधित न होने का संयम ही क्रोध का वास्तविक शमन है, और अन्य परिस्थितियों में (अर्थात् अपने से बलवान पर) उसका संयम करो तो क्या, और न करो तो क्या?

३०२. असफल होनेवाले स्थान में क्रोधित होना बुरा है। सफल स्थान में (दुर्बल पर) भी क्रोधित होने से अधिक कुत्सित और कुछ नहीं है।

३०३. किसी पर भी अवस्थित क्रोध को भूल जाना चाहिए। उस क्रोध से ही बुरे कर्म उत्पन्न होंगे।

३०४. मुख की हँसी और आन्तरिक आनन्द को नाश करनेवाले क्रोध से बढ़कर किसी का कोई और भी शत्रु हो सकता है?

३०५. कोई स्वयं अपनी रक्षा करना चाहे तो क्रोध से रक्षा करे। अन्यथा क्रोध ही उसको मार डालेगा।

३०६. साथ लगनेवाले का संहार करनेवाली क्रोधाग्नि बन्धुत्व रूपी आनन्द की डोंगी को भी भस्मीभूत कर देगी।

३०७. (अपने बल को व्यक्त करने के हेतु) धरती को अपने हाथ से मारनेवाले पर लगनेवाली चोट के समान क्रोध को भी एक वस्तु माननेवाले का नाश हुए बिना रह नहीं सकता।

३०८. लपटों से युक्त अग्नि के जलाने के समान भी यदि कोई बुरा कर दे तो उस पर भी, हो सके तो, क्रोधित न होना अच्छा है।

३०९. मन में क्रोध को स्थान न दो तो सभी इच्छित वस्तुओं की तुरन्त प्राप्ति होगी।

३१०. क्रोधान्ध मरे हुओं के समान, तथा निष्क्रोध मुक्त-पुरुषों के समान होते हैं।

32. இன்னா செய்யாமை

311. சிறப்புஈனும் செல்வம் பெறினும் பிறர்க்குஇன்னா
செய்யாமை மாசற்றார் கோள்.

312. கறுத்துஇன்னா செய்தவக் கண்ணும் மறுத்துஇன்னா
செய்யாமை மாசற்றார் கோள்.

313. செய்யாமல் செற்றார்க்கும் இன்னாத செய்தபின்
உய்யா விழுமம் தரும்.

314. இன்னாசெய் தாரை ஒறுத்தல் அவர்நாண
நன்னயம் செய்து விடல்.

315. அறிவினான் ஆகுவது உண்டோ பிறிதின்நோய்
தந்நோய்போல் போற்றாக் கடை.

316. இன்னா எனத்தான் உணர்ந்தவை துன்னாமை
வேண்டும் பிறன்கண் செயல்.

317. எனைத்தானும் எஞ்ஞான்றும் யார்க்கும் மனத்தானாம்
மாணாசெய் யாமை தலை.

318. தன்னுயிர்க்கு இன்னாமை தானறிவான் என்கொலோ
மன்னுயிர்க்கு இன்னா செயல்.

319. பிறர்க்குஇன்னா முற்பகல் செய்யின் தமக்குஇன்னா
பிற்பகல் தாமே வரும்.

320. நோய்எல்லாம் நோய்செய்தார் மேலவாம் நோய்செய்யார்
நோயின்மை வேண்டு பவர்

३२. बुरा न करना

३११. यशप्रद सम्पत्ति की प्राप्ति होने पर दूसरों का बुरा न करना निष्कलंक व्यक्ति का सिद्धान्त होता है।

३१२. वैर भाव से किसी के बुरा करने पर भी बदले में उसका बुरा न करना निष्कलंक व्यक्ति का सिद्धान्त होता है।

३१३. अकारण बुरा करनेवाले का भी (बदले में) बुरा करने पर (वह कर्म) अपार दुःख देगा।

३१४. बुरा करनेवाले का (समुचित) दण्ड है उसे लज्जित करते हुए उसका भला करके (उसकी बुराई और अपनी भलाई को) भूल जाना।

३१५. दूसरों के दुःख को अपने दुःख के समान मानकर उनकी रक्षा न की तो ज्ञान का क्या उपयोग?

३१६. किसी कर्म को स्वयं बुरा समझने पर उसे दूसरे पर करने का विचार न करना चाहिए।

३१७. मन में उत्पन्न कुत्सित कर्मों को, चाहे वे कितने ही साधारण क्यों न हों, किसी समय किसी पर भी न करना ही श्रेष्ठ है।

३१८. अपने लिए बुरे कर्मों को समझनेवाला, न मालूम किस कारण से दूसरों का बुरा करता है?

३१९. कोई प्रातःकाल में दूसरों का बुरा करे तो उस पर सायंकाल में बुरा स्वयं आ पड़ेगा।

३२०. सभी दुःख दुखद कर्म करनेवालों पर ही जा पड़ते हैं। दुःख रहित जीवन के इच्छुक दुखद कर्म करेंगे ही नहीं।

33. கொல்லாமை

321. அறவினை யாதெனில் கொல்லாமை கோறல்
பிறவினை எல்லாம் தரும்.

322. பகுத்துண்டு பல்லுயிர் ஓம்புதல் நூலோர்
தொகுததவற்றுள் எலலாம் தலை.

323. ஒன்றாக நல்லது கொல்லாமை மற்றுஅதன்
பின்சாரப் பொய்யாமை நன்று.

324. நல்லாறு எனப்படுவது யாதெனின் யாதொன்றும்
கொல்லாமை சூழும் நெறி.

325. நிலைஅஞ்சி நீத்தாருள் எல்லாம் கொலைஅஞ்சிக்
கொல்லாமை சூழ்வான் தலை.

326. கொல்லாமை மேற்கொண்டு ஒழுகுவான் வாழ்நாள்மேல்
செல்லாது உயிருண்ணும் கூற்று.

327. தன்னுயிர் நீப்பினும் செய்யற்க தான்பிறிது
இன்னுயிர் நீக்கும் வினை.

328. நன்றாகும் ஆக்கம் பெரிதெனினும் சான்றோர்க்குக்
கொன்றாகும் ஆககம் கடை.

329. கொலைவினையர் ஆகிய மாக்கள் புலைவினையர்
புன்மை தெரிவார் அகத்து.

330. உயிர்உடம்பின் நீககியார் என்ப செயிர்உடம்பின்
செலலாததீ வாழ்ககை யவர்.

३३. अहिंसा

३२१. धार्मिक कर्म कौन-सा है? अहिंसा। हिंसा सभी अन्य (विपरीत) कर्मों को ला देती है।

३२२. बाँट कर स्वयं भी भोजन करके अनेक जीवों की रक्षा करना ग्रन्थकारों द्वारा धर्मों में सर्वश्रेष्ठ माना गया है।

३२३. धर्मों में अतुलनीय अग्रिम स्थान अहिंसा का है। उसके अनन्तर 'असत्य न बोलना' उचित है।

३२४ 'सन्मार्ग' वह कहलाता है जिसमें किसी जीव की हिंसा न करने के धम की प्रधानता हो।

३२५. जीवन की स्थिति से भयभीत हो सन्यास ग्रहण करनेवाले सबों से, हिंसा से भयभीत हो अहिंसा की रक्षा करनेवाला श्रेष्ठ है।

३२६. अहिंसा के आधार पर जीवन व्यतीत करनेवाले की आयु पर प्राण-भक्षक यम का भी वश नहीं चल सकता।

३२७. चाहे अपने प्राण ही जायं, पर स्वयं दूसरे के प्राण को हरने की क्रिया न करनी चाहिए।

३२८. महान वृद्धि की शुभ-प्राप्ति होने पर भी, हिंसा से प्राप्त वृद्धि बुद्धिमानों को अति अशोभायमान ही होती है।

३२९. हिंसा करनेवाले (निर्दय) लोग समझदारों से मन में अति नीच माने जायेंगे।

३३०. रोगी शरीर व दरिद्र दुर्जीवन व्यतीत करनेवालों ने (ज्ञानी कहते हैं) पूर्वत: जीवों के शरीर से प्राणों को पृथक किया होगा।

34. நிலையாமை

331 நில்லாத வற்றை நிலையின என்றுணரும்
புல்லறி வாண்மை கடை.

332. கூத்தாட்டு அவைக்குழாத்து அற்றே பெருஞ்செல்வம்
போக்கும் அதுவிளிந் தற்று.

333. அற்கா இயல்பிற்றுச் செல்வம் அதுபெற்றால்
அற்குப ஆங்கே செயல்.

334. நாளென ஒன்றுபோல் காட்டி உயிர்ஈரும்
வாளது உணர்வார் பெறின்.

335. நாச்செற்று விக்குள்மேல் வாராமுன் நல்வினை
மேற்சென்று செய்யப் படும்.

336. நெருநல் உளனொருவன் இன்றில்லை என்னும்
பெருமை உடைத்துஇவ் வுலகு.

337. ஒருபொழுதும் வாழ்வது அறியார் கருதுப
கோடியும் அல்ல பல.

338. குடம்மை தனித்துஒழியப் புள்பறந் தற்றே
உடம்பொடு உயிரிடை நட்பு.

339. உறங்குவது போலும் சாக்காடு உறங்கி
விழிப்பது போலும் பிறப்பு.

340. புக்கில் அமைந்தின்று கொல்லோ உடம்பினுள்
துச்சில் இருந்த உயிர்க்கு.

३४. अस्थिरता

३३१. अस्थिर वस्तुओं को स्थिर मानना तुच्छ बुद्धि की पराकाष्ठा है।

३३२. बड़ी सम्पत्ति का आना तमाशा देखने के लिए आयी हुई भीड़ के समान होता है। उस सम्पत्ति का जाना भी तमाशा खतम होते ही भीड़ के बिखर जाने के समान ही होता है।

३३३. धन में अस्थिरता का स्वभाव होता है। वह प्राप्त हो तो तुरन्त स्थिर धर्मों को सम्पन्न करना चाहिए।

३३४. समीक्षा करने पर ज्ञात होगा कि दिन समय की इकाई को प्रकट करनेवाला प्राण-भक्षक आरा है।

३३५. जीभ को वश में रखकर हिचकी के निकलने से पूर्व (मरण से पूर्व) शुभ कर्मों को यथाशीघ्र सम्पन्न करना चाहिए।

३३६. यह संसार ऐसी महिमा-सम्पन्न है कि जो कल था, आज नहीं रहता।

३३७. बुद्धिहीन मानव को जीवन (की क्षण-भंगुरता) का ज्ञान नहीं होता और करोड़ों का ही नहीं अनेकानेक विषयों का विचार करता है।

३३८. स्वयं जिसमें जीवन निर्वाह किया उस अंडे को अकेला छोड़ कर, पंख निकलने पर पक्षी जिस प्रकार निकल कर उड़ जाता है, उसी प्रकार शरीर के साथ प्राण का सम्बन्ध होता है।

५९२. उत्साह ही है स्थाई सम्पत्ति । धन स्थाई न रह कर हट जाता है ।

५९३. जो उत्साह को दृढ़ता के साथ करबद्ध किये रहते हैं वे परिस्थिति के बिगड़ने पर भी विचलित न होंगे ।

५९४. अविचल उत्साह होनेवाले के पास सम्पन्नता स्वयं मार्ग पूछकर जाती है ।

५९५. जल (की गहराई) जितनी होती है पुष्प (की नाल) की लम्बाई । मनुष्य के उत्साह जितनी होती है उसकी ऊँचाई ।

५९६. विचार सदा महत्वाकॉक्षा का हो । सिद्ध न होने पर भी उसे न त्यागो ।

५९७. उत्साहशील व्यक्ति विनाश के समय भी विचलित नहीं होता; हाथी तरकस-भर बाण से पीड़ित होने पर भी विचलित न होकर अपनी महानता को स्थापित करता है ।

५९८. संसार में सबल (व दानशील) होने के आत्मगौरव का आनंद उत्साहहीन नहीं प्राप्त करेंगे ।

५९९. (उत्साहपूर्ण) व्याघ्र आक्रमण करे तो विशाल-काय एवं तीक्ष्णदंत होने पर भी हाथी भयभीत होगा ।

६००. उत्साह की प्रचुर मात्रा ही एक का बल है, अन्यथा वृक्ष और मानव के रूपमात्र का अन्तर उनमें रहता है ।

61. மடி இன்மை

601. குடிஎன்னும் குன்றா விளக்கம் மடிஎன்னும்
மாசுஊர மாய்ந்து கெடும்.

602. மடியை மடியா ஒழுகல் குடியைக
குடியாக வேண்டு பவர்.

603. மடிமடிக கொண்டொழுகும் பேதை பிறந்த
குடிமடியும் தன்னினும் முநது.

604. குடிமடிந்து குற்றம் பெருகும் மடிமடிந்து
மாண்ட உஞற்றுஇ லவர்க்கு.

605. நெடுநீர் மறவி மடி துயில் நான்கும்
கெடுநீரா காமக கலன்.

606. படியுடையார பற்றுஅமைந்தக கண்ணும் மடியுடையார்
மாண்பயன் எய்தல் அரிது.

607. இடிபுரிந்து எள்ளுஞ்சொல் கேட்பர் மடிபுரிந்து
மாண்ட உஞற்றுஇல வர.

608. மடிமை குடிமைக்கண் தங்கின்தன் ஒன்னார்க்கு
அடிமை புகுததி விடும்.

609. குடியாண்மை யுள்வந்த குற்றம் ஒருவன்
மடியாண்மை மாற்றக் கெடும்.

610. மடிஇலா மனனவன் எய்தும் அடிஅளநதான்
தாஅயது எல்லாம் ஒருங்கு.

६१. निरालस्य

६०१. कुटुम्ब नामक अक्षय दीपक आलस्य नामक कलंक के लगते-लगते निस्तेज हो विनाशगत होगा।

६०२. कुटुम्ब को कुटुम्ब बनाये रखने के इच्छुक आलस्य को विनाशक मानें।

६०३. आलस्य को गोद में लिये रखनेवाले का जन्म जिस कुटुम्ब में हुआ होता है उसका विनाश उस व्यक्ति से पूर्व होगा।

६०४. आलस्यग्रस्त हो, विशिष्ट प्रयत्न न करनेवाले का कुटुम्ब विनाश प्राप्त हो, उसमें दोष आ भरने लगेंगे।

६०५. दीर्घसूत्रता, विस्मरण, आलस्य व निद्रा—ये चारों विनाशोन्मुख व्यक्ति की प्रिय नावें हैं।

६०६. शासक का प्रिय पात्र होने पर भी आलसी श्रेष्ठ लाभ प्राप्त नहीं कर सकता।

६०७. आलस्यग्रस्त हो, विशिष्ट प्रयत्नशील न रहनेवाले दूसरों के उपालम्भ भरे तिरस्कृत शब्द सुनेंगे।

६०८. आलस्य कुटुम्ब में स्थान पा गया तो अपने शत्रुओं की दासता कुटुम्ब में प्रविष्ट करा देगा।

६०९. कुटुम्ब के सम्मान में आया हुआ दोष सबल आलस्य के जाने से स्वतः नष्ट हो जायगा।

६१०. निरालस्ययुक्त सम्राट् त्रिविक्रम (वामन) द्वारा पार किया हुआ सम्पूर्ण क्षेत्र एक साथ प्राप्त करेगा।

62. ஆள்வினை உடைமை

611. அருமை உடைத்துஎன்று அசாவாமை வேண்டும்
பெருமை முயற்சி தரும்.

612. வினைக்கண் வினைகெடல் ஓம்பல் வினைக்குறை
தீர்ந்தாரின் தீர்ந்தன்று உலகு.

613. தாளாண்மை என்னும் தகைமைக்கண் தங்கிற்றே
வேளாண்மை என்னும் செருக்கு.

614 தாளாண்மைஇ ல்லாதான் வேளாண்மை பேடிகை
வாளாண்மை போலக் கெடும்.

615. இன்பம் விழையான் வினைவிழைவான் தன்கேளிர்
துன்பம் துடைத்துஊன்றும் தூண்.

616. முயற்சி திருவினை ஆக்கும் முயற்றின்மை
இன்மை புகுத்தி விடும்.

617. மடியுளாள் மாமுகடி என்ப மடியிலான்
தாளுளாள் தாமரையி னாள்.

618. பொறிஇன்மை யார்க்கும் பழிஅன்றுஅறிவு அறிந்து
ஆள்வினை இன்மை பழி.

619. தெய்வத்தான் ஆகாது எனினும் முயற்சிதன்
மெய்வருத்தக் கூலி தரும்.

620. ஊழையும் உப்பக்கம் காண்பர் உலைவுஇன்றித்
தாழாது உஞற்று பவர்.

६२. कार्य-कुशलता

६११. (किसी कार्य को) असाध्य मानकर अकर्मण्य न बनना चाहिए। सत्प्रयास यथोचित सम्मान प्रदान करेगा।

६१२. अपने कर्म में अप्रयत्नशील रहने के स्वभाव को त्यागना चाहिए। कर्म को अधूरा छोड़नेवाले को संसार छोड़ देता है।

६१३. परोपकार नामक गौरव प्रयास नामक श्रेष्ठ स्वभाव में अवस्थित है।

६१४. अप्रयत्नशील का परोपकार भीरु का खड्ग से शासन करने के समान असफल सिद्ध होगा।

६१५. सुख की कामना से रहित कर्मरथी आत्मबन्धुओं का दुःख-निवारक व भारवाहक स्तम्भ होता है।

६१६. प्रयास से सम्पत्ति में वृद्धि होगी। प्रयासहीनता निर्धनता ला देगी।

६१७. कहा जाता है कि आलस्य में अति दरिद्रता निवास करती है, और निरालस्यपूर्ण प्रयास में कमला निवास करती है।

६१८. सौभाग्य का न होना किसी के लिए दोष नहीं है। समझकर सत्प्रयास न करना ही दोष है।

६१९. भगवान से (अथवा भाग्य से) सिद्ध न होने पर भी प्रयास अपने शारीरिक परिश्रम की मजदूरी अवश्य प्रदान करेगा।

६२०. निरन्तर अथक परिश्रम करनेवाले भाग्य को भी परास्त कर देंगे।

63. இடுக்கண் அழியாமை

621. இடுககண் வருஙகால் நகுக அதனை
அடுததூர்வது அஃதொப்பது இல்.

622. வெள்ளத்து அனைய இடும்பை அறிவுடையான்
உள்ளத்தின் உள்ளக கெடும்.

623. இடும்பைக்கு இடும்பை படுப்பா இடும்பைககு
இடும்பை படாஅ தவா.

624. மடுத்தவாய் எல்லாம் பகடுஅன்னான் உற்ற
இடுக்கண் இடர்ப்பாடு உடைத்து.

625. அடுக்கி வரினும் அழிவிலான் உற்ற
இடுககண் இடுககண் படும்.

626. அற்றேம்என்று அல்லற் படுபவோ பெற்றேம்என்று
ஓம்புதல் தேற்றா தவர்.

627. இலககம் உடம்புஇடும்பைக்கு என்று கலக்கத்தைக
கையாறாக் கொள்ளாதாம் மேல.

628. இன்பம் விழையான் இடும்பை இயல்புஎன்பான்
துன்பம் உறுதல் இலன்.

629 இன்பத்துள் இன்பம் விழையாதான் துன்பத்துள்
துன்பம் உறுதல இலன்.

630. இன்னாமை இன்பம் எனககொளின் ஆகும்தன்
ஒன்னார் விழையும் சிறப்பு.

६३. दुःख में अधीर न होना

६२१. दुःख आ पड़ने पर मुस्कराओ। उसका सामना करके विजयी होने का साधन इसके समान और कोई नहीं है।

६२२. बाढ़ के समान आनेवाला दुःख बुद्धिमान के अपने हृदय में विचार करने मात्र से नष्ट हो जायगा।

६२३. दुःख से दुखित न होनेवाले उस दुःख को ही दुखित कर देंगे।

६२४. अवरोधित सभी मार्गों में (गाड़ी को) खींच ले जानेवाले वृषभ के समान प्रयत्नशील व्यक्ति पर आया हुआ दुःख ही दुखित होता है।

६२५. निरन्तर दुःख आ पड़ने पर भी निरुत्साहित न होनेवाले पर आया हुआ दुःख ही दुखित होगा।

६२६. धन-प्राप्ति पर लोभ सहित उसकी रक्षा न करनेवाले उसके जाने पर अति दुःखित हो क्योंकर विचलित होंगे ?

६२७. श्रेष्ठ व्यक्ति शरीर को दुःख का स्थल मानकर दुःख के आ पड़ने पर विचलित नहीं होते।

६२८. सुख की इच्छा न करनेवाला व दुःख को स्वाभाविक माननेवाला दुःख के आ पड़ने पर दुखित नहीं होता।

६२९. सुख में सुखी हो उसकी इच्छा न करनेवाला दुःख में दुःखी हो विचलित न होगा।

६३०. कोई दुःख को ही सुख मान ले तो शत्रु द्वारा भी प्रशंसित होने का सम्मान उसे सिद्ध होगा।

2. அமைச்சியல்

64. அமைச்சு

631. கருவியும் காலமும செய்கையும் செய்யும்
அருவினையும் மாண்டது அமைச்சு.

632. வன்கண் குடிகாத்தல் கற்றுஅறிதல் ஆள்வினையொடு
ஐநதுடன் மாண்டது அமைச்சு.

633. பிரிததலும் பேணிக் கொளலும் பிரிந்தார்ப்
பொருததலும் வல்லது அமைச்சு.

634. தெரிதலும் தேர்ந்து செயலும் ஒருதலையாச்
சொல்லலும் வல்லது அமைச்சு.

635. அறன்அறிந்து ஆன்றுஅமைந்த சொல்லான்எஞ் ஞான்றும்
திறன்அறிந்தான் தேர்ச்சித் துணை.

636. மதிநுட்பம் நூலொடு உடையார்க்கு அதிநுட்பம்
யாவுள முன்நிற் பவை.

637. செயற்கை அறிந்தக் கடைத்தும் உலகத்து
இயற்கை அறிந்து செயல்.

638. அறிகொன்று அறியான் எனினும் உறுதி
உழையிருந்தான் கூறல் கடன்.

639. பழுதுஎண்ணும் மநதிரியின் பக்கத்துள் தெவ்ஓர்
எழுபது கோடி உறும்.

640. முறைப்படச சூழ்நதும் முடிவிலவே செய்வா
திறப்பாடு இலாஅ தவர்.

२—सामन्त

६४. मन्त्रित्व

६३१. साधन, काल, कर्म तथा उसके करने की विशिष्ट रीति के ज्ञान से सुसम्पन्न होता है मन्त्रित्व।

६३२. निर्भयता, कुलीनता, संरक्षण की शक्ति, अध्ययन का ज्ञान तथा दृढ़ प्रयास—इन पाँचों गुणों से सुसम्पन्न होता है मन्त्रित्व।

६३३. (आवश्यकतानुसार) सम्बन्ध-विच्छेदन, संरक्षण तथा पृथक हुए व्यक्ति को पुनः मिला लेने की शक्तियों से सुसम्पन्न होता है मन्त्रित्व।

६३४. विभिन्न विषयों को समझने की विशिष्ट शक्ति, विश्लेषणयुक्त विशिष्ट कर्म तथा अपने अभिप्राय को निर्भयतापूर्वक कहने की शक्ति से सुसम्पन्न होता है मन्त्रित्व।

६३५. धर्मज्ञ ज्ञान-सम्पन्न वक्ता व सदा शक्ति को समझनेवाला मर्मज्ञ मन्त्री (व मित्र) होता है।

६३६. ग्रन्थ-ज्ञान के साथ तीक्ष्ण बुद्धि प्राप्त व्यक्ति के सम्मुख आ खड़ी होनेवाली अति रहस्यपूर्ण समस्या हो क्या सकती?

६३७. कर्म करने की विधि समझ लेने पर भी लोक व्यवहार को समझकर उसे यथानुकूल करना चाहिए।

६३८. (सम्राट् दूसरों के) ज्ञान का संहार करके स्वयं भी अज्ञानी बना रहे तो भी न्याय को दृढ़तापूर्वक व्यक्त करना निकट उपस्थित अमात्य का कर्त्तव्य है।

६३९. बाधा उपस्थित करने का विचार करनेवाले मन्त्री से सात करोड़ शत्रुओं के निकट रहने में ही भला है।

६४०. दृढ़ता जिनमें नहीं होती, वे नियमपूर्वक कर्म को प्रारम्भ करने पर भी उसे सफलता के साथ पूर्ण न कर पायेंगे।

65. சொல்வன்மை

641. நாநலம் என்னும் நலன்உடைமை அந்நலம்
யாநலத்து உள்ளதூஉம் அன்று.

642. ஆககமும் கேடும் அதனால் வருதலான்
காததோம்பல் சொல்லின்கண் சோர்வு.

643. கேட்டார்ப் பிணிக்கும் தகைஅவாய்க் கேளாரும்
வேட்ப மொழிவதாம் சொல்.

644. திறன்அறிந்து சொல்லுக சொல்லை அறனும்
பொருளும் அதனின்ஊங்கு இல்.

645. சொல்லுக சொல்லைப் பிறிதோர்சொல் அச்சொல்லை
வெல்லும்சொல் இன்மை அறிந்து.

646. வேட்பததாம் சொல்லிப் பிறர்சொற் பயன்கோடல்
மாட்சியின் மாசற்றார் கோள்.

647. சொலல்வல்லன் சோர்விலன் அஞசான் அவனை
இகல்வெல்லல் யாாககும் அரிது.

648. விரைந்து தொழில்கேட்கும் ஞாலம் நிரநதுஇனிது
சொல்லுதல் வல்லார்ப் பெறின்.

649. பலசொல்லல் காமுறுவர் [மன்றமாசு அற்ற
சிலசொலலல் தேற்றா தவர்.

650. இணாஊழ்ததும நாறா மலாஅணையர் கற்றது
உணர விரிததுஉரையா தார்

६५. वाक् शक्ति

६४१. वाक्पटुता नामक विशिष्ट गुण की शक्ति और किसी गुण-विशेष में नहीं है ।

६४२. उससे विकास एवं विनाश दोनों प्राप्त होने के कारण अपने शब्दों पर सदा ध्यान रखना चाहिए ।

६४३. बोल वह है कि जो सुननेवाले को वशीभूत कर ले, और न सुननेवालों में भी सुनने की इच्छा उत्पन्न कर दे ।

६४४. शब्द-शक्ति को समझकर शब्दों का प्रयोग करना चाहिए । धर्म और धन इससे श्रेष्ठ नहीं हैं ।

६४५. किसी शब्द का प्रयोग तब करो जब समझ लो कि दूसरा कोई शब्द इस पर विजय प्राप्त नहीं कर पावेगा ।

६४६. प्रिय शब्द स्वयं कहकर दूसरों के शब्दों के प्रयोजन को हृदयंगम करना निर्मल स्वभाववाले महान व्यक्तियों का सिद्धान्त है ।

६४७. वाक्पटु, निरालस्य व निर्भीक व्यक्ति से विरोध करके उससे कोई नहीं जीत सकता ।

६४८. विचारों को सजाकर मधुर ढंग से व्यक्त करनेवाला प्राप्त हो तो संसार शीघ्र उसके आदेशों को सुनेगा ।

६४९. थोड़े से निर्दोष शब्दों में (अपने विचारों को) कहना जो नहीं जानते वे वस्तुतः अनेक शब्दों को कहने के इच्छुक होंगे ।

६५०. स्वयं अध्ययन किये हुए ग्रन्थों को दूसरों को समझाने की शक्ति जिनमें नहीं होती वे गुच्छे के समान पुष्पित होने पर भी गन्धहीन पुष्प के समान होते हैं ।

66. வினைத் தூய்மை

651. துணைநலம் ஆக்கம் தரூஉம் வினைநலம்
வேண்டிய எல்லாம் தரும்.

652. என்றும் ஒருவுதல் வேண்டும் புகழொடு
நன்றி பயவா வினை.

653. ஓஒதல் வேண்டும் ஒளிமாழ்கும் செய்வினை
ஆஅதும் என்னும் அவர்.

654. இடுக்கண் படினும் இளிவந்த செய்யார்
நடுக்குஅற்ற காட்சி யவர்.

655. எற்றென்று இரங்குவ செய்யற்க செய்வானேல்
மற்றுஅன்ன செய்யாமை நன்று.

656. ஈன்றாள் பசிகாண்பான் ஆயினும் செய்யற்க
சான்றோர் பழிக்கும் வினை.

657. பழிமலைந்து எய்திய ஆக்கத்தின் சான்றோர்
கழிநல் குரவே தலை.

658. கடிந்த கடிந்துஒரார் செய்தார்க்கு அவைதாம்
முடிந்தாலும் பீழை தரும்.

659. அழக்கொண்ட எல்லாம் அழப்போம் இழப்பினும்
பிற்பயக்கும் நற்பா லவை.

660. சலத்தால் பொருள்செய்தே மார்த்தல் பசுமண்
கலத்துள்நீர் பெய்துஇரீஇ யற்று

६६. व्यवहार-विशुद्धि

६५१ (वाह्य) सहायता मनुष्य को श्रीवृद्धि प्रदान करती है, पर (व्यक्तिगत) व्यवहार-विशुद्धि सकल आवश्यक पदार्थों को प्रदान करती है।

६५२. सुयश के साथ जो व्यवहार सद्धर्मप्रद भी न हो उसे सदा के लिए त्यागना चाहिए।

६५३. उत्तरोत्तर विकास के इच्छुक सुयश में वाधा उपस्थित करनेवाले कर्मों को त्यागें।

६५४. निश्चल बुद्धिवाले विपदग्रस्त अवस्था में भी निन्द्य व्यवहार न करेंगे।

६५५. पश्चात्ताप-जनक व्यवहार न करें, और यदि कर वैठे हों तो आगे से उससे वचे रहना अच्छा है।

६५६. जननी को क्षुधाग्रस्त भी क्यों न देखना पड़े, विद्वज्जनों से दोषारोपित होनेवाले व्यवहारों को मत करो।

६५७. सदोष तुच्छ व्यवहार से प्राप्त समृद्धि से विज्ञ जनों के लिए अत्यधिक निर्धनता ही श्रेष्ठ है।

६५८. त्याज्य व्यवहारों का वहिष्कार किये विना उनमें प्रवृत्त होनेवाले को, सफल होने पर भी, वे दुःख ही देंगे।

६५९. दूसरों को रुलाकर प्राप्त की हुई सम्पूर्ण सम्पत्ति रो कर खोनी पड़ेगी। सद्व्यवहार से संचित सम्पत्ति खोने पर भी भविष्य में लाभप्रद होगी।

६६०. वंचना से धन संग्रह कर उसकी रक्षा करना, कच्चे घड़े में जल भर कर उसकी रक्षा करने के समान होता है।

67. வினைத் திட்டம்

661. வினைததிட்பம் என்பது ஒருவன் மனததிட்பம்
மற்றைய எல்லாம் பிற.

662. ஊறுஒரால் உற்றபின் ஒல்காமை இவ்விரண்டின்
ஆறுஎன்பர் ஆய்நதவா கோள்.

663. கடைகொட்கச் செய்தககது ஆண்மை இடைகொட்கின்
எற்றா விழுமம் தரும்.

664. சொலலுதல் யாாகரும் எளிய அரியவாம்
சொல்லிய வண்ணம் செயல்.

665 வீறுஎய்தி மாண்டார் வினைத்திட்பம் வேந்தன்கண்
ஊறுஎய்தி உள்ளப் படும்.

666. எண்ணிய எண்ணியாங்கு எய்துப எண்ணியாா
திண்ணியர் ஆகப் பெறின்.

667. உருவுகண்டு எள்ளாமை வேண்டும் உருள்பெருந்தேர்க்கு
அசசுஆணி அன்னார் உடைதது.

668, கலஙகாது கண்ட வினைககண் துளங்காது
தூககம் கடிநது செயல்.

669. துன்பம் உறவரினும செய்க துணிவுஆற்றி
இன்பம பயககும் வினை.

670. எனைததிட்பம் எயதியக கணணும வினைத்திட்பம்
வேண்டாரை வேண்டாது உலகு.

६७. कर्म की दृढ़ता

६६१. कर्म की दृढ़ता वस्तुतः व्यक्ति की मानसिक दृढ़ता ही है। शेष सब पृथक ही ठहरते हैं।

६६२. नीति-निपुणों का निश्चित मत है कि कर्म की दृढ़ता के दो मार्ग हैं—दोषपूर्ण कर्मों को न करना, तथा किये हुए कर्मों के कारण अधीर न होना।

६६३. बहादुरी इसी में है कि कर्म के अन्त में ही मर्म व्यक्त हो। मध्य में बात फूट गयी तो वह असह्य दुःख देगी।

६६४. कहना सब के लिए सरल होता है, पर कहे अनुसार करना अति दुष्कर होता है।

६६५. सुयश प्राप्त (मन्त्री जैसे) श्रेष्ठ पद में स्थित व्यक्ति के कर्म की दृढ़ता सम्राट् तक पहुँचकर सर्व-सम्मानित होगी।

६६६. विचारवान (अपने कर्म में) दृढ़ रहें तो वे विचारे हुए पदार्थ को विचारे हुए रूप में ही प्राप्त करेंगे।

६६७. रूपमात्र को देखकर किसी को तुच्छ न समझ बैठो। बड़े रथ की घूमनेवाली किल्ली के समान वे हो सकते हैं।

६६८. अविचलित रूप से निश्चित कर्म को अथक परिश्रम से अविलम्ब करना चाहिए।

६६९. (अन्त में) आनन्दप्रद कर्म को, दुःख आ पड़ने पर भी, सधैर्य करना चाहिए।

६७०. और किसी प्रकार की दृढ़ता चाहे हो, पर कर्म की दृढ़ता से रहित व्यक्ति की परवाह लोक न करेगा।

68. வினைசெயல்வகை

671. சூழ்ச்சி முடிவு துணிவுஎய்தல் அத்துணிவு
தாழ்ச்சியுள் தங்குதல் தீது.

672. தூங்குக தூங்கிச் செயற்பால தூங்கற்க
தூங்காது செய்யும் வினை

673. ஒல்லும்வாய் எல்லாம் வினைநன்றே ஒல்லாக்கால்
செல்லும்வாய் நோக்கிச் செயல

674. வினைபகை என்றிரண்டின் எச்சம் நினையுங்கால்
தீயெச்சம் போலத் தெறும்.

675. பொருள்கருவி காலம் வினைஇடனொடு ஐந்தும்
இருள்தீர எண்ணிச் செயல.

676. முடிவும் இடையூறும் முற்றியாங்கு எய்தும்
படுபயனும் பார்த்துச் செயல்.

677. செய்வினை செய்வான் செயல்முறை அவ்வினை
உள்ளறிவான் உள்ளம் கொளல்.

678. வினையான் வினைஆக்கிக் கோடல் நனைகவுள்
யானையால் யானையாத்து அற்று.

679. நட்டார்க்கு நல்ல செயலின் விரைந்ததே
ஒட்டாரை ஒட்டிக் கொளல்.

680. உறைசிறியார் உள்நடுங்கல் அஞ்சிக் குறைபெறின்
கொள்வர் பெரியார்ப் பணிந்து

६८. कर्म करने की रीति

६७१. उपाय के विचार की समाप्ति दृढ़ निश्चय करने में निहित है, और फिर उस दृढ़ निश्चय में शिथिलता लाना अथवा विलम्ब करना हानिकारक है।

६७२. विलम्ब की आवश्यकता हो तो विलम्ब से ही कर्म करो। जहाँ विलम्ब के लिए स्थान न हो उसे अविलम्ब करो।

६७३. जहाँ-जहाँ सम्भव हो, कर्म को पूर्ण कर डालना अच्छा है। सम्भव न हो तो साफल्यप्रद पथ को देखकर उसके पथिक बनो।

६७४. कर्म एवं शत्रुता—इन दोनों के अवशिष्ट अंश का विचार करने पर ज्ञात होगा कि वे अग्नि के अवशिष्ट अंश के समान (बढ़ कर) विनाशकारी होंगे।

६७५ धन, साधन, समय, कर्म तथा स्थान के साथ इन पाँचों का स्पष्टतः विचार करके किसी कार्य में प्रवृत्त होना चाहिए।

६७६. कर्म को सम्पन्न करने की रीति, सम्भाव्य बाधाएँ तथा सफल होने पर प्राप्य विशिष्ट प्रयोजन को देखकर उक्त कर्म में प्रवृत्त होना चाहिए।

६७७. कर्म को सम्पन्न करने का मार्ग यही है कि उस कर्म के मर्मज्ञ के विचारों को समझें।

६७८. एक कर्म से दूसरा कर्म भी सिद्ध कर लेना मद से आर्द्र कपोलों से युक्त एक हाथी के द्वारा दूसरे हाथी को पकड़ने के समान होता है।

६७९. मित्रों की भलाई करने की अपेक्षा शत्रुओं के साथ सम्बन्ध

69. தூது

681. அன்புஉடைமை ஆன்ற குடிப்பிறத்தல் வேந்துஅவாம்
பணபுஉடைமை தூதுஉரைப்பான் பண்பு.

682. அன்புஅறிவு ஆராய்நத சொல்வன்மை தூதுஉரைப்பார்க்கு
இன்றி அமையாத மூன்று.

683. நூலாருள் நூல்வல்லன் ஆகுதல வேலாருள்
வென்றி வினையுரைப்பான் பண்பு.

684 அறிவுஉரு ஆராய்ந்த கல்விஇம் மூன்றன்
செறிவுடையான் செல்க வினைக்கு.

685. தொகச்சொலலித தூவாத நீககி நகச்சொல்லி
நன்றி பயப்பதாம் தூது.

686. கற்றுக்கண் அஞ்சான் செலச்சொல்லிக காலத்தால்
தக்கது அறிவதாம் தூது.

687. கடன்அறிந்து காலம் கருதி இடன்அறிந்து
எண்ணி உரைப்பான் தலை.

688. தூய்மை துணைமை துணிவுடைமை இம்மூன்றின்
வாய்மை வழியுரைப்பான் பண்பு.

689. விடுமாற்றம வேநதர்கசு உரைப்பான் வடுமாற்றம்
வாய்சோரா வன்க ணவன்.

690. இறுதி பயப்பினும் எஞ்சாது இறைவற்கு
உறுதி பயபபதாம் தூது.

६९. दूत

६८१. स्नेह-सम्पन्नता, उत्तम कुल में जन्म तथा सम्राट् के इच्छानुकूल सदाचरण दूत के लिए आवश्यक गुण हैं।

६८२. प्रेम, बुद्धि, विचारपूर्ण वाक्-शक्ति—ये तीनों दूतों के लिए आवश्यक हैं।

६८३. अपने सम्राट् की विजय के हेतु दूसरे समाटों के पास जानेवाले दूत में विद्वानों से भी सम्मानित होनेवाली विद्वत्ता होनी चाहिए।

६८४. बुद्धि, रूप तथा गम्भीर अध्ययन—तीनों एक साथ जिसमें हों वही दूत बन कर जावे।

६८५. अप्रिय शब्दों को हटाकर शृंखलाबद्ध कह कर अपने भाषण से प्रसन्न करके प्रयोजन सिद्ध करनेवाला ही दूत है।

६८६. सफल दूत वही है जो विज्ञ हो, निडर हो, हृदयवेधक वक्ता हो और जिसमें प्रत्युत्पन्नमति हो।

६८७. श्रेष्ठ दूत वही है जो कर्त्तव्यनिष्ठ हो, और देश-काल का विचार रखकर ध्यान से शब्द व्यक्त करता हो।

६८८. सदाचरण, सहयोग एवं सुनिश्चय—इन तीनों गुणों में सिद्ध होना दूत के लिए आवश्यक है।

६८९. अपने सम्राट् का सन्देश दूसरे सम्राट् से कहने की योग्यता उसी दूत में होगी जो सदोप शब्दों को मुँह के थकने पर भी सधैर्य किसी प्रकार अभिव्यक्त न करे।

६९०. मरण-संकट में भी निर्भय हो अपने सम्राट् को ही श्री-सम्पन्न करानेवाला ही दूत है।

70. மன்னரைச் சேர்ந்து ஒழுகல்

691. அகலாது அணுகாது தீககாய்வாா போல்க
இகல்வேநதாச சேர்ந்தொழுகு வாா்.

692. மன்னா விழைப விழையாமை மன்னரால்
மன்னிய ஆககம் தரும்.

693. போறறின் அரியவை போற்றல் கடுத்தபின்
தேற்றுதல் யார்க்கும் அரிது.

694. செவிச்சொல்லும் சோந்த நகையும் அவித்தொழுகல்
ஆன்ற பெரியார் அகதது.

695. எப்பொருளும் ஓரார் தொடரார்மற்று அப்பொருளை
விட்டககால கேட்க மறை.

696 குறிப்பு அறிநது காலம் கருதி வெறுப்பில
வேண்டுப வேட்பச் சொலல்.

697 வேட்பன சொல்லி வினையில எஞ்ஞான்றும்
கேட்பினும் சொல்லா விடல்.

698 இளையர் இனமுறையர் என்றுஇகழார் நின்ற
ஒளியொடு ஒழுகப் படும்.

699. கொளபபட்டேம் என்றுஎண்ணிக் கொள்ளாத செய்யார்
துளககுஅற்ற காட்சி யவா.

700 பழையம் எனககருதிப் பண்புஅல்ல செய்யும்
கெழுதகைமை கேடு தரும்.

७०. सम्राट् से सहयोग

६९१. अति दूर व अति समीप न रहकर जाड़े में अग्नि में तपने के समान सम्राट् से सहयोग रखना चाहिए।

६९२. सम्राट् की प्रिय वस्तु की अभिलाषा न करना सम्राट् से सहयोग प्राप्त व्यक्ति को स्थाई सम्मृद्धि प्रदान करेगा।

६९३. सम्राट् का सहयोग सुरक्षित रखना चाहो तो प्रबल दोषों से अपने को सर्वथा पृथक रक्खो। सम्राट् के क्रुद्ध होने पर उसे कोई समझा नहीं सकता।

६९४. शक्ति-सम्पन्न श्रेष्ठ व्यक्ति के सम्मुख कानाफूसी करने और किसी को देखकर हँसने से बचे रहना चाहिए।

६९५. (सम्राट् से सहयोग प्राप्त व्यक्ति उनकी) किसी गुप्त बात को न सुनता है और न बारबार पूछता है। स्वयं रहस्य को व्यक्त करें तो सुन लेता है।

६९६. सम्राट् के भाव समझकर, समय का विचार करते हुए, प्रिय एवं इच्छित विषयों को आनन्दप्रद रीति से उनके सामने व्यक्त करो।

६९७. सम्राट् के प्रिय विषयों को ही कहकर, और निरर्थक विषयों को उनके पूछने पर भी न कहकर सदा के लिए त्याग देना चाहिए।

६९८. अल्पवयस्क अथवा बन्धु कह कर सम्राट् का अपमान न करके अपनी स्थिति के अनुकूल मर्यादा के साथ व्यवहार करना चाहिए।

६९९. निश्चल, विशुद्ध व बुद्धिमान, 'हम सम्राट् के कृपा-पात्र हैं' ऐसा विचार कर उनके अप्रिय विषयों को कदापि न करेंगे।

७००. अपने को सम्राट् का चिर-परिचित मानकर दुर्व्यवहार में प्रवृत्त होनेवाला अधिकार हानिकारक होगा।

71. குறிப்பு அறிதல்

701. கூறாமை நோககிக் குறிப்புஅறிவான் எஞ்ஞான்றும்
மாறாநீர் வையக்கு அணி.

702. ஐயப் படாஅது அகந்தது உணர்வானைத
தெய்வத்தொடு ஒப்பக் கொளல்.

703. குறிப்பின் குறிப்புஉணர் வாரை உறுப்பினுள்
யாது கொடுத்தும் கொளல்.

704 குறிததது கூறாமைக கொள்வாரோடு ஏனை
உறுப்புஓ ரனையரால் வேறு.

705. குறிப்பின் குறிப்புஉணரா வாயின் உறுப்பினுள்
என்ன பயத்தவோ கண்.

706 அடுத்தது காட்டும் பளிங்குபோல் நெஞ்சம
கடுத்தது காட்டும் முகம்.

707. முகத்தின் முதுக்குறைந்தது உண்டோ உவப்பினும்
காயினும் தான்முந் துறும்

708. முகம்நோக்கி நிற்க அமையும் அகம்நோக்கி
உற்றது உணர்வார்ப் பெறின்.

709. பகைமையும் கேண்மையும் கண்உரைககும் கண்ணின்
வகைமை உணர்வார்ப் பெறின்.

710. நுண்ணியம் என்பார் அளக்குங்கோல் காணுங்கால்
கண்அல்லது இல்லை பிற.

७१. भावज्ञता

७०१. किसी के कहे विना मुखदर्शन मात्र से भावों को हृदयंगम कर लेनेवाला सदा के लिये अक्षुण्ण जल समुद्र के मध्य उपस्थित संसार का एक आभूषण होगा।

७०२. सन्देह किये विना हृदय की भावना को हृदयंगम कर लेनेवाला देवता के समान माना जायगा।

७०३. मुखाकृति मात्र से हृदय की भावना को जो समझ ले उसे (अपने धन, भूमि आदि में से) कोई भाग देकर भी अपना लो।

७०४. किसी के कहे विना हृदय की वात को समझ लेनेवाले से दूसरे व्यक्ति, सम्पत्ति में समान होने पर भी, वुद्धि के कारण विभिन्न ही ठहरते हैं।

७०५. मुखाकृति आदि से हृदय के भावों को यदि कोई न समझ सके तो उसके शरीर के अंगों में नेत्रों के होने से क्या प्रयोजन?

७०६. समीपस्थ वस्तु को प्रतिविंवित करनेवाले संगमरमर के सदृश हृदय के भावातिरेक को मुख अभिव्यक्त कर देता है।

७०७. सम्मुख आते ही (मन की) प्रसन्नता या रुष्टता जिसके मुख से तुरन्त व्यक्त हो जाय उससे अधिक ओछी वुद्धिवाला और कोई हो सकता है?

७०८. मुख मात्र को देखकर हृदय के भाव को समझ लेनेवाला प्राप्त हो जाय तो उसका मुख देखते हुए खड़े हो जाना यथेष्ट है।

७०९. नेत्र के विभिन्न रूपों से भाव को समझ लेनेवाला प्राप्त हो जाय तो किसी के नेत्र ही (हृदय में उपस्थित) शत्रुता एवं मित्रता को व्यक्त कर देंगे।

७१०. सूक्ष्म-वुद्धि कहलानेवाले का माप-दण्ड, समीक्षा करने पर, आँख के अतिरिक्त और कुछ नहीं है।

72. அவை அறிதல்

711. அவைஅறிந்து ஆராய்ந்து சொல்லுக சொல்லின்
தொகைஅறிந்த தூய்மை யவர்.

712. இடைதெரிந்து நன்குணர்ந்து சொல்லுக சொல்லின்
நடைதெரிந்த நன்மை யவர்.

713. அவையறியார் சொல்லல்மேற் கொள்பவர் சொல்லின்
வகையறியார் வல்லதூஉம் இல்.

714. ஒளியார்முன் ஒள்ளியா ஆதல் வெளியார்முன்
வான்சுதை வண்ணம் கொளல்.

715. நன்றுஎன்ற வற்றுள்ளும் நன்றே முதுவருள்
முந்து கிளவாச் செறிவு.

716. ஆற்றின் நிலைதளர்ந்து அற்றே வியன்புலம்
ஏற்றுஉணர்வார் முன்னர் இழுக்கு.

717. கற்றறிந்தார் கல்வி விளங்கும் கசடுஅறச்
சொல்தெரிதல் வல்லார் அகதது.

718 உணர்வது உடையார்முன் சொல்லல் வளாவதன்
பாத்தியுள் நீர்சொரிந்து அற்று.

719. புல்லவையுள் பொச்சாந்தும் சொல்லற்க நல்லவையுள்
நன்கு செலச்சொல்லு வார்.

720. அஙகணததுள் உக்க அமிழ்தற்றால் தம்கணததா
அல்லாமுன் கோட்டி கொளல்.

७२. सभा को समझना

७११. शब्दों के क्रम की शक्ति का स्पष्ट ज्ञान रखनेवाले सभा को समझकर ध्यान से शब्दों का व्यवहार करें।

७१२. शब्दों की शैली से अवगत ज्ञान-सम्पन्न व्यक्ति को चाहिए कि श्रोताओं के श्रवण की अभिलाषा को स्पष्टतः समझकर शब्दों का व्यवहार करें।

७१३. सभा को समझे बिना शब्दों के व्यवहार की ओर अग्रसर होनेवाले शब्दों की रीति से अनभिज्ञ ही होते हैं, और कथन योग्य विषय भी उनके पास नहीं होता।

७१४. बुद्धिमान के सम्मुख बुद्धिमान जैसे ही सम्भाषण करो, और बुद्धिहीन के सम्मुख सफेद चूने के समान ही बन जाओ।

७१५. श्रेष्ठ बुद्धिवन्त के सम्मुख बढ़कर सम्भाषण न करने का संयम मनुष्य के प्रयोजन-सम्पन्न विषयों में प्रधान है।

७१६. विशद ज्ञान-क्षेत्र के विद्वानों के सम्मुख सदोष सिद्ध होना सदाचरण की स्थिति में विघ्न पड़ जाने के समान है।

७१७. विशुद्ध रूप से शब्दों के भाव को समझनेवाले विद्वान के सम्मुख ही (अनेक ग्रन्थों के) अध्ययन-सम्पन्न व्यक्ति की विद्या प्रकाशित होगी।

७१८. अच्छी बुद्धिवाले व्यक्ति के सम्मुख बोलना विकसित होती हुई कृषि को जल से सिंचित करने के समान है।

७१९. श्रेष्ठ विद्वानों की सभा के प्रभावोत्पादक वक्ता मूर्खों की सभा में भूलकर भी न बोलें।

७२० स्वजन से रहित सभा में किसी विषय पर बोलना स्वीकार न करो; अन्यथा वह अशुद्ध आँगन में गिराये गये अमृत के समान होगा।

73. அவை அஞ்சாமை

721. வகைஅறிந்து வல்லவை வாய்சோரார் சொல்லின்
தொகைஅறிந்த தூய்மை யவர்.

722. கற்றாருள் கற்றார் எனப்படுவர் கற்றார்முன்
கற்ற செலச்சொல்லு வார்.

723. பகைஅகத்துச் சாவார் எளியர் அரியர்
அவைஅகத்து அஞ்சா தவர்.

724. கற்றார்முன் கற்ற செலச்சொல்லித் தாம்கற்ற
மிக்காருள் மிக்க கொளல்.

725. ஆற்றின் அளவுஅறிந்து கற்க அவைஅஞ்சா
மாற்றம் கொடுத்தல் பொருட்டு.

726. வாளொடுஎன் வன்கண்ணர் அல்லார்க்கு நூலொடுஎன்
நுண்அவை அஞ்சு பவர்க்கு.

727. பகைஅகத்துப் பேடிகை ஒள்வாள் அவைஅகத்து
அஞ்சும் அவன்கற்ற நூல்.

728. பல்லவை கற்றும் பயம்இலரே நல்லவையுள்
நன்கு செலச்சொல்லா தார்.

729. கல்லா தவரின் கடைஎன்ப கற்றறிந்தும்
நல்லார் அவைஅஞ்சு வார்.

730. உளரெனினும் இல்லாரொடு ஒப்பர் களன்அஞ்சிக்
கற்ற செலச்சொல்லா தார்

७३. सभा में निर्भीकता

७२१. शब्दों के क्रम की शक्ति का स्पष्ट ज्ञान रखनेवाले सभा की रीति को हृदयंगम करके विद्वानों के मध्य अपने मुख में अनुचित शब्द न आने देंगे।

७२२. विद्वानों के सम्मुख अपने अध्ययन को प्रभावोत्पादक ढंग से कहने की शक्ति जिनमें हो वे विद्वानों में विद्वान कहलायेंगे।

७२३. शत्रुओं के संग्राम-क्षेत्र में (सोत्साह) समाप्त होनेवाले तो अनेक होंगे, परन्तु विद्वत् सभा में निर्भीक रहनेवाले विरले ही होंगे।

७२४. विद्वानों में स्वाध्ययन का प्रभाव अपने भाषण से उत्पन्न करके अपने से श्रेष्ठ विद्वानों से अन्य विषयों का अध्ययन कर लेना चाहिए।

७२५. सभा में निर्भीक रूप से प्रत्युत्तर देने के हेतु नियमपूर्वक तर्क-शास्त्र का सतर्क अध्ययन आवश्यक है।

७२६. निडर वीर के अतिरिक्त औरों का खड्ग से क्या सम्बन्ध ! विद्वत् सभा से डरनेवाले का सद् ग्रन्थों से क्या सम्बन्ध !

७२७. सभा में डरनेवाले के हाथ में सद् ग्रन्थ वैसा ही होता है जैसे शत्रु से संग्राम-क्षेत्र में डरनेवाले के हाथ में तलवार।

७२८. अनेकानेक ग्रन्थों का अध्ययन उनके लिए निष्प्रयोजन ही होता है जो विद्वत् सभा को अपने भाषण से प्रभावित न कर सकें।

७२९. विद्याध्ययन के अनन्तर भी विद्वत् सभा से भयभीत होनेवाले वेपढ़ों से भी बदतर हैं।

७३०. सभा से भयभीत हो अपने अध्ययन का प्रभाव जो श्रोताओं में न उत्पन्न कर सकें वे सप्राण होते हुए भी निष्प्राण सदृश ही हैं।

3. அரணியல்

74. நாடு

731. தள்ளா விளையுளும் தக்காரும் தாழ்வுஇலாச்
செல்வரும் சேர்வது நாடு.

732. பெரும்பொருளால் பெள்தக்கது ஆகி அருங்கேட்டால்
ஆற்ற விளைவது நாடு

733 பொறைஒருங்கு மேல்வருங்கால் தாங்கி இறைவற்கு
இறைஒருங்கு நேர்வது நாடு.

734. உறுபசியும் ஓவாப் பிணியும் செறுபகையும்
சேராது இயல்வது நாடு.

735. பல்குழுவும பாழ்செய்யும் உட்பகையும் வேநதுஅலைக்கும்
கொல்குறும்பும் இல்லது நாடு.

736. கேடுஅறியாக் கெட்ட இடத்தும் வளங்குன்ரு
நாடுஎன்ப நாட்டின் தலை.

737 இருபுனலும் வாய்ந்த மலையும் வருபுனலும்
வல் அரணும் நாட்டிற்கு உறுப்பு.

738. பிணிஇன்மை செல்வம் விளைவுஇன்பம் ஏமம்
அணிஎன்ப நாட்டிற்குஇவ் ஐந்து

739. நாடுஎன்ப நாடா வளத்தன நாடுஅல்ல
நாட வளநதரும் நாடு

740 ஆங்குஅமைவு எயதியக கணணும் பயம்இன்றே
வேநதுஅமைவு இல்லாத நாடு.

३. दुर्ग

७४. राज्य

७३१. अक्षय उपज, योग्य विद्वान तथा क्षतिहीन धनवान से युक्त होवे तो वही राज्य होता है।

७३२. विशाल सम्पत्ति के फलस्वरूप दूसरों के लिए आकर्षक, विनाश रहित तथा विशद उपजप्रद हो तो वही राज्य होता है।

७३३. विभिन्न भार एकत्रित हो आ पड़ने पर उसका सहन करते हुए (प्रजा-वर्ग) अपने सम्राट् को भी यथानुसार समस्त कर चुकाता रहे तो वही राज्य होता है।

७३४. क्षुधाधिक्य, निरन्तर व्याधि तथा बाह्याक्रमणों से मुक्त हो तो वही राज्य होता है।

७३५. अनेक (विरोधी) संघ-सभाएँ, विनाशकारी अन्तःकलह तथा राजा के लिए दुःखप्रद हत्यारे भूस्वामी न हों तो वही राज्य होता है।

७३६. (शत्रुओं से) क्षतिग्रस्त न होकर, विनाश काल में भी सम्मृद्धि में क्षति न आने देनेवाला राज्य ही राज्यों में श्रेष्ठ होता है।

७३७. (सोता और वर्षा रूपी) जल के उभय स्रोत, यथानुकूल पर्वत, प्रवाहपूर्ण नदी तथा सुदृढ़ दुर्ग राज्य के अनिवार्य अंग हैं।

७३८. व्याधि रहित अवस्था, सम्पत्ति, उपज-समृद्धि, सानन्द-जीवन तथा सुरक्षा—ये पाँचों राज्य के अलंकार कहे जाते हैं।

७३९. निष्प्रयास स्वयं सम्मृद्ध हो तो वही राज्य कहलाता है। सप्रयास सम्मृद्ध होनेवाले राज्य वस्तुतः श्रेष्ठ राज्य नहीं हैं।

७४०. उपर्युक्त रूप में अवस्थित होने पर भी राज्य का एक श्रेष्ठ राजा न हो तो वह सब व्यर्थ ही सिद्ध होगा।

75. அரண்

741. ஆற்று பவர்கும் அரண்பொருள் அஞ்சித்தன்
போறறு பவாககும் பொருள்.

742. மணிநீரும் மணணும மலேயும் அணிநிழற
காடும உடையது அரண்.

743. உயாவுதிண்மை அருமைஇந நான்கின்
அமைவுஅரண் என்றுஉரைககும் நூல்.

744. சிறுகாப்பின் பேர்இடததது ஆகி உறுபகை
ஊககம அழிபபது அரண்.

745. கொளறகுஅரிதாயக கொண்டகூழ்தது ஆகி அகததார்
நிலேககுஎளிதாம் நீரது அரண்.

746. எல்லாப பொருளும் உடைததாய் இடத்துஉதவும்
நல்லாள் உடையது அரண.

747. முற்றியும் முறறுது எறிநதும் மறைப்படுத்தும்
பற்றறகு அரியது அரண.

748. முற்றுஆற்றி முற்றி யவரையும் பற்றுஆற்றிப்
பற்றியார் வெல்வது அரண.

749. முனேமுகதது மாறறலா சாய வினேமுகத்து
வீறுஎய்தி மாண்டது அரண்.

750. எனேமாட்சிதது ஆகியக கணணும் விணேமாட்சி
இல்லாாகண் இல்லது அரண்.

७५. दुर्ग

७४१. कर्मठ (आक्रमणकारियों) के लिए दुर्ग महत्त्वपूर्ण होता है, और उनके लिए भी जो भयभीत हो अपनी रक्षा करना चाहते हैं।

७४२. माणिक्य-सा स्वच्छ जल, (विशाल) भूभाग, (ऊँचे) पर्वत, सुन्दर व शीतल छाया से युक्त वन—इन चारों से युक्त होता है दुर्ग।

८४३. ऊँचाई, चौड़ाई, दृढ़ता तथा दुर्जयत्व—इन चारों से सम्पन्न होने पर ही ग्रन्थ उसे 'दुर्ग' मानेंगे।

७४४. सुरक्षा के छोटे स्थान व अतिरिक्त-विशाल स्थल से युक्त तथा आक्रमणकारी शत्रु के उत्साह को विदीर्ण करनेवाला होता है दुर्ग।

७४५. शत्रुओं के लिए अजेय, खाद्य-सम्पन्न तथा भीतर उपस्थित व्यक्तियों की सुविधाओं से युक्त होता है दुर्ग।

७४६. सभी आवश्यक पदार्थों से सम्पन्न तथा विषम परिस्थिति में सहायता प्रदान करने योग्य वीरों से युक्त होता है दुर्ग।

७४७. घेर कर अथवा घेरा डाले बिना संग्राम से व वंचना से किसी प्रकार जो हस्तगत न हो सके, वही होता है दुर्ग।

७४८. अपनी प्रवीणता से घेरा डालनेवाले शत्रुओं पर भी भीतर ही सुदृढ़ रह कर विजय प्राप्त कराने की शक्ति से युक्त होता है दुर्ग।

७४९. समर-संकट में भी शत्रु का नाश करते हुए भीतर उपस्थित व्यक्तियों के विभिन्न कर्मों के द्वारा विजय प्राप्ति की सुप्रशंसा से सम्पन्न होता है दुर्ग।

७५०. चाहे जैसे गुणों से युक्त क्यों न हों, यथानुकूल विशिष्ट कर्म से रहित व्यक्तियों के लिए व्यर्थ ही होता है दुर्ग।

4. கூழியல்

76. பொருள் செயல்வகை

751. பொருள் அல்லவரைப் பொருளாகச் செய்யும்
பொருள்அல்லது இல்லை பொருள்.

752. இல்லாரை எல்லாரும் எள்ளுவர் செல்வரை
எல்லாரும் செய்வர் சிறப்பு.

753. பொருள்என்னும் பொய்யா விளக்கம் இருள்அறுக்கும்
எண்ணிய தேயத்துச் சென்று.

754. அறன்ஈனும் இன்பமும்ஈனும் திறன் அறிந்து
தீதுஇன்றி வந்த பொருள்

755. அருளொடும் அன்பொடும் வாராப் பொருளாக்கம்
புல்லார் புரள விடல்.

756. உறுபொருளும் உல்கு பொருளும்தன் ஒன்னார்த்
தெறுபொருளும் வேந்தன் பொருள்.

757. அருள்என்னும் அன்புஈன் குழவி பொருள்என்னும்
செல்வச் செவிலியால் உண்டு

758. குன்றுஏறி யானைப்போர் கண்டற்றால் தன்கைத்துஒன்று
உண்டாகச் செய்வான் வினை.

759. செய்க பொருளைச செறுநர் செருக்குஅறுக்கும்
எஃகுஅதனிற் கூரியது இல்.

760 ஒண்பொருள் காழ்ப்ப இயற்றியார்க்கு எண்பொருள்
ஏனை இரண்டும ஒருங்கு

४. खाद्य

७६. धन-बल निरूपण

७५१. तुच्छ व्यक्ति को भी (सम्मानित) स्थान प्रदान करने की शक्ति धन के अतिरिक्त और किसी में नहीं है।

७५२. निर्धन का सब अपमान करते हैं और धनवान की सब प्रशंसा करते हैं।

७५३. धन नामक कभी न बुझनेवाला दीपक (उसके संग्रहकर्ता के) अभीष्ट स्थान में जाकर उसकी बाधाओं का नाश कर डालता है।

७५४. न्याय-संगत निर्दोष रूप से आया हुआ धन धर्म तथा आनन्द प्रदान करेगा।

७५५. दया एवं प्रेम सहित न आये हुए धन-वैभव से प्रसन्न न होकर उसे अस्वीकार करो।

७५६. स्वयमेव अथवा चुंगी द्वारा प्राप्त तथा शत्रु-दमन के पश्चात् संग्रहीत धन सम्राट् का होता है।

७५७. स्नेह से उत्पन्न दया नामक शिशु, धन नामक धाय से पोषित होता है।

७५८. अपना धन हाथ में रखकर कर्म करना टीले पर चढ़कर हाथी की लड़ाई देखने के समान होता है।

८५९. धन-संग्रह करो। शत्रु के अहंकार को काटनेवाला उससे तेज शस्त्र और कोई नहीं है।

७६०. महत्तम धन का अधिक संग्रह करनेवाले को इतर दोनों पुरुषार्थ—धर्म एवं काम—एक साथ सरलता से प्राप्त होंगे।

5. படையியல்

77. படை மாட்சி

761. உறுப்புஅமைந்து ஊறுஅஞ்சா வெல்படை வேந்தன்
வெறுக்கையுள் எல்லாம் தலை.

762. உலைவிடத்து ஊறுஅஞ்சா வன்கண் தொலைவிடத்துத
தொல்படைக்கு அல்லால் அரிது.

763. ஒலித்தக்கால் என்னும் உவரி எலிப்பகை
நாகம் உயிர்ப்பக் கெடும்.

764. அழிவின்று அறைபோகாது ஆகி வழிவந்த
வன்கண் அதுவே படை.

765. கூற்றுஉடன்று மேல்வரினும் கூடி எதிர்நிற்கும்
ஆற்றல் அதுவே படை.

766. மறம்மானம் மாண்ட வழிச்செலவு தேற்றம்
எனநான்கே ஏமம் படைககு.

767. தார்தாங்கிச் செல்வது தானை தலைவந்த
போர்தாங்கும தன்மை அறிந்து.

768. அடல்தகையும் ஆற்றலும் இல்எனினும் தானை
படைததகையால பாடு பெறும்.

769. சிறுமையும் செல்லாத் துனியும் வறுமையும்
இலலாயின் வெலலும் படை.

770. நிலைமக்கள் சால உடைததுஎனினும் தானை
தலைமககள் இல்வழி இல்.

५. सैन्य

७७. सैन्य - सौष्ठव

७६१. विभिन्न अंगों से पुष्ट, बाधाओं से अविचलित विजयप्रद सेना सम्राट् की सम्पत्तियों में सर्वश्रेष्ठ होती है।

७६२. निर्बल पड़ते समय भी बाधाओं से निर्भय रहकर स्वयं प्रहार सहने का शौर्य परम्परागत सेना के अतिरिक्त अन्यत्र असम्भव है।

७६३. चूहों के सैन्य-सागर के गर्जन से क्या हो सकता है? काले नाग के श्वास मात्र से उसका सर्वनाश हो जायगा।

७६४. क्षतिग्रस्त हुए विना शत्रुओं की वंचना में न आकर परम्परागत शौर्य से युक्त हो तो वही सेना उत्तम है।

७६५. स्वयं यम के सक्रोध आक्रमण करने पर भी संघटित हो सामना करने के शौर्य से युक्त हो तो वही उत्तम सेना है।

७६६. शौर्य, सम्मान, श्रेष्ठ व्यावहारिकता तथा उत्साहवर्द्धन—ये चारों ही सैन्य के लिए श्रेष्ठ रक्षक हैं।

७६७. अपने पर चढ़ आये हुए सैन्य को रोककर उसकी चाल से अवगत हो उस सेना के सम्मुख अग्रसर होनेवाली सेना ही उत्तम सेना है।

७६८. संहारक हाथ तथा शौर्य के अभाव में भी सेना अपने आलंकारिक प्रदर्शन मात्र से प्रशंसा प्राप्त करती है।

७६९. क्षीणता, स्थाई घृणा एवं निर्धनता न हो तो सेना की विजय निश्चित है।

७७०. स्थाई वीर अनेक होने पर भी सेना का नायक न हो तो वह सेना ही नहीं हैं।

78. படைச் செருக்கு

771. என்னைமுன் நில்லன்மின் தெவ்விர் பலர்என்னை
முன்நின்று கல்நின் றவர்.

772. கான முயல்எய்த அம்பினில யானை
பிழைததவேல் ஏந்தல் இனிது.

773. பேராண்மை என்ப தறுகண்ஒன்று உற்றககால்
ஊராண்மை மற்றுஅதன் எஃகு.

774. கைவேல் களிற்றொடு போக்கி வருபவன்
மெய்வேல் பறியா நகும்.

775. விழித்தகண் வேல்கொணடு எறிய அழித்துஇமைப்பின்
ஓட்டன்றோ வன்க ணவாக்கு.

776. விழுப்புண் படாதநாள் எல்லாம் வழுக்கினுள்
வைககும்தன் நாளை எடுத்து.

777. சுழலும் இசைவேணடி வேண்டா உயிரார்
கழல்யாப்புக காரிகை நீாத்து.

778. உறின்உயிா அஞ்சா மறவர் இறைவன்
செறினும்சீா குன்றல இலர்

779. இழைத்தது இகவாமைச் சாவாரை யாரே
பிழைதததது ஒறுககிற பவர்.

780. புரநதார்கண் நீர்மலகச சாகிறபின் சாககாடு
இரநதுகோள தக்கது உடைதது.

७८. सैन्य-शौर्य

७७१. मेरे सेनापति के सम्मुख न डटो ; उनके सम्मुख डट कर अनेक पत्थर बन चुके हैं ।

७७२. जंगली ख़रगोश पर अचूक बाण प्रहार करने की अपेक्षा हाथी पर चूकते हुए भी भाला प्रयोग करना श्रेयस्कर है ।

७७३. शत्रु पर की गयी निर्दयता को महान पौरुष कहते हैं । उन पर कोई दु:ख आ पड़ने पर उनकी सहायता करना उस पौरुष की प्रखरता है ।

७७४. (विकट युद्ध के समय) अपने हाथ के भाले को हाथी पर प्रहार करके लौटनेवाला वीर (शत्रु पर प्रहार करने के लिए) अपनी छाती पर चुभे हुए भाले को प्राप्त करके प्रसन्न होता है ।

७७५. शत्रु को सरोष देखते हुए (निर्निमेष) नेत्र उसके शूल प्रयोग पर बन्द होते हुए झपकें तो, क्या वह शूरवीर की हार नहीं है ?

७७६. (वीर अपने गत दिवसों की गणना करते हुए) जिन दिनों में शरीर पर बड़े घाव न लगे हों, उन्हें व्यर्थ मानकर हटाकर रख देता है ।

७७७. स्थाई विशद प्रशंसा के निमित्त जीवन को तुच्छ माननेवाले योद्धा के पैर में कड़े आभूषण सदृश हैं ।

७७८. प्राण त्याग से निर्भीक योद्धा सम्राट् के क्रुद्ध होने पर भी अपनी वीर प्रतिष्ठा में कमी न आने देंगे ।

७७९. प्रतिज्ञात कर्म को पूर्णत: करके (आवश्यकता हो तो) मरण के लिए भी प्रस्तुत रहनेवाले वीर के दोषों का विचार कौन करता है ?

७८०. अपने सम्राट् के नेत्रों में भी अश्रु लानेवाली मृत्यु प्राप्त हो तो वह मृत्यु वस्तुत: मर कर भी प्राप्त करने योग्य है ।

6. நட்பியல்

79. நட்பு

781. செயற்குஅரிய யாவுள நட்பின் அதுபோல
வினைக்குஅரிய யாவுள காப்பு.

782. நிறைநீர நீரவர் கேண்மை பிறைமதிப்
பின்நீர பேதையார் நட்பு.

783. நவில்தொறும் நூல்நயம் போலும் பயில்தொறும்
பண்புடை யாளர் தொடர்பு.

784. நகுதற் பொருட்டன்று நட்டல் மிகுதிக்கண்
மேற்சென்று இடித்தற் பொருட்டு.

785. புணர்ச்சி பழகுதல் வேண்டா உணர்ச்சிதான்
நட்பாம் கிழமை தரும்.

786. முகம்நக நட்பது நட்புஅன்று நெஞ்சத்து
அகம்நக நட்பது நட்பு.

787. அழிவி னவைநீக்கி ஆறுஉய்த்து அழிவின்கண்
அல்லல் உழப்பதாம் நட்பு

788. உடுக்கை இழந்தவன் கைபோல ஆங்கே
இடுக்கண் களைவதாம் நட்பு.

789. நட்பிற்கு வீற்றிருக்கை யாதெனின் கொட்புஇன்றி
ஒல்லும்வாய் ஊன்றும் நிலை.

790. இனையர் இவர்எமக்கு இன்னம்யாம் என்று
புனையினும் புல்லென்னும் நட்பு.

६. मैत्री

७९. मित्रता

७८१. मित्रता के समान अद्भुत कर्म कौन-सा है, और उसके समान कर्म का अनुपम रक्षक भी कौन है?

७८२. बुद्धिमानों की मित्रता बढ़ते हुए बालचन्द्र के समान, तथा मूर्खों की मित्रता घटते हुए पूर्णचन्द्र के समान होता है।

७८३. अधिकाधिक अध्ययन के साथ जिस प्रकार काव्य-सौष्ठव के रसाद्बोधन में वृद्धि होती जाती है, उसी प्रकार अधिकाधिक सम्पर्क में आने पर सज्जनों की मित्रता भी अधिक आनन्दप्रद होती जाती है।

७८४. मित्रता का उद्देश्य हँस कर आनन्दित होने के लिए नहीं, अपितु सीमोल्लंघन होने पर आगे बढ़कर डाँटने के लिए है।

७८५. सम्बन्ध व सम्पर्क नहीं, अपितु भावावेग ही मित्रता का अधिकार प्रदान करता है।

७८६. मुख को ही हँसानेवाली मित्रता कोई मित्रता नहीं है; हृदय को आनंदित करनेवाली मित्रता ही मित्रता है।

७८७. (मित्र के) विनाशकारी तत्त्वों को हटाकर अच्छे मार्ग में लाते हुए, विनाश काल में उसके साथ दुखित होना ही मित्रता है।

७८८. (ओढ़े हुए) वस्त्र के खुलने पर हाथ के तुरन्त वहाँ पहुँचने के समान मित्र के दुःख का तुरन्त निवारण करना मित्रता है।

७८९. मित्रता की महत् अवस्था है कभी विलग न होना, और यथासम्भव सहायता करते रहना।

७९०. 'मेरे ये मित्र ऐसे सहायक हैं और हम उनके ऐसे हैं'—इस प्रकार यदि गौरवान्वित करते हुए कह भी डाला तो मित्रता की महिमा मन्द पड़ जाती है।

80. நட்பாராய்தல்

791. நாடாது நட்டலின் கேடுஇல்லை நட்டபின்
வீடுஇல்லை நட்புஆள் பவர்க்கு.

792. ஆய்ந்துஆய்ந்து கொள்ளாதான் கேண்மை கடைமுறை
தான்சாம் துயரம் தரும்

793, குணனும் குடிமையும் குற்றமும் குன்றா
இனனும் அறிந்தியாக்க நட்பு.

794 குடிப்பிறந்து தன்கண் பழிநாணு வானைக்
கொடுத்தும் கொளல்வேண்டும் நட்பு.

795. அழச்சொல்லி அல்லது இடித்து வழக்குஅறிய
வல்லார்நட்பு ஆய்ந்து கொளல்.

796. கேட்டினும் உண்டுஓர் உறுதி கிளைஞரை
நீட்டி அளப்பதோர் கோல்.

797. ஊதியம் என்பது ஒருவற்குப் பேதையார்
கேண்மை ஒரீஇ விடல்.

798. உள்ளற்க உள்ளம் சிறுகுவ கொள்ளற்க
அல்லற்கண் ஆற்றுஅறுப்பார் நட்பு.

799. கெடுங்காலைக் கைவிடுவார் கேண்மை அடுங்காலை
உள்ளினும் உள்ளம் சுடும்.

800. மருவுக மாசற்றார் கேண்மைஒன்று ஈத்தும்
ஒருவுக ஒப்பிலார் நட்பு.

८०. मित्रता का विवेचन

७९१. मित्र बनने के पश्चात् स्नेहपूर्ण व्यक्ति के लिए स्वतन्त्रता नहीं रहती। अतः विवेचन के बिना मित्र बनने से बुरा और कुछ नहीं है।

७९२. पूर्ण विवेचन के बिना मित्रता स्थापित करना अन्त में मृत्यु की ही कारण-भूत बाधा उपस्थित करेगा।

७९३. गुण, वंश, दोष, तथा स्थाई बन्धुओं के स्वभाव को समझकर मित्रता करनी चाहिए।

७९४. जिसने उच्च कुल में जन्म लिया हो, और जो अपने दोषों पर लज्जित होता हो उसके साथ धन देकर भी मित्रता कर लेनी चाहिए।

७९५. (आवश्यकता पड़ने पर) रुलाकर अथवा डाँट-डपटकर लोक-रीति का ज्ञान करानेवाले व्यक्ति की मित्रता को सद्-विवेचन से सदा ग्रहण करो।

७९६. विनाश में भी एक प्रयोजन निहित है। वह मित्र के स्वभाव की विशालता का माप-दण्ड है।

७९७. मूर्ख की मित्रता छोड़ उससे पृथक होना मनुष्य के लिए विशिष्ट आय है।

७९८. उत्साह को विदीर्ण करनेवाले कर्मों का विचार न करो। और विषम परिस्थिति में साथ छोड़ बैठनेवाले की मित्रता से दूर रहो।

७९९. पतन के समय साथ छोड़ बैठनेवाले की मित्रता का मृत्यु-काल में स्मरण आने पर हृदय तप्त हो उठेगा।

८००. निर्मल स्वभाववाले व्यक्ति की मित्रता प्राप्त करो। कुछ देकर ही सही, असम्बद्ध व्यक्ति की मित्रता को छोड़ो।

81. பழைமை

801. பழைமை எனப்படுவது யாதுஎனின் யாதும்
கிழமையைக கீழ்ந்திடா நட்பு.

802. நட்பிறகு உறுப்புக கெழுதகைமை மற்றுஅதற்கு
உப்பாதல் சான்றோ கடன்.

803. பழகிய நட்புஎவன் செய்யும் கெழுதகைமை
செயதாங்கு அமையாக் கடை.

804. விழைதகையான் வேண்டி இருப்பர் கெழுதகையான்
கேளாது நட்டார செயின்.

805. பேதைமை ஒன்றோ பெருங்கிழமை என்றுஉணர்க
நோதக்க நட்டார செயின்.

806. எல்லைக்கண் நின்றா துறவார் தொலைவிடத்தும
தொல்லைக்கண் நின்றார் தொடர்பு.

807. அழிவந்த செய்யினும் அன்புஅறா அன்பின்
வழிவநத கேண்மை யவர்.

808. கேள்இழுககம் கேளாக் கெழுதகைமை வல்லாரக்கு
நாளஇழுக்கம் நடடார் செயின்.

809. கெடாஅ வழிவநத கேண்மையார கேண்மை
விடாஅர விழையும உலகு.

810. விழையார விழையப படுப பழையார்கண்
பண்பின் தலைப்பிரியா தார.

८१. चिर-परिचय

८०१. चिर-परिचय उसे कहते हैं कि जो साधिकार किये हुए किसी कर्म को नीचे न गिरा कर स्वीकार करनेवाली मित्रता हो ।

८०२. मित्रता का लक्षण है अधिकारयुक्त कर्म । उसको स्वीकार करना बुद्धिमान का कर्त्तव्य है ।

८०३. चिर-परिचित मित्रता से क्या प्रयोजन यदि (मित्र के) अधिकारपूर्ण किये हुए कर्म को स्वयं किया हुआ जैसा न माना ?

८०४. विना पूछे मित्र साधिकार कोई काम करे तो उसे अपनी इच्छा के अनुकूल किया हुआ मानकर स्वीकार कर लेंगे ।

८०५. मित्र कोई दुःखप्रद कर्म कर बैठे तो उसका कारण अज्ञान अथवा विशिष्ट अधिकार समझें ।

८०६. (अधिकारपूर्ण मित्रता की) सीमा में स्थिर रहनेवाली विषम परिस्थिति में भी चिर-परिचित स्थाई सम्बन्ध को न छोड़ेंगे ।

८०७ स्नेह की परम्परा से युक्त मित्रतावाले व्यक्ति अपने मित्र द्वारा किसी दुःखप्रद कर्म के बन पड़ने पर उससे स्नेहच्युत न होंगे ।

८०८. अनन्य मित्र के दोष को न सुननेवाले अधिकारपूर्ण व्यक्ति के लिए, उसका मित्र किसी दिन कोई दोष कर बैठे तो वह दिन सप्रयोजन हो होगा ।

८०९. अधिकारपूर्ण चिर-परिचित मित्र की मित्रता को न छोड़नेवाले की प्रशंसा संसार में बढ़ेगी ।

८१०. शत्रु भी उसको चाहेंगे जो चिर-परिचित मित्र से (उनके दोषों पर भी) अपने सदाचरण के आधार पर कभी पृथक नहीं होते ।

82. தீ நட்பு

811. பருகுவார் போலினும் பண்புஇலார் கேண்மை
பெருகலின் குன்றல் இனிது.

812. உறின்நட்டு அறின்ஒரூஉம் ஒப்புஇலார் கேண்மை
பெறினும் இழப்பினும என்.

813. உறுவது சீர்தூககும் நட்பும் பெறுவது
கொள்வாரும் கள்வரும் நேர்.

814. அமரகத்து ஆற்றுஅறுக்கும் கல்லாமா அன்னார்
தமரின் தனிமை தலை.

815. செய்துஏமம் சாராச் சிறியவா புன்கேண்மை
எய்தலின் எய்தாமை நன்று.

816. பேதை பெருங்கெழீஇ நட்பின் அறிவுடையார்
ஏதின்மை கோடி உறும்.

817. நகைவகையர் ஆகிய நட்பின் பகைவரால
பத்துஅடுத்த கோடி உறும்.

818. ஒல்லும் கருமம் உடற்று பவர்கேண்மை
சொல்லாடார் சோர விடல்.

819. கனவினும் இன்னாது மன்னோ வினைவேறு
சொல்வேறு பட்டார் தொடர்பு.

820. எனைததும் குறுகுதல் ஓம்பல் மனைகெழீஇ
மன்றில் பழிப்பார் தொடர்பு.

८२. निकृष्ट मित्रता

८११. प्रेममग्न-सा प्रतीत होने पर भी असभ्य व्यक्ति की मित्रता का घनिष्ट होने से शिथिल पड़ना रुचिकर होता है।

८१२. अपना कुछ बनते समय मित्र होकर, अन्यथा बिछुड़ जानेवाली असम्बद्ध मित्रता की प्राप्ति से क्या लाभ, और टूट जाने से क्या हानि?

८१३. स्वलाभ को मापनेवाले मित्र, धनाश्रित वेश्याएँ और लुटेरे समान हैं।

८१४. युद्ध-क्षेत्र में योद्धा को गिराकर भाग जानेवाले मूढ़ अश्व जैसे व्यक्ति की मित्रता की अपेक्षा एकाकी रहना श्रेयस्कर है।

८१५. रक्षा करने पर भी रक्षित न रहनेवाले तुच्छ व्यक्तियों की निकृष्ट मैत्री का होने से न होना अच्छा है।

८१६. मूढ़ की अति अनिष्ठ मैत्री की अपेक्षा बुद्धिमान की शत्रुता करोड़ गुना लाभदायक है।

८१७. वाह्यतः हँसमुख रहनेवाले की मित्रता की अपेक्षा शत्रुओं की घृणा दस करोड़ गुना लाभदायक है।

८१८. सम्भव कर्म को भी असम्भव बना डालनेवालों की मित्रता को विना उनसे कहे ही शिथिल पड़ने दो।

८१९. करनी कुछ और कथन कुछ होनेवाले का सम्बन्ध स्वप्न में भी नहीं रुचेगा।

८२०. घर में अकेले में मित्रता प्रकट करके भरी सभा में निन्दा करनेवाले का सम्पर्क तनिक भी न रहने दो।

83. கூடா நட்பு

821. சீரிடம் காணின் எறிதற்குப் பட்டடை
நேரா நிரந்தவர் நட்பு.

822. இனம்போன்று இனமல்லார் கேண்மை மகளிர்
மனம்போல வேறு படும்.

823. பலநல்ல கற்றக் கடைத்தும் மனம்நல்லர்
ஆகுதல் மாணார்க்கு அரிது.

824. முகத்தின் இனிய நகாஅ அகத்துஇன்னா
வஞ்சரை அஞ்சப் படும்

825. மனத்தின் அமையா தவரை எனைத்துஒன்றும்
சொல்லினால் தேறற்பாற்று அன்று.

826. நட்டார்போல் நல்லவை சொல்லினும் ஒட்டார்சொல்
ஒல்லை உணரப் படும்.

827. சொல்வணக்கம் ஒன்னார்கண் கொள்ளற்க வில்வணக்கம்
தீங்கு குறித்தமை யான்.

828. தொழுதகை உள்ளும் படைஒடுங்கும் ஒன்னார்
அழுதகண் ணீரும் அனைத்து.

829. மிகச்செய்து தம்எள்ளு வாரை நகச்செய்து
நட்பினுள் சாப்புல்லற் பாற்று.

830. பகைநட்பாம் காலம் வருங்கால் முகம்நட்டு
அகநட்பு ஒரீஇ விடல்

८३. झूठी मित्रता

८२१. हृदय से दूरस्थ पर वाह्यतः अभिन्न मैत्री अनुकूल अवसर पर आघात करने के लिए निहाई है।

८२२. वाह्यतः वन्धु बने रह कर हृदय से जो वन्धु नहीं होते उनकी मित्रता वेश्याओं के मन के समान अस्थिर होती है।

८२३. अनेक सद्ग्रन्थों के अध्ययन पर भी सुन्दर मन से युक्त होना शत्रु-स्वभाववालों के लिए असम्भव होता है।

८२४. मुख पर मधुर हास्य सहित रह कर मन में वंचना से युक्त रहनेवाले व्यक्तियों से सतर्क रहना चाहिए।

८२५. जिससे मन न मिले उसके शव्दों को मान कर किसी भी विषय पर विश्वास न लाना चाहिए।

८२६. मित्र के समान (लाभप्रद व) अच्छे विपयों को कहने पर भी शत्रुओं के वचन तुरन्त पकड़े जायेंगे।

८२७. धनुष का झुकाव विघ्न-सूचक होने के कारण विरोधियों के विनम्र शव्दों के वश में न पड़ो।

८२८. शत्रु के विनय-सम्पन्न कर में शस्त्र छिपा रह सकता है, और उसी प्रकार उसके रुदन के अश्रु भी होते हैं।

८२९. वाह्यतः अति मैत्री अभिव्यक्त करके हृदय में निन्दा का भाव रखने वालों को हँसा कर अपना सम्वन्ध उनके साथ रहकर ही समाप्त कर डालो।

८३०. शत्रु के मित्र वनाने का समय आवे तो हृदय रहित मुख-मैत्री रख कर (पुनः) उसे भी तजो।

84. பேதைமை

831. பேதைமை என்பதுஒன்று யாதெனின் ஏதங்கொண்டு
ஊதியம் போக விடல்.

832. பேதைமையுள் எல்லாம் பேதைமை காதன்மை
கையல்ல தன்கண் செயல்.

833. நாணாமை நாடாமை நாரின்மை யாதொன்றும்
பேணாமை பேதை தொழில.

834 ஓதி உணர்ந்தும் பிறர்க்குஉரைத்தும் தான்அடங்காப்
பேதையின் பேதையார் இல்.

835. ஒருமைச் செயலாற்றும் பேதை எழுமையும்
தான்புக்கு அழுந்தும் அளறு.

836. பொய்படும் ஒன்றோ புனைபூணும் கையறியாப்
பேதை வினைமேல் கொளின்.

837. ஏதிலார் ஆரத் தமர்பசிப்பர் பேதை
பெருஞ்செல்வம் உற்றக் கடை.

838. மையல் ஒருவன் களித்தற்றால் பேதைதன்
கைஒன்று உடைமை பெறின்.

839. பெரிதுஇனிது பேதையார் கேண்மை பிரிவின்கண்
பீழை தருவதுஒன்று இல்.

840. கழாஅக்கால் பள்ளியுள் வைத்தற்றால் சான்றோர்
குழாஅத்துப் பேதை புகல்.

८४. मूढ़ता

८३१. मूढ़ता एक वह (दुर्गण) है जो हानिप्रद को ग्रहण करके लाभप्रद को छोड़ बैठता है।

८३२. मूढ़ताओं में सब से बड़ी मूढ़ता है सदाचरण के प्रतिकूल कर्म की अभिलाषा करना।

८३३. निर्लज्जता, लापरवाही, निर्दयता, किसी को साध कर न रखना— ये हैं मूढ़ के व्यवहार।

८३४. अध्ययन, मनन एवं अध्यापन के पश्चात् भी स्वयं उसके अनुकूल आचरण न बरतनेवाले मूढ़ के समान और कोई मूढ़ नहीं होता।

८३५. मूढ़ एक ही जन्म में सात जन्मों की नरक वेदना का अधिकार अपने लिए सृजन कर लेने की क्षमता रखता है।

८३६. सदाचरण को न जाननेवाला मूढ़ यदि किसी कर्म को उठावेगा तो वह अपूर्ण ही रह जायगा, अन्यथा उसके हाथों में बेड़ी चढ़ेगी।

८३७ मूढ़ को अधिक सम्पत्ति प्राप्त हो तो उसके अपने तो भूखे रहेंगे और दूसरे लाभान्वित होंगे।

८३८. मूढ़ के हाथों कोई वस्तु लगे तो उसकी अवस्था उसके समान होगी जो पीकर मस्ती में रहता है।

८३९. मूढ़ के साथ मित्रता बड़ी मधुर होती है। वह टूटने पर कोई दुःख नहीं देती।

८४०. मल लगे पैर को धोये बिना शयन पर रखने के समान होता है बुद्धिमानों के संघ में मूढ़ का प्रवेश।

85. புல்லறிவாண்மை

841. அறிவுஇன்மை இன்மையுள் இன்மை பிறிதுஇன்மை
இன்மையா வையாது உலகு.

842 அறிவிலான் நெஞ்சுஉவந்து ஈதல் பிறிதுயாதும்
இல்லை பெறுவான் தவம்.

843. அறிவிலார் தாம்தம்மைப் பீழிக்கும் பீழை
செறுவார்க்கும் செய்தல் அரிது.

844. வெண்மை எனப்படுவது யாதுஎனின் ஒண்மை
உடையம்யாம் என்னும் செருக்கு.

845. கல்லாத மேற்கொண்டு ஒழுகல் கசடுஅற
வல்லதூஉம் ஐயம் தரும.

846. அற்றம் மறைத்தலோ புலலறிவு தம்வயின்
குற்றம் மறையா வழி.

847. அருமறை சோரும் அறிவிலான் செய்யும்
பெருமிறை தானே தனக்கு.

848. ஏவவும் செய்கலான் தான்தேறான் அவ்வுயிர்
போஒம் அளவும்ஓர் நோய்.

849. காணாதான் காட்டுவான் தான்காணான் காணாதான்
கண்டானாம் தான்கண்ட வாறு.

850. உலகத்தார் உண்டுஎன்பது இல்என்பான் வையத்து
அலகையா வைக்கப் படும்.

८५. अहंकारयुक्त तुच्छ बुद्धि

८४१. अभावों में अभाव है बुद्धि का अभाव। दूसरे अभावों को संसार अभाव नहीं मानता।

८४२. बुद्धिहीन के प्रसन्न मन से कुछ देने का कारण और कुछ नहीं है। प्राप्त करनेवाले का सौभाग्य ही है।

८४३. बुद्धिहीन स्वयं बाधा-स्वरूप होकर अपने लिए जितनी हानि पहुँचाता है उतनी शत्रु भी उसे नहीं पहुँचा सकते।

८४४. बुद्धिहीनता कहते हैं उस निश्चितता को जो इस भावना से उत्पन्न होती है कि हम बुद्धिमान हैं।

८४५. जिसका अध्ययन न हो उस पर अपना अधिकार व्यक्त करना उसके खूब अध्ययन किये हुए विषयों पर भी दूसरों में सन्देह उत्पन्न करेगा।

८४६ अपने दोषों को छिपा न पाने पर (वस्त्र से) उन्हें छिपाने का प्रयत्न करना ही, क्या बुद्धिहीनता है?

८४७. अति रहस्यपूर्ण विषयों की रक्षा किये बिना उन्हें व्यक्त कर डालनेवाला बुद्धिहीन अपने लिए स्वयं अत्यधिक हानि उत्पन्न कर लेगा।

८४८. जो समझाने पर भी न करे और स्वयं भी न समझे वह प्राण विसर्जन तक एक व्याधि ही बना रहेगा।

८४९. बुद्धिहीन को समझानेवाला स्वयं नहीं समझ पावेगा। बुद्धिहीन अपनी बुद्धि के अनुसार ही समझेगा।

११०३. कमल-नयन का लोक, क्या कभी अपनी प्रेमिका के सुकोमल स्कन्धों के आलिंगन से अधिक सुमधुर हो सकता है?

११०४. पृथक होने पर जलानेवाली और निकट पहुँचने पर ठण्डक पहुँचानेवाली अग्नि इस बाला ने कहाँ से प्राप्त की?

११०५. पुष्प-गुंथित केश से युक्त इस बाला के स्कन्ध इच्छित पदार्थों का विचार करने पर उन्हीं का-सा आनन्द प्रदान करते हैं।

११०६. प्रत्येक स्पर्श प्राणों को नव-स्फूर्ति प्रदान करने के कारण इस अबला के स्कन्ध सुधा से सृजित हैं।

११०७. इस सुवर्ण सुन्दर बाला का आलिंगन, अपने घर में अपने पदार्थ को बाँटकर भोजन करने के समान है।

११०८. ऐसा आलिंगन कि मध्य में वायु भी न रह सके, प्रेमी-प्रेमिका दोनों को सुमधुर होता है।

११०९. प्रणय-कलह, परिज्ञान, परिरम्भन—ये प्रेम-सम्पृक्त द्वारा प्राप्त पारितोषिक हैं।

१११०. अधिकाधिक अध्ययन से अवगत अज्ञान-बोध के समान है वह प्रेम का परिज्ञान जो प्रत्येक बार इस सुवर्णाभरण-भूषिता के परिरम्भन से होता है।

112. நலம் புனைந்துரைத்தல்

1111 நன்னிரை வாழி அனிசசமே நின்னினும்
மெனனீரள யாம்வீழ பவள்.

1112. மலாகாணின் மையாததி நெஞ்சே இவள்கண்
பலாகாணும் பூவொககும் என்று

1113. முறிமேனி முததம் முறுவல் வெறிநாற்றம்
வேலஉணகண வேயததோ ளவட்கு.

1114. காணின குவளை கவிழநது நிலன்நோக்கும்
மாணஇழை கணஒவவேம என்று.

1115. அனிசசப்பூக கால்களையாள் பெய்தாள் நுசுப்பிற்கு
நலல படாஅ பறை.

1116. மதியும் மடந்தை முகனும அறியா
பதியின சலஙகிய மீன.

1117. அறுவாய நிறைநத அவிாமதிககுப் போல
மறுஉண்டோ மாதா முகதது.

1118. மாதா முகம்போல் ஒளிவிட வல்லையேல்
காதலை வாழி மதி.

1119. மலாஅன்ன கண்ணாள முகம் ஒத்தியாயின்
பலாகாணத தோனறல மதி.

1120. அனிசசமும் அன்னத்தின் தூவியும் மாதர்
அடிககு நெருஞ்சிப் பழம்.

११२. सौन्दर्य की सुप्रशंसा

११११. (न्यूनतम भार से युक्त तथा मृदुलतम) हे अनिच्चम पुष्प! धन्य है तू और तेरी कोमलता; परन्तु हम जिसे आलिंगन करते हैं वह प्रणयिनी तुझ से भी कहीं अधिक कोमल है।

१११२. हे हृदय! सब लोग देखनेवाले सुमनों के सदृश अपनी प्रेमिका के नेत्रों को मानकर स्वयं सुन्दर पुष्प देखो तो क्यों व्याकुल होते हो?

१११३. बाँस जैसी बाँहवाली इस बाला के लिए कोंपल ही शरीर, मोती ही दाँत, सुगन्धि ही गन्ध तथा शूल ही अंजन-रजित नेत्र हैं

१११४. कुमुदिनी देख ले तो इस बाला के नेत्रों की तुलना में अपने को तुच्छ मानकर नत-मस्तक हो पृथ्वी की ओर निहारने लगेगी।

१११५. उसने अपने को बिना डण्ठल तोड़े अनिच्चम से आभूषित कर डाला; अतः क्षीण लंक पर सुललित वाद्य न बजेंगे। (अर्थात् कमर टूट गयी)

१११६. चन्द्रमा तथा इस कन्या के मुख में अभेद के भ्रम में पड़कर नक्षत्र आकाश में विचलित हो उठे हैं।

१११७. अपूर्ण मे शनै-शनैः पूर्णता को प्राप्त उस चन्द्र के समान इस कन्या के मुख पर कोई कलंक है?

१११८. हे चन्द्र! युग-युग जियो। यदि तुम इस कन्या के मुख के समान प्रकाश प्रस्फुटित करो तो तुम्हें मेरा प्रेम प्राप्त हो।

१११९. हे चन्द्र! यदि तुम सुमन सदृश नेत्रवाली मेरी सुन्दरी के मुख की समानता चाहो तो सब के नेत्रों में मत पड़ो (केवल मुझे दिखो)।

११२०. अनिच्चम तथा हंस-पंख इस कोमलांगी के पदों के लिए कंटकपूर्ण गोखरू हैं।

113. காதற் சிறப்புரைத்தல்

1121. பாலொடு தேன்கலந் தற்றே பணிமொழி
வால்எயிறு ஊறிய நீர்.

1122. உடம்பொடு உயிரிடை என்ன மற்றுஅன்ன
மடந்தையொடு எம்மிடை நட்பு.

1123. கருமணியிற் பாவாய்நீ போதாய்யாம் வீழும்
திருநுதற்கு இல்லை இடம்.

1124. வாழ்தல் உயிர்க்குஅன்னள் ஆயிழை சாதல்
அதற்குஅன்னள் நீங்கும் இடத்து.

1125. உள்ளுவன் மன்யான் மறப்பின் மறப்புஅறியேன்
ஒள்அமர்க் கண்ணாள் குணம்.

1126. கண்ணுள்ளின் போகார் இமைப்பின் பருவரார்
நுண்ணியர்எம் காத லவர்.

1127. கண்ணுள்ளார் காத லவர்ஆகக் கண்ணும்
எழுதேம் கரப்பாக்கு அறிந்து.

1128. நெஞ்சத்தார் காத லவர்ஆக வெய்துஉண்டல்
அஞ்சுதும் வேபாக்கு அறிந்து.

1129. இமைப்பின் கரப்பாக்கு அறிவல் அனைத்திற்கே
ஏதிலர் என்னும்இவ் ஊர்.

1130. உவந்துஉறைவர் உள்ளத்துள் என்றும் இகந்துஉறைவர்
ஏதிலர் என்னும்இவ் ஊர்.

११३. प्रेम की महिमा

११२१. मधुरभाषिणी (प्रेमिका) के विशुद्ध दाँतों से उत्पन्न नीर मधु-मिश्रित क्षीर के समान है।

११२२. शरीर और प्राण का जैसा सम्बन्ध प्रेमिका और मेरे स्नेह में है।

११२३. मेरी आँख में उपस्थित हे पुतली! ज़रा अपना स्थान रिक्त कर। मेरी प्रेमिका के लिए अन्य कोई उपयुक्त स्थान नहीं है।

११२४. सुन्दर भूषणों से युक्त मेरी प्रेमिका संयोग में मेरे प्राण के लिए जीवन के समान तथा वियोग में मृत्यु के समान है।

११२५. स्मरण तब करूँ यदि मै भूलूँ, पर युद्ध-रत नेत्रोंवाली अपनी प्रेमिका के गुणों को भूलना मैं जानता ही नहीं।

११२६. प्रियतम नेत्रों से नहीं निकलेंगे, सूक्ष्म इतने हैं कि पलकों के चलने पर भी दुखित नहीं होते।

११२७. प्रियतम नेत्रों के अन्दर हैं; अतः उनमें काजल भी नहीं लगाती कि वे कहीं छिप न जायँ।

११२८. प्रियतम हृदय में हैं; अतः गरम वस्तु खाने से डरती हूँ कि कहीं उसका ताप उन्हें न सतावे।

११२९. मैं पलकें भी नहीं मारती कि कही वहाँ उपस्थित प्रियतम छिप न जायँ; इतने ही पर पुरवासी उन्हें हृदयहीन कहते हैं।

११३०. मेरे हृदय में सदा प्रियतम सानन्द निवास करते हैं; परन्तु पुरवासी उनकी निन्दा करते हैं कि वे हृदयहीन हैं।

114. நாணுத் துறவுரைத்தல்

1131. காமம் உழந்து வருநதினுர்ககு ஏமம்
மடல்அல்லது இல்லை வலி.

1132. நோனு உடம்பும உயிரும மடலஏறும்
நாணினை நீககி நிறுதது.

1133. நாணொடு நல்லாண்மை பண்டுஉடையேன் இன்றுஉடையேன்
காமுற்றுர் ஏறும் மடல்.

1134. காமக் கடும்புனல் உய்ககுமே நாணொடு
நல்ஆணமை என்னும் புணை

1135 தொடலைக் குறுநதொடி தந்தாள் மடலொடு
மாலை உழககும் துயர்.

1136. மடலூர்தல யாமததும் உள்ளுவேன் மன்ற
படல்ஒலலா பேதைககுஎன் கண்.

1137. கடல்அனன காமம் உழந்தும் மடல்ஏருப்
பெண்ணிற பெருநதககது இல்

1138. நிறைஅரியா மன்அளியா என்ளுது காமம்
மறைஇறநது மன்று படும்.

1139. அறிகிலாா எல்லாரும் என்றேஎன் காமம்
மறுகின் மறுகும் மருண்டு.

1140. யாமகண்ணின் காண நகுப அறிவில்லார்
யாம்பட்ட தாம்படா வாறு.

११४. लज्जा का त्याग

११३१. काम की असह्य वेदना से दुखित व्यक्ति के लिए अन्तिम सहारा 'मडल'* से अधिक सबल और कोई है ही नहीं।

११३२. वियोग-सहन में असमर्थ शरीर एवं प्राण लज्जा को दूर हटाकर मडल-आरोहण का निश्चय कर चुके हैं।

११३३. लज्जा एवं धैर्य युक्त था पूर्व, पर आज मेरे पास प्रेमियों के चढ़ने का मडल है।

११३४. काम की भयंकर बाढ़ लज्जा एवं धैर्य की मेरी नाव को बहा ले जाती है।

११३५. माला जैसी शृंखलाबद्ध चूड़ियाँ पहनी हुई मेरी प्रेमिका ने मुझे मडल के साथ सायंकालीन दुःख भी दिया।

११३६. मध्य निशा में भी मडल पर चढ़ने का विचार अवश्य करता हूँ; मेरी बेचारी आँखें निद्रा रहित हैं।

११३७. समुद्र सदृश काम से पीड़ित होने पर भी मडल पर चढ़े बिना दुःख को सहनेवाली स्त्री के समान और कोई नहीं है।

११३८. वे मनस्थिति के पारखी नहीं हैं या श्रेष्ठ प्रेमी हैं, इसका विचार किये बिना काम बन्धन को भूलकर समाज में प्रकट हो जाता है।

११३९. ऐसा ही मानकर कि मेरे गुप्त-प्रेम से सब अपरिचित हैं, काम मस्त होकर खुले मार्ग में फिर रहा है।

११४०. मेरे समान प्रेम की पीर को न भुगतने के कारण बुद्धिहीन मेरी आँखों के सामने ही हँसते हैं।

---

* ताड के पत्तों का बना घोडा जिस पर चढकर प्रेमी आत्म-हत्या की बहिरंग घोषणा करता है।

115. அலர் அறிவுறுத்தல்

1141. அலர்எழ ஆர்உயிர் நிற்கும் அதனைப்
பலர்அறியா பாக்கியத் தால்.

1142. மலர்அன்ன கண்ணாள் அருமை அறியாது
அலர்எமக்கு ஈந்ததுஇவ் ஊர்.

1143. உறாஅதோ ஊர்அறிந்த கௌவை அதனைப்
பெறாஅது பெற்றன்ன நீர்த்து.

1144. கவ்வையால் கவ்விது காமம் அதுஇன்றேல்
தவ்வென்னும் தன்மை இழந்து.

1145. களிதொறும் கள்ளுண்டல் வேட்டற்றால் காமம்
வெளிப்படுந் தோறும் இனிது.

1146. கண்டது மன்னும் ஒருநாள் அலர்மன்னும்
திங்களைப் பாம்புகொண் டற்று.

1147. ஊரவர் கௌவை எருவாக அன்னைசொல்
நீராக நீளும்இந் நோய்.

1148. நெய்யால் எரிநுதுப்பேம் என்றற்றால் கௌவையால்
காமம் நுதுப்பேம் எனல்.

1149. அலர்நாண ஒல்வதோ அஞ்சல்ஓம்பு என்றார்
பலர்நாண நீத்தக் கடை.

1150. தாம்வேண்டின் நல்குவர் காதலர் யாம்வேண்டும்
கௌவை எடுக்கும்இவ் வூர்.

११५. प्रवाद का परिज्ञान

११४१ (गुप्त प्रेम का) प्रवाद फैलने के फलस्वरूप मेरे प्राण स्थिर हैं, परन्तु सौभाग्यवश इसे अनेक लोग नहीं जानते।

११४२. पुष्प सदृश नेत्रोंवाली मेरी प्रेमिका की विशेषता से अनभिज्ञ होने के कारण इस नगर ने मुझे प्रवाद प्रदान किया है।

११४३. नगर के सभी लोगों को ज्ञात प्रवाद क्या मेरे लिए अमूल्य नहीं है? इससे वह मुझे प्राप्त न होकर भी मानो प्राप्त हो गयी।

११४४. प्रवाद से प्रेम बढ़ता जा रहा है। अन्यथा वह अपना गुण तजकर सिकुड़ जाता।

११४५. मद के अधिकाधिक पान से मस्ती बढ़ते जाने के समान प्रवाद के अधिकाधिक फैलने पर प्रेम भी आनन्दमय होता जाता है।

११४६. प्रेमी के दर्शन केवल एक दिन ही हुए, परन्तु उससे उत्पन्न प्रवाद चन्द्र को सर्प के ग्रसने के समान सर्वत्र फैल गया।

११४७. प्रेम का यह ज्वर नगर-वासियों के प्रवाद के खाद तथा माता के क्रुद्ध वचन के जल से खूब बढ़ता जायगा।

११४८. प्रवाद से प्रेम को शाँत करने का कथन घृत से अग्नि को शाँत करने के समान है।

११४९. निर्भय रहने का आश्वासन देकर आज वे ही सब के सामने लज्जित कर मुझे छोड़ गये हैं तो इस प्रवाद से क्यों डरूँ?

११५०. मेरे इच्छित प्रवाद को नगर-वासी फैला रहे हैं। अब प्रेमी चाहें तो मेरी सहायता करेंगे।

2. கற்பியல்

116. பிரிவு ஆற்றாமை

1151. செல்லாமை உண்டேல் எனக்குஉரை மற்றுநின்
வல்வரவு வாழ்வார்க்கு உரை.

1152. இன்கண் உடைத்துஅவர் பார்வல் பிரிவஞ்சும்
புன்கண் உடைத்தால் புணாவு.

1153. அரிதரோ தேற்றம் அறிவுடையார் கண்ணும்
பிரிவுஓர் இடத்துஉண்மை யான்.

1154. அளித்துஅஞ்சல் என்றவர் நீப்பின் தெளித்தசொல்
தேறியார்க்கு உண்டோ தவறு

1155. ஓம்பின் அமைந்தார் பிரிவுஓம்பல் மற்றுஅவர்
நீங்கின் அரிதால் புணர்வு.

1156. பிரிவுஉரைக்கும் வன்கண்ணர் ஆயின் அரிதுஅவர்
நல்குவா என்னும் நசை.

1157. துறைவன் துறந்தமை தூற்றுகொல் முன்கை
இறைஇறவா நின்ற வளை.

1158. இன்னாது இனன்இல்ஊர் வாழ்தல் அதனினும்
இன்னாது இனியார்ப் பிரிவு.

1159. தொடின்சுடின் அல்லது காமநோய் போல
விடின்சுடல் ஆற்றுமோ தீ.

1160. அரிதுஆற்றி அல்லல்நோய் நீக்கிப் பிரிவுஆற்றிப்
பின்இருந்து வாழ்வார் பலா.

२. पातिव्रत्य

११६. असह्य वियोग

११५१. (हे प्रियतम!) जाना न हो तो मुझसे कहें, अन्यथा अपने द्रुत प्रत्यागमन का समाचार उनसे कहें जो तब तक जीवित रहेंगे।

११५२. पहले तो उनकी दृष्टि आनन्ददायक थी, पर अब उनका मिलन वियोग-भय-जनित दुःख से पूर्ण है।

११५३. समय-समय पर पृथक होना अवश्यम्भावी होने के कारण मेरी विरह-वेदना से परिचित प्रियतम से भी कभी पृथक न होने का दृढ़ वचन सुनकर विश्वास नहीं किया जाता।

११५४. (वियोग से) निडर रहने का दृढ़ आश्वासन देनेवाले ही छोड़कर चले जायँ तो उनके दृढ़ वचनों पर विश्वास करनेवाली का क्या दोष?

११५५. मुझे बचाना ही है तो शीघ्र उनके वियोग से बचाओ, अन्यथा वियोग के पश्चात् पुनर्मिलन असम्भव है।

११५६. वे वियोग की चर्चा उठानेवाले पत्थर-दिल हों तो लौटकर प्रेम करने की इच्छा भी व्यर्थ है।

११५७. पूर्वतः हाथ की कलाई से न उतरनेवाली मेरी चूड़ियाँ प्रियतम से मेरे वियोग को कैसे न घोषित करेंगी?

११५८. प्रिय बन्धुओं से रहित नगर का निवास दुखद होता है, पर उससे भी अधिक दुखद होता है प्रियतम का वियोग।

११५९. स्पर्श करने पर ही जलानेवाली अग्नि क्या काम-ज्वर के सदृश वियोग होने पर भी जला सकती है?

११६०. असह्य विरह के ज्वर को भी सहते हुए वियोग के पश्चात् जीवन व्यतीत करनेवाले अनेक हैं।

117. படர் மெலிந்திரங்கல்

1161. மறைப்பேன்மன் யான்இஃதோ நோயை இறைப்பவர்க்கு
ஊற்றுநீர் போல மிகும்.

1162. கரத்தலும் ஆற்றேன்இந் நோயைநோய் செய்தார்க்கு
உரைத்தலும் நாணுத் தரும்.

1163. காமமும் நாணும் உயிர்காவாத் தூங்கும்என்
நோனா உடம்பின் அகத்து

1164. காமக் கடல்மன்னும் உண்டே அதுநீந்தும்
ஏமப் புணைமன்னும் இல்.

1165. துப்பின் எவனாவர் மற்கொல் துயர்வரவு
நட்பினுள் ஆற்று பவர்.

1166. இன்பம் கடல்மற்றுக் காமம் அஃதுஅடுங்கால்
துன்பம் அதனிற் பெரிது.

1167. காமக் கடும்புனல் நீந்திக் கரைகாணேன்
யாமத்தும் யானே உளேன்.

1168. மன்னுயிர் எல்லாம் துயிற்றி அளித்துஇரா
என்அல்லது இல்லை துணை.

1169. கொடியார் கொடுமையின் தாம்கொடிய இந்நாள்
நெடிய கழியும் இரா.

1170. உள்ளம்போன்று உள்வழிச் செல்கிற்பின் வெள்ளநீர்
நீந்தல மன்னோஎன் கண்.

११७. विरहिणी का विलाप

११६१. मैं इस ज्वर को छिपा तो लूँ; परन्तु स्रोत का जल निकाले जाने पर भी पुनः भर जाने के समान यह बढ़ जाता है।

११६२. इस काम-वेदना को छिपाया भी नहीं जाता और इसे पहुँचानेवाले प्रेमी से कहने में भी लज्जा आती है।

११६३. असह्य वेदना-ग्रस्त मेरे शरीर में प्राण रूपी डण्डे के दोनों छोरों पर काम और लज्जा लटके हुए हैं।

११६४. काम-वेदना का समुद्र उपस्थित है, परन्तु उसे पार करने के लिए आवश्यक साधन रूपी नाव नहीं है।

११६५. प्रेम में ही दुःख देनेवाले, शत्रु बनने पर न जाने क्या-क्या कर बैठेंगे !

११६६. काम (संयोग के समय) आनन्द का समुद्र होता है, परन्तु (वियोग में) उसका दुःख समुद्र से भी विशाल होता है।

११६७. मैं काम के घोर प्रवाह के किनारे को तैरकर भी पा न सकी; अर्ध रात्रि में भी अकेली ही हूँ।

११६८. सम्पूर्ण जीव-राशि को अपनी गोद में सुलानेवाली इस बेचारी रात्रि के लिए यहाँ मेरे अतिरिक्त और कोई सहायक नहीं है।

११६९. निष्ठुर प्रियतम की निर्ममता से भी अधिक कठोर हैं इन दिनों की रातें जो लम्बी होकर बीत रही हैं।

११७०. मैं भी अपने हृदय के समान प्रियतम के पास जा पाती तो आँखों को अश्रु-प्रवाह में तैरने की आवश्यकता न होती।

118. கண்விதுப்பழிதல்

1171. கண்தாம் கலுழ்வது எவன்கொலோ தண்டாநோய்
தாம்காட்ட யாம்கண் டது.

1172. தெரிந்துஉணரா நோக்கிய உண்கண் பரிந்துஉணராப்
பைதல் உழப்பது எவன்.

1173. கதுமெனத் தாம்நோக்கித் தாமே கலுழும்
இதுநகத் தக்கது உடைத்து.

1174. பெயல்ஆற்றா நீர்உலந்த உண்கண் உயல்ஆற்றா
உய்வுஇல்நோய் என்கண் நிறுத்து.

1175. படல்ஆற்றா பைதல் உழக்கும் கடல்ஆற்றாக்
காமநோய் செய்தஎன் கண்.

1176. ஓஒ இனிதே எமக்குஇந்நோய் செய்தகண்
தாஅம் இதற்பட் டது.

1177. உழந்துழந்து உள்நீர் அறுக விழைந்துஇழைந்து
வேண்டி அவர்க்கண்ட கண்.

1178. பேணாது பெட்டார் உளர்மன்னோ மற்றவர்க்
காணாது அமைவில கண்.

1179. வாராக்கால் துஞ்சா வரின்துஞ்சா ஆயிடை
ஆரஞர் உற்றன கண்.

1180. மறைபெறல் ஊரார்க்கு அரிதன்றால் எம்போல்
அறைபறை கண்ணார் அகத்து.

११८. वेदनापूर्ण नेत्र

११७१. इन्हीं नेत्रों के दिखाने पर मेरे देखने से यह असह्य काम-वेदना मुझे बाधित कर रही है, तो ये नेत्र स्वयं क्यों विलाप करते हैं?

११७२. जिन कामुक नेत्रों ने पूर्व बिना विचारे देखा, वे ही अब विश्लेषण किये बिना दुःख का अनुभव क्यों करें!

११७३. उस दिन प्रियतम को नेत्रों ने स्वयं भागकर देखा था, पर आज वे स्वयं विलाप कर रहे हैं। यह वस्तुतः हास्यप्रद ही है।

११७४. असह्य व अनन्त काम-वेदना मुझ में उत्पन्न करके मेरे ये कामुक नेत्र स्वयं रो-रोकर सूख गये हैं।

११७५. समुद्र से भी विशाल असह्य काम-वेदना उत्पन्न करनेवाले मेरे ये नेत्र अब निद्राहीन हो वेदना से पीड़ित हैं।

११७६. मुझ में इस प्रकार की काम-वेदना उत्पन्न करनेवाले मेरे ये नेत्र अब दुःख से पीड़ित हैं। यह अच्छा ही हुआ।

११७७. अत्यधिक काम-वश हो प्रियतम को देखनेवाले मेरे ये नेत्र अब वेदना सह-सहकर अश्रुहीन रह जायँ!

११७८. हृदय के बिना (केवल शब्दों से ही) प्रेम दिखानेवाले हैं वे। उन्हें न देख नेत्र अशाँत हैं।

११७९. प्रियतम न आवें तो निद्रा नहीं आती; और अगर आ भी जायँ तब भी नहीं आती। इनके मध्य में मेरे ये नेत्र असह्य दुःख से पीड़ित हैं।

११८०. ढिंढोरा पीटनेवाले मेरे जैसे नेत्र जिसके हों उनके हृदय की गुप्त बातों को समझना दूसरों के लिए कठिन नहीं है।

119. பசப்புறு பருவரல்

1181. நயந்தவர்க்கு நல்காமை நேர்ந்தேன் பசந்தஎன்
பண்பியார்க்கு உரைக்கோ பிற.

1182. அவர்தந்தார் என்னும் தகையால் இவர்தந்துஎன்
மேனிமேல் ஊரும் பசப்பு

1183. சாயலும் நாணும் அவர்கொண்டார் கைம்மாறு
நோயும் பசலையும் தந்து.

1184. உள்ளுவன் மன்யான் உரைப்பது அவர்திறமால்
கள்ளம் பிறவோ பசப்பு.

1185. உவக்காண்எம் காதலர் செல்வார் இவக்காண்என்
மேனி பசப்புஊர் வது.

1186. விளக்குஅற்றம் பார்க்கும் இருளேபோல் கொண்கன்
முயக்குஅற்றம் பார்க்கும் பசப்பு

1187. புல்லிக் கிடந்தேன் புடைபெயர்ந்தேன் அவ்வளவில்
அள்ளிக்கொள் வற்றே பசப்பு.

1188. பசந்தாள் இவள்என்பது அல்லால் இவளைத்
துறந்தார் அவர்என்பார் இல்.

1189. பசக்கமன் பட்டாங்குஎன் மேனி நயப்பித்தார்
நன்னிலையர் ஆவர் எனின்.

1190. பசப்புஎனப் பேர்பெறுதல் நன்றே நயப்பித்தார்
நல்காமை தூற்றார் எனின்.

११९. पीलेपन की व्यथा

११८१. मैं स्वयं प्रियतम के बिछुड़ते समय सहमत हुई। अब अपने पीलेपन की व्यथा किससे कहूँ ?

११८२. यह पीलापन उस प्रिमतम प्रदत्त होने के अहंकार के साथ मेरे सम्पूर्ण शरीर पर फैलता जा रहा है।

११८३. मेरा लावण्य एवं लज्जा तो वे ले गये, और प्रतिफल स्वरूप विरह-वेदना और पीलापन मुझे दे गये।

११८४. मैं उनके श्रेष्ठ गुणों का ही विचार और उनका ही गुण-गान करती हूँ। तो फिर मुझ पर यह पीलापन क्यों ? यह धोखा तो नहीं है ?

११८५. वह देखो ! प्रियतम मुझे छोड़े जा रहे हैं ! यह देखो ! मेरा शरीर पीला पड़ता जा रहा है !

११८६. दीपक के लुप्त होने की प्रतीक्षा करनेवाले अन्धकार के समान मेरे प्रियतम के गाढ़ालिगन से अलग होने की प्रतीक्षा पीलापन करता रहता है।

११८७. गाढ़ालिंगन में बँधी पड़ी थी। क्षण मात्र के लिए अलग हुई कि इतने में पीलेपन ने मानो मुझे निगल ही डाल।

११८८. सब यही कहते हैं कि मैं पीली पड़ गयी। पर यह कहनेवाला कोई नहीं कि मुझे वे छोड़कर चले गये।

११८९. मना कर गये हुए मेरे प्रियतम सचमुच गुणी हैं तो मेरा शरीर ऐसा ही पीलापन लिये रहे।

११९०. यदि लोग मना कर गये हुए मेरे प्रियतम के वियोग की निन्दा न करें तो मेरे पीलेपन की वार्ता प्रिय ही होगी।

120. தனிப் படர் மிகுதி

1191. தாம்விழவார் தம்விழப் பெற்றவர் பெற்றரே
காமத்துக காழ்இல் கனி.

1192. வாழ்வாாகு வானம் பயந்தற்ருல் வீழ்வார்க்கு
வீழ்வார் அளிக்கும் அளி.

1193. வீழுநர் வீழப் படுவார்கது அமையுமே
வாழுநம் என்னும் செருக்கு.

1194. வீழப் படுவார் கெழீஇயிலர் தாம்வீழ்வார்
வீழப் படாஅர் எனின்.

1195. நாம்காதல் கொண்டார் நமககுஎவன் செய்பவோ
தாம்காதல் கொள்ளாக் கடை.

1196. ஒருதலையான் இன்னுது காமம்காப் போல
இருதலை யானும் இனிது.

1197. பருவரலும் பைதலும் காணுன்கொல் காமன்
ஒருவர்கண் நின்றுஒழுகு வான்.

1198. வீழ்வாரின் இன்சொல் பெருஅது உலகத்து
வாழ்வாரின் வன்கணுர் இல்.

1199. நசைஇயார் நல்கார் எனினும் அவர்மாட்டு
இசையும் இனிய செவிக்கு.

1200. உருஅர்க்கு உறுநோய் உரைப்பாய் கடலைச்
செருஅஅய் வாழிய நெஞ்சு.

१२०. वियोग में विरहाधिक्य

११९१. बीज रहित प्रेम-फल को वे ही प्रेमिकाएँ प्राप्त करती हैं जिनके प्रियतम भी समान प्रेम करते हैं।

११९२. जीवों के लिए मेघ-वर्षा के समान होता है प्रियतम का अपनी प्रेमिका के प्रति प्रेम।

११९३. प्रियतम का प्रेम प्राप्त प्रेमिका (वियोग में भी) अपने भावी जीवन का विचार कर अवश्य गर्व करेगी।

११९४. प्रियतम का प्रेम प्राप्त न हो तो, लोक-सम्मानित होने पर भी वे (प्रेमिकायें) सौभाग्यवती नहीं होतीं।

११९५. हम जिससे प्रेम करते हैं वह यदि स्वयं हम से प्रेम न करे तो उससे हमारा क्या काम बनेगा?

११९६. एक पक्ष का (प्रेम) निरानंद होता है; तुला के समान दोनों ओर से समान होने पर ही आनन्दप्रद होता है।

११९७. मदन (उभय प्रेमियों में से) एक के पास ही स्थिर रहने के कारण, क्या मेरे दुःख और दर्द को नहीं देखता?

११९८. प्रियतम के मधुर शब्दों को प्राप्त न करके भी संसार में जीवित रहनेवाली (मुझ जैसी) स्त्री से अधिक कठोर हृदय कोई नहीं।

११९९. लौटकर प्रियतम के प्रेम न करने पर भी उनकी प्रशंसा को सुनना मेरे कानों को मधुर प्रतीत होता है।

१२००. जियो मेरे हृदय! अपने अपार दुःख को उस प्रेमहीन से व्यक्त करते हो! अच्छा हो, यदि समुद्र को सुखाने का प्रयत्न करो (जो उससे सुलभ है)!

121. நினைந்தவர் புலம்பல்

1201 உள்ளினும் தீராப் பெருமகிழ் செய்தலால்
கள்ளினும் காமம் இனிது.

1202. எனைத்துஒன்று இனிதேகாண் காமம்தாம் வீழ்வார்
நினைப்ப வருவதுஒன்று இல்.

1203. நினைப்பவர் போன்று நினையார்கொல் தும்மல்
சினைப்பது போன்று கெடும்.

1204. யாமும் உளேம்கொல அவாநெஞ்சத்து எம்நெஞ்சத்து
ஓஒ உளரே அவர்.

1205. தம்நெஞ்சத்து எம்மைக் கடிகொண்டார் நாணார்கொல்
எமநெஞ்சத்து ஓவா வரல்.

1206. மற்றுயான் என்னுளேன் மன்னோ அவரொடுயான்
உற்றநாள் உள்ள உளேன்.

1207. மறப்பின் எவனாவன் மற்கொல் மறப்புஅறியேன்
உளளினும் உள்ளம சுடும்.

1208. எனைத்து நினைப்பினும் காயார் அனைத்துஅன்றோ
காதலர் செய்யும் சிறப்பு.

1209. விளியும்என் இன்உயிர் வேறல்லம் என்பார்
அளியின்மை ஆற்ற நினைந்து.

1210. விடாஅது சென்றாரை கண்ணினால் காணப்
படாஅதி வாழி மதி.

१२१. एकाकी में स्मरण

१२०१. स्मरण भी अनन्त आनन्दप्रद होने के कारण प्रेम मद्य से भी अधिक मधुर होता है।

१२०२. प्रियतम के स्मरण मात्र से ही (वियोग-जनित) सम्पूर्ण दुःख अगोचर हो जाते हैं। अतः प्रेम किसी भी मात्रा में मधुर ही होता है।

१२०३. छींक आती-आती रह गयी। क्या, प्रियतम मेरा स्मरण करनेवाले जैसे बन कर अब स्मरण ही नहीं करते?

१२०४. मेरे हृदय में वे अवश्य उपस्थित हैं। क्या मेरे लिए भी उनके हृदय में स्थान है?

१२०५. अपने हृदय से मुझे अलग रखनेवाले (प्रियतम) सतत मेरे हृदय में प्रवेश करते क्या लज्जित नहीं होते?

१२०६. उनके साथ मेरे संयोग के उन दिनों के स्मरण से ही मैं जीवित हूँ, अन्यथा कैसे जीवित रहती?

१२०७. विस्मरण? यह मुझे अज्ञात है। उनका स्मरण ही हृदय को उत्तप्त कर देता है तो उनके पूर्ण विस्मरण से मेरी क्या दशा होगी!

१२०८. प्रियतम का कितना ही स्मरण क्यों न करूँ, वे रुष्ट न होंगे। यह है उनका श्रेष्ठ उपकार।

१२०९. 'हम दो नहीं हैं' ऐसा कहनेवाले मेरे उस प्रियतम में प्रेम के अभाव का स्मरण करके स्नेह-युक्त मेरे प्राण सूखे जा रहे हैं।

१२१०. हे चन्द्र! अभिन्न रहकर अन्त में बिछुड़े हुए प्रियतम को मै जब तक आँखों से न देख लूँ तब तक यहीं बने रहो।

122. கனவுநிலை உரைத்தல்

1211. காதலர் தூதொடு வந்த கனவினுக்கு
யாதுசெய் வேன்கொல் விருந்து.

1212. கயலுண்கண் யான்இரப்பத் துஞ்சின் கலந்தார்க்கு
உயலுண்மை சாற்றுவேன் மன்.

1213. நனவினான் நல்கா தவரைக் கனவினான்
காண்டலின் உண்டென் உயிர்.

1214 கனவினான் உண்டாகும் காமம் நனவினான்
நல்காரை நாடித் தரற்கு.

1215. நனவினான் கண்டதூஉம் ஆங்கே கனவும்தான்
கண்ட பொழுதே இனிது.

1216. நனவுஎன ஒன்றுஇல்லை ஆயின் கனவினான்
காதலர் நீங்கலர் மன்.

1217. நனவினான் நல்காக் கொடியார் கனவினான்
என்எம்மைப் பீழிப் பது.

1218. துஞ்சுங்கால் தோள்மேல ராகி விழிக்குங்கால்
நெஞ்சத்தர் ஆவர் விரைந்து.

1219. நனவினான் நல்காரை நோவா கனவினான்
காதலாக் காணா தவர்.

1220. நனவினான் நம்நீத்தார் என்பர் கனவினான்
காணார்கொல் இவ்வூ ரவர்.

१२२. स्वप्नावस्था का वर्णन

१२११. प्रियतम का सन्देश लानेवाले उस स्वप्न का आतिथ्य मैं किस प्रकार करूँ ?

१२१२. मेरी इच्छा के अनुसार नेत्र निद्रामग्न हो जायँ तो स्वप्न में आ मिलनेवाले (प्रियतम) से अपने बचे रहने के मर्म को व्यक्त करूँ।

१२१३. जाग्रतावस्था में अप्राप्त प्रियतम को कम से कम स्वप्नावस्था में देख पाने के कारण ही मेरे प्राण टिके हुए हैं।

१२१४. स्वप्न के प्रेम-व्यवहार जाग्रतावस्था में प्रेम न करनेवाले प्रियतम को खोज लाने के लिए ही हैं।

१२१५. जाग्रतावस्था का आनन्द संयोग के समय ही रहा। स्वप्न भी देखने भर तक मधुर होता है।

१२१६. 'जाग्रत' नामक अवस्था न रहे तो स्वप्न में प्रियतम मुझसे कभी पृथक न हों।

१२१७. जाग्रतावस्था में प्रेम न करनेवाले निष्ठुर प्रियतम स्वप्न में आकर क्यों मुझे तंग करते हैं ?

१२१८. निद्रा के समय स्वप्न में स्कन्धों पर स्थित रहकर जागते ही शीघ्र हृदय में प्रविष्ट हो जाते हैं।

१२१९. स्वप्न में प्रियतम के दर्शन न करनेवाली ही जाग्रत में प्रेम न करनेवाले प्रियतम को भला-बुरा कहेंगी।

१२२०. 'जाग्रत में (प्रियतम) मुझे छोड़ गये' ऐसा कहनेवाली, क्या स्वप्न में उनके दर्शन नहीं करतीं ?

123. பொழுதுகண்டு இரங்கல்

1221. மாலையோ அல்லை மணந்தார் உயிர்உண்ணும்
வேலைநீ வாழி பொழுது.

1222. புன்கண்ணை வாழி மருள்மாலை எம்கேள்போல்
வன்கண்ண தோநின் துணை.

1223. பனிஅரும்பிப் பைதல்கொள் மாலை துனிஅரும்பித்
துன்பம் வளர வரும்.

1224. காதலர் இல்வழி மாலை கொலைக்களத்து
ஏதிலர் போல வரும்.

1225. காலைக்குச் செய்தநன்று என்கொல் எவன்கொல்யான்
மாலைக்குச் செய்த பகை.

1226. மாலைநோய் செய்தல் மணந்தார் அகலாத
காலை அறிந்தது இலேன்.

1227. காலை அரும்பிப் பகல்எல்லாம் போதாகி
மாலை மலரும்இந் நோய்.

1228. அழல்போலும் மாலைக்குத் தூதாகி ஆயன்
குழல்போலும் கொல்லும் படை.

1229 பதிமருண்டு பைதல் உழக்கும் மதிமருண்டு
மாலை படர்தரும் போழ்து.

1230. பொருள்மாலை யாளரை உள்ளி மருள்மாலை
மாயும்என் மாயா உயிர்.

१२३. सान्ध्य-वेदना

१२२१. सन्ध्या ? नहीं प्रेमियों की प्राण-भक्षिणी अन्तिम अवधि है। सन्ध्ये! तू धन्य है।

१२२२ हे मन्द-प्रभा सन्ध्ये! धन्य है! क्या तू भी मेरे समान दुखी है? तेरा सहयोगी भी क्या मेरे प्रियपम के समान निर्दय है?

१२२३. ओस-कण युक्त मन्द-प्रभा सन्ध्या अब मुझे अधिकाधिक पीड़ा देती हुई बढ़ती ही चली आ रही है?

१२२४. प्रियतम की अनुपस्थिति में सन्ध्या ऐसी आती है जैसे शूली चढ़ाने के स्थल पर जल्लाद।

१२२५. प्रातःकाल का मैंने उपकार ही क्या किया था, और दुःखदायिनी इस सन्ध्या का क्या अपकार?

१२२६. प्रियतम के साथ संयोग में रहते समय मै सन्ध्या के इस दुःखप्रद व्यवहार से अज्ञात थी।

१२२७. (प्रेम की) यह बीमारी प्रातःकाल कली-सी रहकर सम्पूर्ण दिवस क्रमशः बढ़कर सन्ध्या में पूर्णतः विकसित हो उठती है।

१२२८. अग्नि सदृश दुःखदायिनी सन्ध्या की दूती बनकर ग्वाले की मुरली मेरे लिए संहारक शस्त्र के समान है।

१२२९. बुद्धि को विकार-ग्रस्त करती हुई ढलनेवाली सन्ध्या के साथ-साथ यह नगर भी विकार-ग्रस्त हो दुखी होगा।

१२३०. धनोपार्जन के हेतु गये हुए प्रियतम का स्मरण कर (विरह में भी) बचे हुए मेरे प्राण इस विकार-ग्रस्ता सन्ध्या में कूँच कर रहे हैं।

124. உறுப்புநலன் அழிதல்

1231. சிறுமை நமகொழியச் சேண்சென்றார் உள்ளி
நறுமலர் நாணின கண்.

1232. நயந்தவர் நல்காமை சொல்லுவ போலும்
பசந்து பனிவாரும் கண.

1233. தணந்தமை சால அறிவிப்ப போலும்
மணந்தநாள் விங்கிய தோள்.

1234. பணைநீங்கிப் பைந்தொடி சோரும் துணைநீங்கித்
தொல்கவின் வாடிய தோள்.

1235. கொடியார் கொடுமை உரைக்கும் தொடியொடு
தொல்கவின் வாடிய தோள்.

1236. தொடியொடு தோள்நெகிழ நோவல் அவரைக்
கொடியர் எனக்கூறல் நொந்து.

1237. பாடு பெறுதியோ நெஞ்சே கொடியார்க்கென்
வாடுதோள் பூசல் உரைத்து.

1238. முயங்கிய கைகளை ஊக்கப் பசந்தது
பைந்தொடிப் பேதை நுதல்.

1239. முயக்கிடைத் தண்வளி போழப் பசப்புற்ற
பேதை பெருமழைக் கண்.

1240. கண்ணின் பசப்போ பருவரல் எய்தின்றே
ஒண்ணுதல் செய்தது கண்டு

१२४. अंग-सौन्दर्य की क्षति

१२३१. मुझे विरह-वेदना देकर विदेश गये हुए प्रियतम के स्मरण से (मेरे क्षीण हो जाने के कारण) नेत्र सुन्दर सुमनों के सम्मुख लज्जित हुए।

१२३२. पीली रोती हुई आँखें प्रियतम का प्रेम प्राप्त न होने की मानो घोषणा कर रहे हैं।

१२३३. संयोग के दिन फूले हुए स्कन्ध आज (ढीले पड़कर) वियोग को मानो स्पष्टतः व्यक्त कर रहे हैं।

१२३४. प्रियतम के वियोग के कारण स्कन्ध के सौन्दर्य-च्युत हो सिकुड़कर क्षीण पड़ने से चूड़ियाँ भी फिसलती जा रही हैं।

१२३५. भूतकालीन सहज सौन्दर्य से च्युत, चूड़ियों को फिसलानेवाले सिकुड़े हुए स्कन्ध निष्ठुर प्रियतम की निर्ममता को व्यक्त कर रहे हैं।

१२३६. फिसलती चूड़ियों तथा सिकुड़े स्कन्धों को देख प्रियतम को 'निष्ठुर' कहते सुनकर मैं दुखित हूँ।

१२३७. हे हृदय! उस निष्ठुर प्रियतम से मेरे सिकुड़े हुए स्कन्धों की विवशता को व्यक्त करके क्या गौरवान्वित होना चाहते हो?

१२३८. आलिंगित करों को तनिक ढीला किया कि सुन्दर चूड़ियों से भूषित उस बेचारी का माथा पीला पड़ गया।

१२३९. गाढ़ालिंगन के मध्य तनिक शीतल वायु के प्रवेश के कारण बेचारी के विशाल शीतल नेत्र तुरन्त पीले पड़ गये।

१२४०. प्रेमिका का प्रकाशपूर्ण माथा पीला पड़ते देख उस (प्रियतम) के नेत्र भी पीले हो पीड़ित हुए।

125. நெஞ்சொடு கிளத்தல்

1241. நினைத்துஒன்று சொல்லாயோ நெஞ்சே எனைத்தொன்றும்
எவ்வநோய் தீர்க்கும் மருந்து.

1242. காதல் அவர்இல ராகநீ நோவது
பேதைமை வாழிஎன் நெஞ்சு.

1243. இருந்துஉள்ளி என்பரிதல் நெஞ்சே பரிந்துஉள்ளல்
பைதல்நோய் செய்தார்கண் இல்.

1244. கண்ணும் கொளச்சேறி நெஞ்சே இவைஎன்னைத்
தின்னும் அவர்க்காணல் உற்று.

1245 செற்றார் எனக்கை விடல்உண்டோ நெஞ்சேயாம்
உற்றால் உறாஅ தவர்.

1246. கலந்துஉணர்த்தும் காதலர்க் கண்டால் புலந்துஉணராய்
பொய்க்காய்வு காய்திஎன் நெஞ்சு

1247. காமம் விடுஒன்றோ நாண்விடு நல்நெஞ்சே
யானோ பொறேன்இவ் இரண்டு.

1248. பரிந்தவர் நல்காரென்று ஏங்கிப் பிரிந்தவர்
பின்செல்வாய் பேதைஎன் நெஞ்சு.

1249. உள்ளத்தார் காத லவர்ஆக உள்ளிநீ
யாருழைச் சேறிஎன் நெஞ்சு.

1250. துன்னாத் துறந்தாரை நெஞ்சத்து உடையேமா
இன்னும் இழத்தும் கவின்.

१२५. स्वगत-संलाप

१२४१. हे हृदय! ध्यान से विचार कर इस प्रेम की बीमारी को मिटाने का कोई औषध नहीं बताओगे?

१२४२. हे हृदय! तू धन्य है! उनमें प्रेम न होते हुए भी तेरा दुखित होना केवल अज्ञान है।

१२४३. हे हृदय! मुझ में उपस्थित रहकर उनका स्मरण करके व्यथित क्यों होते हो? इस व्यथा के उत्पादक के मन में तेरे लिए सस्नेह स्मरण तक नहीं है।

१२४४. हे हृदय! नेत्रों को भी साथ ले चलो। उनके दर्शनार्थ ये मेरी जान खा रहे हैं।

१२४५. हे हृदय! हमारे प्रेम करने पर भी वे निर्मम (प्रियतम) चले गये हों तो क्या हम भी उन्हें छोड़ सकती है?

१२४६. हे हृदय! तू वस्तुतः मिथ्या क्रोध से सूख रहा है; (क्योंकि) संयोग होते ही सन्तृप्त करनेवाले प्रियतम के दर्शन मात्र से तू सारा विरोध भूल बैठता है।

१२४७. हे मेरे अच्छे हृदय! या तो प्रेम को त्याग, नहीं तो लज्जा को। मैं इन दोनों को (एक साथ) नहीं सह सकती।

१२४८. हे मेरे भोले हृदय! बिछुड़े हुए प्रियतम प्राप्त न होने के कारण सिसक-सिसक कर उन्हीं के पीछे चलते हो?

१२४९. हे मेरे हृदय! मुझ में ही उपस्थित हैं मेरे प्रियतम; उनका स्मरण करके किनके पास उन्हें खोजने जा रहे हो?

१२५०. साथ न रहकर पूर्णतः त्याग करनेवाले को हृदय में बनाये रखने पर भी हम सौन्दर्य खो बैठती हैं।

126. நிறையழிதல்

1251. காமக் கணிச்சி உடைக்கும் நிறைஎன்னும்
நாணுத்தாழ் வீழ்த்த கதவு.

1252. காமம்என ஒன்றோ கண்ணின்றுஎன் நெஞ்சத்தை
யாமத்தும் ஆளும் தொழில்.

1253 மறைப்பேன்மன் காமத்தை யானோ குறிப்புஇன்றித்
தும்மல்போல் தோன்றி விடும்.

1254 நிறையுடையேன் என்பேன்மன் யானோஎன் காமம்
மறைஇறந்து மன்று படும்.

1255. செற்றார்பின் செல்லாப் பெருந்தகைமை காமநோய்
உற்றார் அறிவதுஒன்று அன்று.

1256. செற்றவர் பின்சேறல் வேண்டி அளித்தரோ
எற்றுஎன்னை உற்ற துயர்.

1257. நாண்என ஒன்றோ அறியலம் காமத்தால்
பேணியார் பெட்ப செயின்.

1258. பல்மாயக் கள்வன் பணிமொழி அன்றோநம்
பெண்மை உடைக்கும் படை.

1259. புலப்பல் எனச்சென்றேன் புல்லினேன் நெஞ்சம்
கலத்தல் உறுவது கண்டு.

1260 நிணம்தீயில் இட்டன்ன நெஞ்சினார்க்கு உண்டோ
புணர்ந்துஊடி நிற்பேம் எனல்.

१२६. मान-भंग

१२५१. मान नामक लज्जा की चटखनी से युक्त किवाड़ों को प्रेम की कुल्हाड़ी फोड़ देती है।

१२५२. प्रेम निर्दय होता है। वह मध्य निशा में भी मेरे हृदय पर अधिकार जताता है!

१२५३. मैं प्रेम को अपने में ही छिपाने का प्रयत्न तो करती हूँ, परन्तु वह छींक के समान बिना किसी सूचना के व्यक्त हो ही जाता है।

१२५४. मैं तो अपने को सम्मान युक्त समझे बैठी थी, परन्तु मेरा प्रेम सीमा को लाँघ कर प्रकाश्य रूप से व्यक्त हो ही जाता है।

१२५५. छोड़ कर गये हुए प्रियतम के पीछे न जाने के गौरवपूर्ण व्यवहार को प्रेम-रोग से पीड़ित व्यक्ति नहीं जानते।

१२५६. मुझे व्याप्त की हुई इस पीड़ा का स्वभाव ही कैसा है कि छोड़ कर गये हुए (उस निष्ठुर प्रियतम) के ही पीछे भागता है!

१२५७. प्रियतम सप्रेम मेरे इच्छित कर्म करें तो लज्जा नामक उस एक गुण को ही भूल जाऊँ।

१२५८. अनेक मायाओं से युक्त उस (प्रियतम) चोर के दीन वचन हमारे स्त्रीत्व को भंग करनेवाली सेना ही तो है?

१२५९. मैं तो कलह करने के विचार से गयी, परन्तु हृदय उनसे मिल जाने के कारण आलिंगन कर बैठी।

१२६०. अग्नि में पिघलनेवाले मोम सदृश हृदयवाली स्त्री में संयोग होने पर भी कहीं कलह करने का स्वभाव ठहर सकता है?

127. அவர்வயின் விதும்பல்

1261. வாள்அற்றுப் புற்கென்ற கண்ணும் அவர்சென்ற
நாள்ஒற்றித் தேய்ந்த விரல்.

1262. இலங்கிழாய் இன்று மறப்பின்என் தோள்மேல்
கலங்கழியும் காரிகை நீத்து.

1263. உரன்நசைஇ உள்ளம் துணையாகச் சென்றார்
வரல்நசைஇ இன்னும் உளேன்.

1264. கூடிய காமம் பிரிந்தார் வரவுஉள்ளிக்
கோடுகொடு ஏறும்என் நெஞ்சு.

1265. காண்கமன் கொண்கனைக் கண்ணாரக் கண்டபின்
நீங்கும்என் மென்தோள் பசப்பு.

1266. வருகமன் கொண்கன் ஒருநாள் பருகுவன்
பைதல்நோய் எல்லாம் கெட.

1267. புலப்பேன்கொல் புல்லுவேன் கொல்லோ கலப்பேன்கொல்
கண்அன்ன கேளிர் வரின்.

1268. வினைகலந்து வென்றீக வேந்தன் மனைகலந்து
மாலை அயர்கம் விருந்து.

1269. ஒருநாள் எழுநாள்போற் செல்லும்சேண் சென்றார்
வருநாளை வைத்துஏங்கு பவர்க்கு.

1270. பெறின்என்னாம் பெற்றக்கால் என்னாம் உறின்என்னாம்
உள்ளம் உடைந்துஉக்கக் கால்.

१२७. संयोग की उत्कट अभिलाषा

१२६१. प्रियतम की बाट जोहते-जोहते नेत्रों की शक्ति जाती रही और उनके जाने से दिनों को अंकित करते-करते उँगलियाँ घिस गयीं।

१२६२. विरह-वेदना से व्यथित मैं आज उन्हें भूल जाऊँ तो शरीर सौन्दर्यहीन हो, स्कन्धों पर पहने हुए आभूषण भी गिर जायेंगे।

१२६३. विजय-वांछा एवं उत्साह की सहायता से गये हुए प्रियतम के आगमन के दर्शनार्थ ही अब भी जीवित हूँ।

१२६४. संयोग-सुख को त्याग कर गये हुए प्रियतम के प्रत्यागमन के स्मरण मात्र से मेरा हृदय वृक्ष की शाखा पर चढ़कर देखने लगता है। (अर्थात् फूलने लगता है।)

१२६५. आँखें भरकर प्रियतम को देखूँ। देखने पर मेरे कोमल स्कन्धों का पीलापन स्वतः दूर हो जायगा।

१२६६. मेरे प्रियतम एक दिन लौटकर आ जायँ तो मैं उन्हें (आँखें भरकर) ऐसा देखूँ कि सम्पूर्ण प्रेम-रोग उड़ जाय।

१२६७. नयन जैसे मेरे प्रियतम आ जायँ तो मैं कलह करूँगी या आलिंगन या दोनों?

१२६८. सम्राट् इस युद्ध में कर्म-रत हो विजयी होवें और मैं घर जाकर सायंकाल के समय (प्रेमिका का) आतिथ्य स्वीकार करूँ।

१२६९. प्रोषित-पतिका के लिए एक दिन सात दिनों के समान होता है।

१२७०. (विरहाधिक्य के फलस्वरूप) हृदय के विदीर्ण होने के

128. குறிப்பறிவுறுத்தல்

1271. கரப்பினும் கைஇகந்து ஒல்லாநின் உண்கண்
உரைககல் உறுவதுஒன்று உண்டு.

1272. கண்நிறைந்த காரிகைக் காம்புஏர்தோள் பேதைக்குப்
பெண்நிறைந்த நீர்மை பெரிது.

1273. மணியுள் திகழ்தரு நூல்போல் மடந்தை
அணியுள் திகழவதுஒன்று உண்டு.

1274. முகைமொக்குள் உள்ளது நாற்றம்போல் பேதை
நகைமொககுள் உள்ளதுஒன்று உண்டு.

1275. செறிதொடி செய்துஇறந்த கள்ளம் உறுதுயா
தீாகும் மருந்துஒன்று உடைத்து.

1276. பெரிதுஆற்றிப் பெட்பக் கலத்தல் அரிதுஆற்றி
அன்பின்மை சூழ்வது உடைதது.

1277. தண்ணந் துறைவன் தணந்தமை நம்மினும்
முன்னம் உணர்நத வளை,

1278. நெருநற்றுச் சென்றார்எம காதலர் யாமும்
எழுநாளேம் மேனி பசந்து.

1279. தொடிநோக்கி மென்தோளும் நோக்கி அடிநோக்கி
அஃதுஆண்டு அவள்செய் தது.

1280. பெண்ணினால் பெண்மை உடைத்துஎன்ப கண்ணினால்
காமநோய் சொல்லி இரவு.

१२८. संकेताभिव्यक्ति

१२७१. छिपाने पर भी निर्बन्ध हो सीमोल्लंघन करके तुम्हारे अपने नेत्र अभिव्यक्त करनेवाला विषय एक है।

१२७२. विशाल नेत्र एवं बाँस जैसी स्कन्धोंवाली इस बेचारी में स्त्रियोचित सरल स्वभाव अत्यधिक है।

१२७३. मणि-माला में उपस्थित सूत्र के समान प्रियतमा के सौन्दर्य में सन्निहित एक संकेत उपस्थित है।

१२७४. सुमन-मुकुल में उपस्थित सुगन्धि के समान इस सरला के स्मित हास्य में एक संकेत-विशेष उपस्थित है।

१२७५. घनी चूड़ियों से युक्त मेरी प्रेयसी के कुछ करके छिप जाने में उपस्थित संकेत मेरी हृदय-वेदना को मिटाने की औषधि से युक्त है।

१२७६. अत्यधिक प्रेम सहित उनका मिलन उनके निष्प्रेम व्यवहार का स्मरण कराता है।

१२७७. शीतल स्वभाव से युक्त प्रियतम के वियोग को हम से पूर्व हमारी चूड़ियाँ ताड़ गयीं।

१२७८. कल ही छोड़ कर गये हमारे प्रियतम, पर मैं अपने शरीर पर सात दिनों का पीलापन व्याप्त पाती हूँ।

१२७९. प्रेयसी ने चूड़ियों को देख कर कोमल स्कन्धों को देखा, और फिर चरणों को—ये थे उस समय के उसके संकेत।

१२८०. नेत्रों से प्रेम-रोग को अभिव्यक्त करके (पृथक न होने की) याचना करने में स्त्री का स्त्रीत्व-विशेष माना जाता है।

129. புணர்ச்சி விதும்பல்

1281. உள்ளக் களித்தலும் காண மகிழ்தலும்
கள்ளுக்கில் காமத்திற்கு உண்டு.

1282. தினைத்துணையும் ஊடாமை வேண்டும் பனைத்துணையும்
காமம் நிறைய வரின்.

1283. பேணாது பெட்பவே செய்யினும் கொண்கனைக்
காணாது அமையல கண்.

1284. ஊடற்கண் சென்றேன்மன் தோழி அதுமறந்து
கூடற்கண் சென்றதுஎன் நெஞ்சு.

1285. எழுதுங்கால் கோல்காணாக் கண்ணேபோல கொண்கன்
பழிகாணேன் கண்ட இடத்து.

1286. காணுங்கால் காணேன் தவறாய காணாக்கால்
காணேன் தவறல் லவை.

1287. உய்த்தல் அறிந்து புனல்பாய் பவரேபோல்
பொய்த்தல் அறிந்துஎன் புலந்து.

1288. இளித்தக்க இன்னா செயினும் களித்தார்க்குக்
கள்அற்றே கள்வநின் மார்பு.

1289. மலரினும் மெல்லிது காமம் சிலர்அதன்
செவ்வி தலைப்படு வார்.

1290. கண்ணின் துனித்தே கலங்கினாள் புல்லுதல்
என்னினும் தான்விதுப்பு உற்று.

१२९. सम्भोगाभिलाषा

१२८१. स्मरण मात्र से सुख तथा दर्शन मात्र से आनन्द प्राप्त होता है प्रेम में, न कि मदिरा में।

१२८२. ताड़ के समान प्रेम उभरकर आता हो तो तिनका भर भी कलह न करना चाहिए।

१२८३. मेरा विचार न करके अपनी मनमानी करने पर भी प्रियतम को देखे बिना मेरे ये नेत्र अशाँत रहते हैं।

१२८४. हे सखी! मैं कलह करने के विचार से गयी, परन्तु उसे भूलकर मेरा हृदय उनसे मिलन करने पहुँच गया।

१२८५. लिखते समय नेत्र लेखनी को जैसे नहीं देखते वैसे ही प्रियतम को देखते ही उनके दोष मैं नहीं देखती।

१२८६. उनको देखते समय उनके दोष नहीं दिखते, और उनको न देखते समय उनके निर्दोष-व्यवहार नहीं दिखते।

१२८७. बाढ़ के भयंकर प्रवाह को समझकर भी उसमें कूदनेवाले के समान, समझकर भी झूठमूठ उनसे कलह करने में प्रयोजन ही क्या है?

१२८८. हे वंचक! अपयशप्रद विपत्तियों को उत्पन्न करने पर भी पियक्कड़ों के लिए मदिरा के समान है तुम्हारी छतियाँ।

१२८९. पुष्प से भी मृदुल होता है प्रेम। विरले ही उसकी वास्तविकता को समझकर उससे लाभान्वित होते हैं।

१२९०. नेत्रों में तो थी कलह भावना, परन्तु (मेरे वहाँ पहुँचते ही) अस्थिर हो मुझ [illegible] धिक वही गाढ़ालिंगन करने लगी।

130. நெஞ்சொடு புலத்தல்

1291. அவர்நெஞ்சு அவர்க்குஆதல் கண்டும் எவன்நெஞ்சே
நீஎமக்கு ஆகா தது.

1292. உறாஅ தவர்க்கண்ட கண்ணும் அவரைச்
செறாஅரெனச் சேறிஎன் நெஞ்சு.

1293. கெட்டார்க்கு நட்டாரில் என்பதோ நெஞ்சேநீ
பெட்டாங்கு அவர்பின் செலல்.

1294. இனிஅன்ன நின்னொடு சூழ்வார்யார் நெஞ்சே
துனிசெய்து துவ்வாய்காண் மற்று.

1295. பெறாஅமை அஞ்சும் பெறின்பிரிவு அஞ்சும்
அறாஅ இடும்பைத்துஎன் நெஞ்சு.

1296. தனியே இருந்து நினைத்தக்கால் என்னைத
தினிய இருந்ததுஎன் நெஞ்சு.

1297. நாணும் மறந்தேன் அவர்மறக் கல்லாஎன்
மாணா மடநெஞ்சில் பட்டு.

1298. எள்ளின் இளிவாம்என்று எண்ணி அவர்திறம்
உள்ளும் உயிர்க்காதல் நெஞ்சு.

1299. துன்பத்திற்கு யாரே துணையாவார் தாம்உடைய
நெஞ்சம் துணைஅல் வழி.

1300. தஞ்சம் தமர்அல்லர் ஏதிலார் தாம்உடைய
நெஞ்சம் தமர்அல் வழி.

१३०. हृदय पर क्रोध

१२९१. हे हृदय! प्रियतम के हृदय को उनका साथ देता हुआ देखकर भी तू मेरा साथ क्यों नहीं देता?

१२९२. हे हृदय! तुझ से प्रेम न करनेवाले प्रियतम को देखते ही, यह समझकर भी कि वे विना मिले न रहेंगे, तू उनसे मिल ही जाता है।

१२९३. हे हृदय! क्या तू इच्छानुसार यह समझकर उनके पीछे चल पड़ता है कि भाग्यहीन का कोई सुहृद नहीं होता?

१२९४. हे हृदय! तू प्रणय-कलह के प्रतिफल को समझ नहीं पाता। फिर तेरे साथ ऐसा कौन करेगा?

१२९५. प्रियतम के दूर रहने पर अप्राप्ति का भय और साथ रहने पर वियोग का भय ही मुझे लगा रहता है। इस प्रकार मेरा हृदय सदा दुविधा में पड़ा रहता है।

१२९६ एकांत में मैं उनका स्मरण करूँ तो मेरा हृदय मुझे खा ही डालना चाहता है।

१२९७. उन्हें न भूलनेवाले गौरवच्युत एवं पागल हृदय के साथ मिलकर मैं अपनी (स्त्रियोचित) लज्जा भी खो बैठी।

१२९८. उनकी निन्दा में अपना ही अपयश मानकर मेरा प्राण-प्रिय हृयद उनके श्रेष्ठ गुणों का ही स्मरण करता है।

१२९९. विपत्ति के समय अपना ही हृदय अगर साथ न देता हो तो और कौन साथ देगा?

१३००. अपना ही हृदय साथ नहीं देता तो दूसरों का हमारा साथ न देना स्वाभाविक ही है।

131. புலவி

1301. புல்லாது இராஅப் புலத்தை அவர்உறும்
அல்லல்நோய் காண்கம் சிறிது.

1302. உப்புஅமைந் தற்றால் புலவி அதுசிறிது
மிக்கற்றால் நீள விடல்.

1303. அலந்தாரை அல்லல்நோய் செய்தற்றால் தம்மைப்
புலந்தாரைப் புல்லா விடல்.

1304. ஊடி யவரை உணராமை வாடிய
வள்ளி முதல்அரிந் தற்று.

1305. நலத்தகை நல்லவர்க்கு ஏஎர் புலத்தகை
பூவன்ன கண்ணார் அகத்து.

1306. துனியும் புலவியும் இல்லாயின் காமம்
கனியும் கருக்காயும் அற்று.

1307. ஊடலின் உண்டுஆங்குஓர் துன்பம் புணர்வது
நீடுவது அன்றுகொல் என்று.

1308. நோதல் எவன்மற்று நொந்தார்என்று அஃதுஅறியும்
காதலர் இல்லா வழி.

1309. நீரும் நிழலது இனிதே புலவியும்
வீழுநர் கண்ணே இனிது.

1310. ஊடல் உணங்க விடுவாரோடு என்நெஞ்சம்
கூடுவேம் என்பது அவா.

१३१. प्रणय-कलह

१३०१. प्रणय-कलह की पीड़ा (के लक्षण) उनमें ज़रा देखने के लिए आलिंगन किये बिना रहो।

१३०२. भोजन में नमक की मात्रा के समान होता है प्रणय-कलह; वह अधिक होने लगे तो बढ़ने न दो।

१३०३. अपनी उस कुपिता का तुम आलिंगन न करोगे तो दुखिया को और अधिक दुःख पहुँचाने के समान ही होगा।

१३०४. जो प्रणय-कलह किये बैठी है उसके भाव को न समझना मुरझायी हुई लता का मूलोच्छेद करने के समान है।

१३०५. सद्गुणी-सज्जन की शोभा सुमन-नयनी के मन में उत्पन्न होनेवाले प्रणय-कलह में ही है।

१३०६. छोटे-बड़े प्रणय-कलह न हों तो प्रेम अधिक पके व अधकच्चे फल के समान रह जायगा।

१३०७. प्रणय-कलह में एक दुखद आशंका यह रहती है कि मिलन-सुख कहीं अस्थाई न रह जाय।

१३०८. वेदना को समझनेवाले प्रियतम की अनुपस्थिति में मेरे दुखित होने से क्या लाभ ?

१३०९. जल भी छाया का ही मधुर होता है। प्रणय-कलह भी प्रियतम के साथ ही मधुर होता है।

१३१०. मेरे प्रणय-कलह को मुरझा जाने के लिए छोड़ बैठनेवाले के साथ मेरा हृदय मिलन का प्रयत्न करता है तो यह उसकी तीव्र इच्छा ही है।

132. புலவி நுணுக்கம்

1311. பெண்இயலார் எல்லாரும் கண்ணின் பொதுஉண்பர்
நணணேன் பரததநின் மார்பு.

1312. ஊடி இருந்தேமாத் தும்மினூ யாம்தம்மை
நிடுவாழ்க என்பாககு அறிநது.

1313. கோட்டுப்பூச சூடினும் காயும் ஒருத்தியைக்
காட்டிய சூடினிர் என்று

1314. யாரினும் காதலம் என்றேனு ஊடினுள்
யாரினும் யாரினும் என்று.

1315. இம்மைப பிறப்பில் பிரியலம் என்றேனுக
கண்நிறை நீர்கொண் டனள்.

1316. உள்ளினேன் என்றேன்மற்று என்மறந்தீர் என்றுஎன்னைப்
புல்லாள் புலத்தக் கனள்.

1317. வழுததினுள் தும்மினே னுக அழிதது அழுதாள்
யார்உள்ளித் தும்மினீா என்று.

1318. தும்முச் செறுப்ப அழுதாள் நுமர்உள்ளல்
எம்மை மறைததிரோ என்று.

1319. தன்னை உணர்த்தினும் காயும் பிறர்க்குநீர்
இந்நீரர் ஆகுதிர் என்று.

1320. நினைத்திருந்து நோக்கினும் காயும் அனைத்துநீர்
யார்உள்ளி நோக்கினீர் என்று.

१३२. प्रणय-कलह की सूक्ष्मता

१३११. हे दुराचारी! सभी स्त्रियाँ तुम्हें सामान्य मानकर नेत्रों से तुम्हारा रस-पान कर रहीं हैं। मैं तुम्हारी छाती से न लगूँगी।

१३१२. प्रणय-कलह में थी कि वे छींक* बैठे, मानो इस विचार से कि मैं उनके दीर्घ-जीवन के लिए आशिष दूँगी।

१३१३. सुमन-माला पहनूँ भी तो रुष्ट हो कहती है कि किसी और को दिखाने के लिए आपने इन्हें पहना है।

१३१४. मैंने कहा—"मुझे और किसी से प्रेम नहीं है" तो वह रुष्ट होकर पूछने लगी "और किस से, और किस से?"

१३१५. मैंने कहा—"इस जन्म में कभी अलग न होंगे", तो उसके नेत्र सजल हो उठे (कि कदाचित् आगामी जन्म में कहीं अलग न हो जायें)।

१३१६. मैंने कहा, "तुम्हारा ही स्मरण किया"। वह रूठकर "तो मुझे आप पहले क्यों भूले रहे" कहकर आलिंगन किये बिना प्रणय-कलह करती हुई अलग बैठ गयी।

१३१७. ज़रा मुझे छींक आ गयी। "बधाई!" कहकर वह रोती हुई पूछने लगी कि किसके स्मरण करने के कारण यह छींक आयी?"

१३१८. आती हुई छींक को मैंने दबा लिया। वह रोती हुई कहने लगी—"अपनी किसी प्रिया के स्मरण को मुझ से छिपाते हैं?"

१३१९. (रूठी हुई प्रेमिका को) प्रेम से समझा कर प्रसन्न करने पर भी वह और रूठकर कहने लगी—"दूसरों को आप इसी प्रकार प्रसन्न करते होंगे!"

१३२०. उसके प्रेम-व्यवहारों के स्मरण के साथ सप्रेम उसे निहारूँ तो भी वह रुष्ट हो पूछती है कि और किससे (मेरे सर्वांगों की) तुलना करने के विचार से सब को ध्यान से देख रहे हैं?"

---

* छींक आने पर माना जाता है कि किसी ने छींकनेवाले व्यक्ति का स्मरण किया है।

133. ஊடலுவகை

1321. இல்லை தவறுஅவர்க்கு ஆயினும் ஊடுதல்
வல்லது அவர்அளிக்கு மாறு.

1322 ஊடலில் தோன்றும் சிறுதுனி நல்லளி
வாடினும் பாடு பெறும்.

1323. புலத்தலின் புத்தேள்நாடு உண்டோ நிலத்தொடு
நீர்இயைந் தன்னார் அகத்து.

1324. புல்லி விடாஅப் புலவியுள் தோன்றும்என்
உள்ளம் உடைக்கும் படை.

1325. தவறுஇலர் ஆயினும் தாம்வீழ்வார் மென்தோள்
அகறலின் ஆங்குஒன்று உடைத்து.

1326. உணலினும் உண்டது அறல்இனிது காமம்
புணர்தலின் ஊடல் இனிது.

1327. ஊடலில் தோற்றவர் வென்றார் அதுமன்னும்
கூடலில் காணப் படும்.

1328. ஊடிப் பெறுகுவம் கொல்லோ நுதல்வெயர்ப்பக்
கூடலில் தோன்றிய உப்பு.

1329. ஊடுக மன்னோ ஒளிஇழை யாம்இரப்ப
நீடுக மன்னோ இரா.

1330. ஊடுதல் காமத்திற்கு இன்பம் அதற்குஇன்பம்
கூடி முயங்கப் பெறின்.

१३३. प्रणय-कलह का आनन्द

१३२१. उनमें दोष न होने पर भी प्रणय-कलह उनका प्रेम अधिक मात्रा में दिला सकता है।

१३२२. प्रेम के किंचित मात्र मुरझाने पर भी प्रणय-कलह से उत्पन्न लघु पीड़ा प्रशंसनीय ही होती है।

१३२३. पृथ्वी और जल जैसा सामंजस्य प्राप्त पति-पत्नी के लिए प्रणय-कलह से बढ़कर स्वर्ग-लोक और कोई हो सकता है?

१३२४. निरन्तन प्रेमालिंगन के साधक उस प्रणय-कलह में मेरे हृदय को टूक-टूक करनेवाला शस्त्र उपस्थित प्रतीत होता है।

१३२५. निर्दोष होने पर भी आलिंगन करनेवाली प्रेमिका के कोमल स्कन्ध (प्रणय-कलह के फलस्वरूप) अलग रहने में कुछ (अनुपम रस) होता है।

१३२६. भोजन करने से अधिक उसका पचना आनन्ददायक होता है। प्रेम में भोग से अधिक प्रणय-कलह आदन्ददायक होता है।

१३२७. प्रणय-कलह में पराजित ही विजयी होते हैं। यह पुनर्मिलन में देखा जा सकता है।

१३२८. लिलाट पर स्वेद-कण उत्पन्न करनेवाले सम्भोग से जनित लवण (रस) क्या प्रणय-कलह के फलस्वरूप पुनः प्राप्त न होगा?

१३२९. प्रकाशपूर्ण भूषणों से युक्त मेरी प्रणयिनी प्रणय-कलह करती रहे। रात लम्बी होती रहे कि मैं प्रेम-याचना करता रहूँ।

१३३०. प्रेम का आनन्द प्रणय-कलह में है, और प्रणय-कलह का आनन्द पुनः मिलकर प्रेमालिंगन होने में है।

பாட்டு முதற் குறிப்பு

(எண-பாட்டு எண்)